बैशाख कृष्ण पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 30 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 163, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

पहली बार हुई दुर्लभ मैग्नेटार विस्फोट की खोज 16

इरफान... जिनकी आंखें भी करती थी अभिनय 15

लखनऊ में राजनाथ और अमेठी से स्मृति ईरानी ने दाखिल किया नामांकन

लखनऊ। भाजपा उम्मीदवार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ संसदीय सीट और केंद्रीय नगर विकास राज्य मंत्री कौशल किशोर ने मोहनलालगंज संसदीय सीट से पर्चा दाखिल किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी मौजूद रहे। वहीं, केन्द्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने अमेठी से नामांकन दाखिल किया। मप्र. के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी मौजूद रहे।

मंत्री के काफिले में शामिल एस्कॉर्ट ने तीन को कुचला

- गंभीर घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया

शाहाबाद(हरदोई)। ककरघटा के पास से गुजर रही शिक्षा मंत्री के काफिले की पुलिस स्कार्ट ने तीन बाइक सवारों को कुचल दिया। सभी घायलों को आनन-फानन में सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से गंभीर हालत में तीनों को मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामपुर हृदय निवासी रमेश(42) पुत्र रामकरन, सुमित(50) पुत्र मदनपाल डेढ़ साल के लड़के कृष्णा पुत्र सुमित को लेकर बाइक से ग्राम ककरघटा जा रहे थे। ककरघटा गांव के पास पहुंचते ही पीछे से आ रहे उच्च शिक्षा राज्य मंत्री मंत्री रजनी तिवारी के काफिले में शामिल उनकी एस्कॉर्ट ने बाइक में टक्कर मार दी।

पतंजलि के 10 उत्पादों का लाइसेंस निलंबित

- भ्रामक विज्ञापन मामले में उत्तराखंड सरकार ने लिया फैसला

देहरादून, एजेंसी

पतंजलि की दिव्य फार्मेसी के 10 उत्पादों के विनिर्माण लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। उत्तराखंड औषधि विभाग के लाइसेंस प्राधिकरण के एक आदेश में यह जानकारी दी गई।

यह आदेश इस महीने की शुरुआत में औषधि एवं जादुई उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम और औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के उल्लंघन में कंपनी के इन उत्पादों के भ्रामक विज्ञापनों की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए जारी किया गया है। आदेश के अनुसार, दिव्य फार्मेसी के जिन उत्पादों के विनिर्माण लाइसेंस को निलंबित कर दिया गया है उनमें श्वासारि गोल्ड, श्वासारि वटी, ब्रोंकोम, श्वासारि प्रवाही, श्वासारि अवलेहा, मुक्ता वटी एक्स्ट्रा पावर, लिपिडोम, बीपी ग्रिट, मधुग्रिट और मधुनाशिनी वटी एक्स्ट्रा पावर शामिल हैं।

पतंजलि फूड्स को जीएसटी बकाया के लिए नोटिस मिला

नई दिल्ली। पतंजलि फूड्स को जीएसटी आसूचना विभाग ने कारण बताओ नोटिस भेजकर यह बताने को कहा कि उससे 27 .46 करोड़ का इनपुट टैक्स क्रेडिट क्यों नहीं वसूला जाना चाहिए। 26 अप्रैल को नियामक में जमा विवरण के अनुसार, योग गुरु रामदेव के नेतृत्व वाली पतंजलि आयुर्वेद समूह की कंपनी को जीएसटी आसूचना महानिदेशालय, चंडीगढ़ जोनल यूनिट से नोटिस मिला है। यह कंपनी मुख्य रूप से खाद्य तेल व्यवसाय में है। कंपनी ने कहा कि एक नोटिस प्राप्त हुआ है जिसमें बताने के लिए कहा गया है कि इनपुट टैक्स क्रेडिट राशि (ब्याज सहित) क्यों नहीं वसूली जानी चाहिए और क्यों जुर्माना नहीं लगाया जाना चाहिए। विभाग ने एकीकृत माल एवं सेवा कर (आईजीएसटी) अधिनियम, 2017 की धारा 20 के साथ पठित केंद्रीय माल एवं सेवा अधिनियम, 2017 और उत्तराखंड राज्य माल एवं सेवा अधिनियम, 2017 की धारा 74 और अन्य लागू प्रावधानों का हवाला देते हुए नोटिस दिया है।



असम से कांग्रेस नेता गिरफ्तार, दिल्ली पुलिस ने तलब किए तेलंगाना सीएम

अमित शाह का फर्जी वीडियो मामला

भाजपा ने निर्वाचन आयोग में दर्ज कराई शिकायत

नई दिल्ली/हैदराबाद, एजेंसी

सोशल मीडिया पर वायरल हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के फर्जी वीडियो के सिलसिले में दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को एक मई के लिए तलब किया है। भाजपा शासित कुछ राज्यों ने भी मामले में कार्रवाई की है। असम में कांग्रेस से जुडे.एक नेता को गिरफ्तार किया गया है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि उसके शासन वाले राज्यों में भाजपा नेताओं के खिलाफ भी इसी तरह की कार्रवाई होगी। भाजपा ने वीडियो को लेकर चुनाव आयोग से भी शिकायत की है।

दिल्ली पुलिस ने रेड्डी समेत कांग्रेस की तेलंगाना इकाई के पांच सदस्यों को नोटिस भेजा है। रेड्डी ने उक्त वीडियो एक्स' पर पोस्ट किया था। उन्होंने बताया कि दिल्ली पुलिस की विशेष प्रकोष्ठ की एक टीम ने सोमवार को हैदराबाद में मुख्यमंत्री कार्यालय और कांग्रेस के कार्यालय गांधी भवन को एक नोटिस सौंपा। रेड्डी को पूछताछ के दौरान अपना मोबाइल फोन साथ में लाने को कहा गया है जिसका कथित इस्तेमाल फर्जी वीडियो 'एक्स' पर साझा करने में किया गया था। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के अनुसार पुलिस ने फर्जी वीडियो मामले में रीतम सिंह नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। रीतम सिंह असम कांग्रेस से जुड़े हैं और पार्टी के वार रूम संयोजक के तौर पर काम करते हैं।

दिल्ली पुलिस द्वारा तलब किए जाने के बाद कर्नाटक की चुनावी सभा में सीएम रेड्डी ने कहा, सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट किये गए थे, वे तेलंगाना गांधी भवन (राज्य कांग्रेस मुख्यालय) में नोटिस लेकर पहुंचे कि हम तेलंगाना कांग्रेस अध्यक्ष और तेलंगाना के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करेंगे।

नरेन्द्र मोदी अब चुनाव जीतने के लिए दिल्ली पुलिस का इस्तेमाल कर रहे हैं। ईडी, आयकर विभाग और सीबीआई खत्म हो गए हैं। यहां कोई नहीं डरता। दिल्ली में कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि रेड्डी इस तरह की रणनीति से नहीं डरेंगे। उन्होंने कहा हम इसमें शामिल सभी लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई शुरू करेंगे। कर्नाटक, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, झारखंड में प्राथमिकी दर्ज होंगी, जहां भाजपा सत्ता में नहीं है। इस संबंध में भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली में निर्वाचन आयोग से शिकायत की। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कांग्रेस डीप फेक और छेड़छाड़ किए गए वीडियो के जरिए पूरी चुनाव प्रक्रिया को पटरी से उतारना चाहती है। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से इस तरह का वीडियो पोस्ट करके लोगों के बीच भ्रम पैदा करने की कोशिश की है।



- कांग्रेस की चेतावनी -भाजपा नेताओं के खिलाफ भी इसी तरह की कार्रवाई होगी

क्या है फर्जी वीडियो में

फर्जी वीडियो में, तेलंगाना में धार्मिक आधार पर मुसलमानों के लिए आरक्षण समाप्त करने की प्रतिबद्धता जताने का संकेत देने संबंधी शाह के बयान को तोड़-मरोड़कर इस तरह दिखाया गया है जैसे कि वह हर तरह का आरक्षण समाप्त करने की वकालत कर रहे हों। पुलिस ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने दंगा भड़काने के इरादे से उकसाना, धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच द्वेष को बढ़ावा देना, जालसाजी आदि संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के सूत्रों ने बताया कि देशभर में इस मामले में गिरफ्तारियां हो सकती हैं। जयपुर में भी फर्जी वीडियो के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

राम मंदिर में दर्शन करने आए दो श्रद्धालु की मौत

अयोध्या कार्यालय। राम मंदिर में दर्शन करने आए दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। हार्ट अटैक से मौत की आशंका जताई जा रही है। मृतक की पहचान बनवारी लाल (70) निवासी राजस्थान के रूप में हुई, जबकि दूसरी मृत महिला श्रद्धालु (50) की अभी पहचान नहीं हो पाई है।

हालांकि घटना का कारण तेज धूप गर्मी के साथ-साथ श्रद्धालु के द्वारा पानी न पीए जाने का कारण बताया जा रहा है। मृत महिला श्रद्धालुओं का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। सोमवार को राम मंदिर में रामलला का दर्शन करने के लिए परिवार के साथ आये बनवारी लाल की मंदिर परिसर से निकलने के दौरान मौत हो गई। दूसरी घटना मन्दिर में दर्शन कर प्रसाद काउंटर पर पहुंची एक महिला श्रद्धालु बेहोश होकर गिर गई। वहां पर तैनात सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें श्रीराम चिकित्सालय पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी परिसर के अधिकारियों को दी गई। राम जन्मभूमि थानाध्यक्ष देवेंद्र पांडेय ने बताया कि महिला श्रद्धालु की पहचान नहीं हो पाई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है

ट्रूडो के सामने लगे खालिस्तानी नारे उप उच्चायुक्त तलब

टोरंटो, एजेंसी

कनाडा में रविवार को खालसा दिवस और सिखों का नव वर्ष कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के संबोधन के दौरान खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए गए। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने संबोधित करते हुए कहा कि आपके मौलिक अधिकारों की रक्षा करने के लिए कनाडा सरकार प्रतिबद्ध है।

आयोजन में उपस्थित लोगों ने खालिस्तानी नारे लगाना शुरू कर दिया। उन्होंने सिख समुदाय को आश्वासन देते हुए कहा कि कनाड़ा विविधता के कारण ही मजबूत है। बोले, सरकार सामुदायिक केंद्रों, गुरुद्वारा समेत पूजास्थलों की सुरक्षा को और मजबूत करेगी। कनाडा सरकार भारत के साथ दोनों देशों के बीच उड़ानें और रूट बढ़ाने को लेकर नए समझौते पर काम कर रही है। इसमें अमृतसर के लिए और उड़ान बढ़ाना शामिल है।

भारत सरकार ने आयोजन में खालिस्तान के समर्थन में नारेबाजी को जारी रखने की अनुमति दिए जाने पर कनाडा के उप उच्चायुक्त को तलब किया है और कड़ा विरोध जताया है। विदेश मंत्रालय का कहना है कि यह दर्शाता है कि कनाडा में अलगाववाद, उग्रवाद और हिंसा को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह भी कहा गया कि इस तरह की अभिव्यक्तियां एक तरफ भारत और कनाडा के बीच संबंधों को प्रभावित करती हैं, तो दूसरी तरफ कनाडा में हिंसा और अपराध के माहौल को भी बढ़ावा देती हैं।

टोरंटो में खालसा दिवस पर कनाडाई प्रधानमंत्री को स्मृति चिह्न देती महिला।

एक नजर

नीट पीजी : इंटर्नशिप कटऑफ विस्तारित नहीं

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 23 जून को प्रस्तावित नीट पीजी में बैठने वाले अभ्यर्थियों के लिए इंटर्नशिप कटऑफ विस्तारित करने संबंधी याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने विचार करने से इनकार कर दिया।

यूजीसी नेट 18 जून को

नई दिल्ली। यूजीसी ने नेट की परीक्षा 16 जून के स्थान पर अब 18 जून 2024 को किये जाने की घोषणा की है। परीक्षा की तिथि को 18 जून को इसलिए किया गया है क्योंकि यूजीसी नेट और सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा की तिथि 16 जून को पड़ गयी थी। यूजीसी के अध्यक्ष एम जगदीश ने कहा अभ्यर्थियों से जानकारी प्राप्त होने के बाद आयोग ने तारीख बढ़ाने का फैसला किया।

ब्याज वसूली का तरीका बदलें बैंक, अतिरिक्त शुल्क लौटाएं

- केंद्रीय बैंक ने कहा- ऋणदाताओं द्वारा ब्याज वसूलने में निष्पक्षता और पारदर्शिता जरूरी

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक ने कुछ बैंकों और वित्तीय संस्थानों के ब्याज वसूलने के तरीकों पर आपत्ति जताते हुए सुधार करने को कहा। आरबीआई ने कहा कि ग्राहकों से वसूला गया अतिरिक्त शुल्क बैंक लौटाएं। आरबीआई के दायरे में आने वाली वित्तीय संस्थाओं (आरई) को ब्याज वसूलने में निष्पक्षता और पारदर्शिता अपनाने को कहा।

केंद्रीय बैंक ने जारी पत्र में कहा कि इसके निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे। 31 मार्च, 2023 को समाप्त अवधि के लिए विनियमित इकाइयों की भौतिक जांच में ऋणदाताओं से ब्याज वसूली में कुछ अनुचित गतिविधियों की जानकारी मिली। केंद्रीय बैंक ने निर्देश दिया है कि वे ऋण वसूली के तरीकों की समीक्षा करें और बदलाव जैसे कदम उठाएं। कहा कि बैंकों एवं अन्य कर्जदाताओं की जांच में पाया गया कि कई जगहों पर ऋण की मंजूरी की तारीख या ऋण समझौते होने की तारीख से ब्याज वसूला जा रहा है, न कि ग्राहक को धन के वास्तविक वितरण की तारीख से। रिजर्व बैंक ने कहा, इस तरह लिया गया अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य शुल्क वापस करें। ऋण वितरण के लिए चेक जारी करने के बजाय बैंकों को खाते में ऑनलाइन राशि ट्रांसफर की जानी चाहिए।

माता-पिता का मन बदलने पर सुप्रीम कोर्ट ने गर्भपात का आदेश लिया वापस

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 14 वर्षीय बलात्कार पीड़िता के माता-पिता का मन बदलने के बाद सोमवार को 22 अप्रैल का आदेश वापस ले लिया, जिसमें उसने 30 सप्ताह के गर्भ को गिराने की अनुमति दी थी। शीर्ष अदालत ने 22 अप्रैल को संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए लड़की को अपना गर्भ गिराने की अनुमति दी थी। अनुच्छेद 142 के तहत न्यायालय को किसी भी मामले में पूर्ण न्याय के लिए आवश्यक आदेश पारित करने का अधिकार है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अपराह्न दो बजे अदालत कक्ष में मामले की सुनवाई की और पीठ की सहायता कर रहीं अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी तथा नाबालिग लड़की के माता-पिता के वकील से बातचीत की।

पशुशाला में घुसा तेंदुआ, साढ़े छह घंटे की मशक्कत के बाद किया काबू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : जंगल से वन्यजीव का पीछा करते हुए तेंदुआ सोमवार सुबह न्यूरिया क्षेत्र के बरी अलीगंज गांव जा पहुंचा, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई। डर की वजह से लोगों ने दरबाजे बंद कर लिए। शोर शराबा सुनकर तेंदुआ वहीं के ठाकुरदास की पशुशाला में जा घुसा। कुछ ग्रामीणों ने हिम्मत करके पशुशाला का दरवाजा बंद कर दिया।

सूचना मिलने के बाद पीटीआर एवं सामाजिक वानिकी प्रभाग की टीम मौके पर जा पहुंची। तेंदुआ को लेकर टीम की ग्रामीणों से नोकझोंक भी हुई। स्थिति बिगड़ती देख कर्मचारियों ने पुलिस बुला ली। इसके बाद एसडीएम सदर देवेंद्र सिंह, सदर तहसीलदार के अलावा पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह रेस्क्यू टीम के साथ मौके पर पहुंचे। करीब साढ़े छह घंटे की मशक्कत के बाद वन विभाग की टीम ने तेंदुआ को ट्रेंकुलाइज कर पकड़ लिया। बेहोश तेंदुए को पिंजड़े में कैद कर सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया है।

> सोमवार सुबह गांव बरी अलीगंज में जंगली जानवर घुसने की सूचना मिली थी। पुष्टि करने पर तेंदुआ पाया गया। आबादी के लिहाज से तेंदुए को रेस्क्यू करना जरूरी था इसलिए ट्रेंकुलाइज कर रेस्क्यू कर लिया गया है। – **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व

मोदी को अयोग्य ठहराने वाली याचिका खारिज

- पीएम पर लगाया देवी-देवताओं के नाम पर वोट मांगने का आरोप
- याचिका में कोई दम नहीं, गलत धारणा पर आधारित : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को छह साल के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में प्रधानमंत्री मोदी पर देवी-देवताओं के नाम पर वोट मांगने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ यह कार्रवाई की मांग की गयी थी।

न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि याचिका में कोई दम नहीं है और यह पूरी तरह से एक गलत धारणा पर आधारित थी। याचिकाकर्ता एवं अधिवक्ता आनंद एस जोंधले ने अपनी याचिका में अदालत से देवी-देवताओं और पूजा स्थलों के नाम पर कथित तौर पर वोट मांगने के लिए मोदी के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया था। आनंद एस जोंधले ने तर्क दिया कि मोदी ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है और यह भारतीय दंड संहिता तथा जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत अपराध है। देश में इस समय लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि याचिका कई कारणों से पूरी तरह से गलत है।

मां ने दो बेटों के साथ कुएं में कूदकर जान दी

चित्रकूट। मानिकपुर थानांतर्गत ऊंचाडीह गांव के मजरे झलमल में मां ने सोमवार को अपने दो बेटों के साथ कुएं में छलांग लगाकर जान दे दी। मामले के पीछे गृह कलह की बात सामने आई है। पुलिस ने जांच शुरू की है। झलमल निवासी सबित लाल कोल की पत्नी अंजू (28) ने सोमवार सुबह लगभग 11 बजे अपने दो बेटों सुदीप (1) और सुधीर (3) को एक-एक कर कुएं में फेंका और फिर वह भी कूद गई। घटना के समय पति घर पर नहीं था। लौटने पर पत्नी-बच्चों को घर में न पाकर ढूंढने निकला तो किसी ग्रामीण ने बताया कि कुएं में तीनों के शव पड़े हैं। इसके बाद गांव में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों को बाहर निकलवाया।

सुप्रीम सवाल, केजरीवाल पेश नहीं हुए ... बयान कैसे होते

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने बयान दर्ज कराने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा बार-बार समन जारी किये जाने के बावजूद ईडी के समक्ष उनके पेश नहीं होने पर सोमवार को सवाल उठाया।

न्यायालय ने कहा कि क्या वह अपने बयान दर्ज नहीं किये जाने के आधार पर, आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दे सकते हैं। मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किये जाने के बाद केजरीवाल न्यायिक हिरासत में हैं। वह यहां तिहाड़ जेल में बंद हैं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने केजरीवाल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से कई सवाल पूछे और कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता ने अधीनस्थ अदालत में जमानत याचिका दायर क्यों नहीं की। पीठ ने कहा क्या आप यह कहकर अपनी ही बात का खंडन नहीं कर रहे हैं कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 50 के तहत उनके बयान दर्ज नहीं किए गए ? आप धारा 50 के तहत बयान दर्ज कराने के लिए समन जारी किये जाने पर उपस्थित नहीं होते हैं और फिर कहते हैं कि यह दर्ज नहीं किया गया। न्यायालय ने पूछा कि यदि केजरीवाल समन पर उपस्थित नहीं होते हैं तो जांच अधिकारी क्या करेंगे। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा यदि आप धारा 50 के तहत बयान दर्ज नहीं कराते हैं तो आप यह नहीं कह सकते कि उनके बयान दर्ज नहीं किये गए। सिंघवी ने कहा मेरा कहना है कि अन्य सामग्रियां भी मेरे अपराध को स्थापित नहीं करतीं। ईडी मुझे गिरफ्तार करने मेरे घर आई थी। तो फिर ईडी मेरे घर पर धारा 50 के तहत मेरा बयान क्यों नहीं दर्ज कर सकती? पीएमएलए की धारा 50 ईडी अधिकारियों को समन जारी करने और दस्तावेज, सबूत तथा अन्य सामग्री पेश करने की शक्ति प्रदान करने से संबंधित है। पीठ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सुनवाई कर रही है।

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- गिरफ्तारी को चुनौती कैसे दे सकते हैं आप

लंबे समय तक अनुपस्थित नहीं रह सकते सीएम : दिल्ली हाईकोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बावजूद मुख्यमंत्री पद पर बने रहने का फैसला निजी है, लेकिन इसका अभिप्राय यह नहीं है कि स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों के मौलिक अधिकारों को रौंद दिया जाए। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि केजरीवाल की अनुपस्थिति एमसीडी (दिल्ली नगर निगम) विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को मुफ्त पाठ्यपुस्तकों, लेखन सामग्री और वर्दी के बिना पहला सत्र पूरा करने की अनुमति नहीं देती। अदालत ने कहा कि दिल्ली जैसी व्यस्त राजधानी ही नहीं किसी भी राज्य में मुख्यमंत्री का पद कोई औपचारिक पद नहीं है। उसने कहा कि यह एक ऐसा पद है जहां पदधारक को बाढ़, आग और बीमारी जैसी प्राकृतिक आपदा या संकट से निपटने के लिए सातों दिन 24 घंटे उपलब्ध रहना पड़ता है। कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति पी.एस.अरोड़ा की पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय हित और सार्वजनिक हित की मांग है कि इस पद पर रहने वाला कोई भी व्यक्ति लंबे समय तक या अनिश्चित समय के लिए संपर्क से दूर या अनुपस्थित न रहे।

ट्रांसमिशन उपकेंद्र में फाल्ट से आधे शहर की बिजली घंटों गुल

भीषण गर्मी में सुभाषनगर और मढ़ीनाथ समेत कई इलाके प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : सीबीगंज ट्रांसमिशन में रविवार रात फाल्ट से आधे शहर में बिजली गुल रही। छह से अधिक उपकेंद्र से जुड़े 80 हजार उपभोक्ताओं को परेशानी हुई। वहीं, सुभाषनगर और किला क्षेत्र में मरम्मत कार्य के चलते तीन से चार घंटे की बिजली कटौती की गई। गर्मी में लोग परेशान होते रहे।

सीबीगंज स्थित ट्रांसमिशन में रविवार रात 9 बजे फाल्ट हो गया। इससे किला, परसाखेड़ा, लोहिया विहार, सीबीगंज, सुभाषनगर, नदोसी, मढ़ीनाथ उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में तीन घंटे तक आपूर्ति बाधित रही। दुर्गा नगर में बंच केबल जल जाने से दो घंटे बिजली गुल रही। 33/11 केवी उपकेंद्र सुभाषनगर में सोमवार को 33 केवी लाइन की मरम्मत की गई। इस वजह से सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक सुभाषनगर और मढ़ीनाथ उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में बिजली बाधित रही। किला उपकेंद्र की 33 केवी लाइन पर भी काम किया गया। दो घंटे तक आपूर्ति ठप रही। महानगर, हरूनगला और कुतुबखाना क्षेत्र में ट्रिपिंग की समस्या रही।

फाल्ट होने के बाद फोन नहीं उठाते अधिकारी

अगर किसी क्षेत्र में लाइन में फाल्ट होने से आपूर्ति बाधित हो जाए जो अधिकारी और कर्मचारी उपभोक्ताओं के फोन उठाना ही बंद कर देते हैं। जिससे लोगों को बिजली कटौती की जानकारी भी नहीं मिल पाती है। जबकि मुख्य अभियंता ने निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी और कर्मचारी उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति संबंधी जानकारी देते रहें।

ट्रांसमिशन में फाल्ट से रविवार रात बिजली बाधित हुई थी। फाल्ट ठीक कराने के बाद आपूर्ति सुचारू करा दी गई है। – **सत्येन्द्र चौहान**, अधिशासी अभियंता

आज और कल तेज गर्म हवाएं चलने का अलर्ट

बरेली, अमृत विचार : जिले में गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार मंगलवार और बुधवार को भी गर्म हवाएं चलेंगी। जिले में सोमवार को अधिकतम 1.9 और न्यूनतम तापमान 22.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह 40 को और शाम को 26 प्रतिशत आर्द्रता दर्ज की गई। इस दौरान 8-10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डा. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार और बुधवार को 12-15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। इस दौरान औसतन अधिकतम 40 और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने का पूर्वानुमान है।

कुतुबखाना में टप्पेबाजों ने बहाने से महिला से चेन और कुंडल उतरवाए

बरेली, अमृत विचार : टप्पेबाजों ने महिला को झांसा देकर कुंडल और चेन ले ली, जब तक वह कुछ समझ पाती तब तक आरोपी फरार हो गए। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने दो अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र के मढ़ीनाथ की संगीता ने बताया कि 24 अप्रैल को वह कुतुबखाना बाजार गई थीं। आर्य समाज गली में उन्हें एक युवक मिला। युवक ने कहा कि वह कई दिन से भूखा है और कासगंज जाना चाह रहा है। मना करने पर वह दोबारा पास आ गया और किराया मांगने लगा। इसी दौरान युवक का साथी आ गया। दोनों उनके पीछे-पीछे चलने लगे। आरोपियों ने उन्हें एक रुमाल दिया, जिसमें कुछ बंधा था। बहाने से दोनों ने उनसे कुंडल और सोने की चेन रुमाल में बंधवाकर ले लिए। इससे बाद रुमाल वापस कर दोनों चले गए। करीब 15 मिनट बाद रुमाल खोलकर देखा तो उसमें गिट्टी निकली। चेन और कुंडल गायब थे। महिला ने घर पहुंचकर परिजनों को जानकारी दी।

एसी सिटी बसों की बढ़ी कमाई

बरेली, अमृत विचार : गर्मी में एसी सिटी बसों की कमाई बढ़ गई है। शहर में यात्री नहीं मिलने पर सिटी बसों को देहात रूट पर चलाया जा रहा है। मार्च तक 25 सिटी बसों से रोज 80 से 90 हजार रुपये की आय हो रही थी, अब प्रतिदिन 1 लाख 30 रुपये आय हो रही है। सिटी बस की आपरेशन मैनेजर मनीषा दीक्षित ने बताया कि गर्मी के कारण भी यात्री एसी सिटी बसों में सफर ज्यादा कर रहे हैं। पहले के मुकाबले यात्रियों की संख्या में इजाफा हुआ है।

गबन के आरोप में रोडवेज कर्मचारी संघ के प्रदीप छह साल के लिए निष्कासित

बरेली, अमृत विचार : रोडवेज कर्मचारी संघ ने सोमवार को पुराने बस अड्डा स्थित कार्यालय पर बैठक कर गबन के आरोप में संगठन से प्रदीप गुप्ता को छह साल के लिए निष्कासित करने का निर्णय लिया। क्षेत्रीय अध्यक्ष कौशल बाबू ने बताया कि संगठन के 250 कर्मचारियों ने 2023-2024 के लिए चंदा जमा किया था। प्रदीप गुप्ता ने यह धनराशि गबन कर ली। उन्हें निष्कासित कर दिया गया है। बैठक में क्षेत्रीय मंत्री केसी गुप्ता, अमित कुमार, राजकुमार, सर्वेश गंगवार, नवाब अली, शिवम, गौतम आदि मौजूद रहे।

किसान आंदोलनः 20 ट्रेनें प्रभावित, 17 घंटे लेट हुई गंगा सतलुज

बरेली, अमृत विचार : किसान आंदोलन से 12 वें दिन सोमवार को 20 से ज्यादा ट्रेनें प्रभावित हुईं। सियालदह एक्सप्रेस, पंजाब मेल जैसी ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचीं। सबसे ज्यादा गंगा सतलुज एक्सप्रेस 17 घंटे की देरी से आई। ट्रेन के इंतजार में यात्रियों को सुबह से शाम हो गई। सोमवार को बड़ी संख्या में ट्रेनें डायवर्ट की गईं। इस वजह से 12332 हिमगिरी एक्सप्रेस 11 घंटा 20 मिनट, 22423 अमृतसर-गोरखपुर सुपरफास्ट 5 घंटा 29 मिनट, 13006 पंजाब मेल 2 घंटा 15 मिनट, 13152 सियालदह एक्सप्रेस 6 घंटा 47 मिनट, 14674 शहीद एक्सप्रेस 3 घंटा 25 मिनट, 14649 सरयू यमुना एक्सप्रेस 2 घंटा 6 मिनट, 12356 अर्चना एक्सप्रेस 4 घंटा 8 मिनट की देरी से जंक्शन पर आईं। मंगलवार और बुधवार को 15651 गुवाहटी जम्मूतवी लोहित एक्सप्रेस, 12587 अमरनाथ एक्सप्रेस, 12331 हिमगिरी एक्सप्रेस, 15098 भागलपुर अमरनाथ एक्सप्रेस, 18103 जलियांवाला बाग एक्सप्रेस, 13006 पंजाब मेल, 13151 सियालदह एक्सप्रेस, 13152 सियालदह एक्सप्रेस, 13307 गंगा सतलुज एक्सप्रेस, 14673 शहीद एक्सप्रेस, 12357 अर्चना एक्सप्रेस, 12318 अकाल तख्त एक्सप्रेस आदि ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा।

आंवला सांसद की कथित टिप्पणी पर ब्राह्मण समाज के लोग मंत्री से मिले

पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह से मिलने पहुंचे ब्राह्मण समाज के लोग। ● अमृत विचार

आंवला, अमृत विचार : पूर्व विधायक राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल पर पिछले दिनों आंवला के भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप की कथित टिप्पणी पर ब्राह्मण समाज के लोगो ने सोमवार को पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह के कार्यालय पर पहुंचकर नाराजगी जताई। मंत्री ने उन्हें समझाकर मोदी को फिर प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा को वोट देने को कहा।

सोमवार को दो वीडियो वायरल हुए। एक में आंवला सांसद धर्मेन्द्र कश्यप कह रहे हैं कि उन्होंने किसी के सम्मान में कोई कमी नहीं की है। जाने-अनजाने अगर किसी के सम्मान को ठेस पहुंची है तो उसके लिए वह क्षमा चाहते हैं। दूसरे वीडियो में मंत्री धर्मपाल ब्राह्मण समाज के लोगों के साथ हुई बातचीत के बारे में बता रहे हैं। दरअसल, धर्मेंद्र कश्यप की कथित टिप्पणी के बाद ब्राह्मण समाज के लोग मंत्री से मिले थे। मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि सांसद ने बड़प्पन दिखाया है। कुछ लोगों को आपत्ति थी। जानकारी होने पर ब्राह्मण समाज के लोगों को उन्होंने ही बुलाया था। बात होने के बाद अब कोई नाराजगी नहीं है। मंत्री से मिलने वालों में जयदीप पाराशरी, अवनेश शंखधार, ऋषभ शर्मा, जय किशोर शर्मा, सुनील सौभरि, अमित मिश्रा, विवेक शर्मा, सत्यभान पाराशरी, हरिभगवान मिश्रा, सुधीर पाराशरी, प्रिंस शर्मा, आशीष पाठक, हरिप्रकाश पाठक समेत 30-40 लोग शामिल थे।

उधर, सांसद के मीडिया प्रभारी राहुल कश्यप ने कहा कि सांसद हर नुक्कड़ सभा या कार्यक्रम में लोगों से किसी भी गलती के लिए क्षमा मांग लेते हैं। जिस वीडियो की बात कही जा रही है, वह काफी पुराना है। सांसद ने पीडीए के बारे में कुछ कहा था, लेकिन वीडियो एडिट करके गलत तरीके से पेश किया गया।

ट्रेनों में भीड़भाड़ से यात्रियों के लिए सजा हुआ सफर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **जनरल कोच कम कर दिए जाने से बेतहाशा बढ़ गई है भीड़**
- **हर दिन एक्स पर आ रही हैं सैकड़ों शिकायतें**

अमृत विचार : समर सीजन में भीड़ के चलते ट्रेनों में यात्रियों का बुरा हाल है। ट्रेनों में टिकट चेकिंग स्टाफ भी नदारद है। यात्री अब सवाल कर रहे हैं कि आखिर टीटीई कहां हैं, लेकिन रेल अधिकारियों के पास दिलासा देने के सिवाय कोई चारा नहीं है। शिकायत मिलने पर यात्री को उसकी बर्थ तो दिलवा दी जाती है, लेकिन क्षमता से अधिक कोच में सफर कर रहे अनाधिकृत यात्रियों को उतारने में रेल प्रशासन नाकाम है। ऐसे में महीनों पहले आरक्षण कराने वाले यात्रियों को भी परेशानी से जूझना पड़ रहा है।

14321 बरेली-भुज आला हजरत एक्सप्रेस में सफर कर रहे अरुण भास्कर ने एक्स पर शिकायत करते हुए लिखा कि ट्रेन में उनके साथ बदसलूकी की जा रही है, कृपया उनकी मदद की जाए। 22355 चंडीगढ़ सुपरफास्ट में सफर कर रहे निसार अहमद ने शिकायत करते हुए बताया कि ट्रेन के एस-3 कोच में लखनऊ से बरेली तक टिकट है। इस डिब्बे में पैर रखने तक की जगह नहीं है। लगता है कि जनरल श्रेणी के लोग इस डिब्बे में यात्रा कर रहे हैं। अभी तक कोई टीटीई दिखाई नहीं दिया है।

15120 वाराणसी जनता एक्सप्रेस में सफर कर रहे प्रशांत चौहान ने लिखा कि कोच एस-3 की 79 नंबर बर्थ पर हैं, पूरे कोच में अनारक्षित यात्री हैं और शौचालय तक जाने का रास्ता नहीं बचा है। 14207 पद्मावत एक्सप्रेस में सफर कर रहे शिवेन ने रेल अधिकारियों से सवाल किया कि स्लीपर कोच फुल क्यों है और टीटीई कहां हैं, अविश चंद्रा ने वीडियो शेयर की और ट्रेन के एसी फर्स्ट कोच में जमीन पर सो रहे यात्रियों की तस्वीर रेल अधिकारियों को दिखाई।

खबरें www.amrit vichar.com पर भी पढ़ें।

Shri Ram Murti Smarak Goodlife Hospital
SRMS Goodlife A MULTI SPECIALITY HOSPITAL

आवश्यक जन-सूचना

मरीज से सम्बधित चिकित्सा रिकार्ड सामान्य डिस्चार्ज वर्ष 2021 से पहले (21-07-2018 से 31-12-2020) तक का नष्ट किया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो कृपया 15 दिनों (सूचना दिनाँक से) के अन्दर अवगत कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से- चिकित्सा अधीक्षक

School Education ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact : 7906732664, 8445507002

MEDHAVI PUBLIC SCHOOL
(A English Medium School Based on C.B.S.E. Pattern)
Play Group to VIIIth ADMISSION OPEN
Features & Facility ●Decorated and Beautiful Play Group Class ●Highly Qualified Teaching Staff ●Colourful and Airy Classrooms ●RO Drinking Water ●Regular Health Check-Up ●Computer Lab, Library
MES Colony, 100 Fita Road, Delapeer By Pass, Bareilly
Mob.: 9412260961, 7505542291

बासुबरल सरस्वती विहार
सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, बरेली (सी.बी.एस.ई. दिल्ली से सम्बद्ध)
संकाय-गणित, विज्ञान, वाणिज्य एवं मानविकी माध्यम अंग्रेजी)
प्रवेश प्रारम्भ I to XIIth सत्र 2024-25 शीघ्र करें! सीमित स्थान उपलब्ध।
विशेषताएं : ● 06 एकड़ का प्रदूषण मुक्त विद्यालय परिसर ● सामान्य शुल्क उच्चतम नैतिक मूल्य ● स्मार्ट कक्षाएं ● डिजिटाइजेशन द्वारा विद्यालय संचालन ● सी.सी.टी.वी. से सुरक्षित विद्यालय प्रांगण ● छात्र/छात्राओं का फीडबैक अभिभावक को आनलाइन उपलब्ध ● परिवहन सुविधा उपलब्ध ● खेलकूद क्रिया कलापों से अग्रणी
नोट : ● पाल्य का प्रवेश योग्यता/प्रवेश परीक्षा पर आधारित होगा ● नवीन सत्र 1 अप्रैल 2024 से प्रारम्भ ● नियमित शिक्षण कार्य प्रारम्भ अत: शीघ्र करें ● प्रोस्पेक्टस/प्रवेश पत्र विद्यालय में उपलब्ध है
अपना घर परिसर, बीसलपुर रोड, बरेली पिन-243006
मो. : 7983035601, 8791688082, 8869098082

माँ सरस्वती विद्या मंदिर
9, गोपाल नगर, त्रिमूर्ति भवन, संजय नगर, बरेली
कक्षा N.C. से कक्षा आठ तक
विशेषताएं :-
● विद्यालय का विश्वास क्वालिटी में क्वांटिटी में नहीं।
● योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा अध्यापन।
● इंग्लिश स्पीकिंग पर विशेष ध्यान।
● समय-समय पर प्रतियोगिताएं।
● कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान।
सीमित सीटें
प्रवेश प्रारम्भ
M.: 9411007501, 8410361612, 9105307525

शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

धार्मिक मुद्दों पर मुसलमानों में खामोशी जुबां पर छाए शिक्षा और रोजगार के मुद्दे

लगातार हमलों के बावजूद मुस्लिम इलाकों से लेकर सोशल मीडिया तक नहीं टूट रही चुप्पी

मोनिस खान, बरेली

- पुराना शहर के लोग बोले, राजनीति को समझ चुके हैं ज्यादातर मुसलमान
- जिंदगी को प्रभावित करने वाले मुद्दे शिक्षा और रोजगार पर बढ़ी है जागरूकता

अमृत विचार : धार्मिक मुद्दों पर मुखर रहने वाले मुसलमानों ने इस चुनाव में चुप्पी साध ली है। लगातार हमलों के बावजूद उनकी यह चुप्पी टूट नहीं रही है। सोशल मीडिया से लेकर मुस्लिम बहुल इलाकों तक यह खामोशी कायम है। धार्मिक मुद्दों पर किए जा रहे हमलों पर जस के तस अंदाज में कोई प्रतिक्रिया देने के बजाय वे रोजगार और शिक्षा की बात कर रहे हैं।

पुराना शहर के मुस्लिम बहुल इलाकों की संकरी गलियों में आम मुसलमान भी धार्मिक मुद्दों पर बात करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। इसके उलट वे कहते हैं कि उनके लिए अब रोजगार ही सबसे बड़ा मुद्दा रह गया है। दरअसल, एक जमाने में यहां हर दूसरे घर में जरी का काम होता था। मोहल्ला चक महमूद में राज्य पुरस्कार से सम्मानित जरी कारीगर एहतेशाम कहते हैं कि रोजगार की हालत इतनी बदतर हो गई है कि 30 प्रतिशत से ज्यादा लोग जरी का काम छोड़ दूसरे काम करने लगे हैं।

एहतेशाम कहते हैं कि हजारों लोगों को जीवनयापन का जरिया देने वाले इस रोजगार पर जीएसटी ने सबसे ज्यादा चोट की है। बड़े कारोबारी तो जैसे-तैसे अब भी टिके हैं, लेकिन छोटे कारोबारियों की कमर टूट चुकी है। उन्होंने बताया कि सरकार की ओडीओपी योजना से राहत मिलने की उम्मीद थी लेकिन इसका पूरा लाभ जरी कारीगरों को नहीं मिला। खुद राज्य सरकार से सम्मानित होने के बावजूद उन्होंने जिला उद्योग केंद्र से लोन के लिए आवेदन किया लेकिन उन्हें लोन नहीं दिया गया।

7 लाख के करीब मुस्लिम वोटर हैं बरेली संसदीय क्षेत्र में

रोजगार बिना कैसे चलेगा जीवन

पुराना शहर के रोहली टोला में रहने वाले स्कूल संचालक मलिक शहजाद बताते हैं कि आज की परिस्थिति यह है कि रोजगार है तो शिक्षा है। क्योंकि अगर रोजगार नहीं तो मुसलमान अपने बच्चों को किस तरह बेहतर शिक्षा दे पाएगा। गरीब घरों से अशिक्षा का अंधेरा दूर हो सके इसलिए उन्होंने 24 साल पहले स्कूल खोला, लेकिन एक अकेला तो चना भाड़ नहीं फोड़ सकता।

बेचैनी जरूर मगर मुद्दों पर कायम

पूरे पांच साल देश की सियासत ऐसे मुद्दों के आसपास घूमती रही जिससे आम मुसलमान बेचैन रहा। चाहे ज्ञानवापी मस्जिद का मामला हो या मदरसों की जांच। इस पर रोहली टोला के शाजेब खान कहते हैं कि इस सब से बेचैनी जरूर है, लेकिन आम मुसलमान अब असल मुद्दों पर कायम हो गया है। सरकार जो भी बने मगर शिक्षा और रोजगार उसकी प्राथमिकता होनी चाहिए।

हमारा रोजगार ठीक तरह से चलता रहे यही काफी है। बेवजह के मुद्दों में उलझाने वाली सियासत खत्म होनी चाहिए। बेहतर शिक्षा और रोजगार ही मुसलमानों के असल मुद्दे हैं। – **शमशाद**, सैलानी

जरी की सुई बनाकर एक हजार रुपए रोज कमा लेते थे लेकिन अब काम आधा भी नहीं रहा। हमारे लिए रोजी रोटी से बड़ा कुछ नहीं हो सकता। इसी को ध्यान में रखकर वोट करेंगे। – **जाकिर अली**, सैलानी

जो भी सरकार आए, हमारे लिए बेहतर करे। सबके कारोबार और रोजगार ठीक तरह से चलते रहें। सरकार ऐसी होनी चाहिए जिसके राज में अमन और शांति भी कायम रहे। – **तसलीम अहमद**, आजमनगर

सरकारी नौकरियों के अवसर पैदा करने की जरूरत है। स्थानीय मसलों की बात करें तो मुस्लिम बहुल इलाके के आजाद इंटर कॉलेज में आज भी कई अहम विषय नहीं पढ़ाए जाते। – **मास्टर जिया उल्ला**, सैलानी

हमारे मदरसों और मस्जिदों को लेकर खूब राजनीति हुई। मदरसे और मस्जिदें अपनी जगह कायम रहने चाहिए लेकिन इस बार वोट शिक्षा और रोजगार के नाम पर ही देंगे। – **जीशान खान**, सैलानी

गृह मंत्री की सभा के लिए हार्टमन रामलीला मैदान देखने पहुंची एसपीजी

बरेली, अमृत विचार : गृह मंत्री अमित शाह दो मई को हार्टमन रामलीला मैदान पर चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। सोमवार को दिल्ली से आई एसपीजी की टीम ने सभा स्थल का निरीक्षण किया। पार्टी पदाधिकारियों ने भी कार्यक्रम स्थल पर तैयारियां शुरू कर दी हैं।

गृह मंत्री की जनसभा पहले मीरगंज में कराने का प्रस्ताव था लेकिन फिर इसे शहर में कराने का निर्णय हुआ। इसके बाद हार्टमैन रामलीला मैदान और बरेली कॉलेज ग्राउंड पर विचार किया गया। अंत में हार्टमन रामलीला ग्राउंड को फाइनल कर दिया गया। सोमवार को दिल्ली से पहुंची एसपीजी की टीम ने भी सुरक्षा की दृष्टि से कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और स्वीकृति दे दी। इस दौरान विधान परिषद सदस्य रजनीकांत माहेश्वरी, बरेली लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी देवेंद्र सिंह चौधरी, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, संयोजक राजकुमार शर्मा आदि भी उपस्थित रहे।

युवा सम्मेलन में आज आएंगे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद

बरेली, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी की ओर से मंगलवार को लोकसभा युवा सम्मेलन का आयोजन बदायूं रोड स्थित कुंवर रिजोर्ट में किया जाएगा। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य शामिल होंगे। डिप्टी सीएम डेढ़ बजे एयरपोर्ट और करीब दो बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। एक घंटा सम्मेलन में मौजूद रहकर युवाओं को साधने की कोशिश करेंगे।

जनता का मंच

राजनीतिक दलों में कार्यकर्ताओं की इतनी फौज कैसे?

बरेली, अमृत विचार : राजनीतिक दलों की शक्ति उसे मिलने वाले वोटों से पहले उसके कार्यकर्ता होते हैं लेकिन यह आश्चर्य की ही बात है कि कोई राजनीतिक दल कैसे लाखों कार्यकर्ताओं की फौज तैयार कर लेता है। लोगों का मानना है कि राजनीति एक ऐसा क्षेत्र है, जहां किसी योग्यता की जरूरत नहीं होती। कोई भी यहां जगह बनाकर बहुत कुछ पा सकता है। राजनीतिक दल के सत्ता में होने पर कार्यकर्ता को भी समाज में महत्व मिलता है, इसी वजह से लोग दलों के कार्यकर्ता बनने के लिए उतावले रहते हैं।

आज के समय में बिना स्वार्थ पुत्र पिता का नहीं है, ऐसे में कार्यकर्ता भी स्वार्थ के लिए दलों में जाते हैं। उनके अपने राजनीतिक, आर्थिक, सरकारी कामकाज या व्यक्तिगत हित होते हैं। राजनीतिक दल भी उन्हें उच्च स्थान देने के सपने दिखाते हैं। बगैर कोई योग्यता उन्हें दलों में बहुत कुछ मिल जाता है। – **हरिनंदी**, सुरेश शर्मा नगर

गांव से शहर तक राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता रौब बनाकर रखते हैं। राजनीतिक दलों से उन्हें प्रोत्साहन मिलता है और दलों को उनसे। इनकी जरूरतें भी दलों से पूरी होती हैं, दलों की उनसे। इनकी अपनी विचारधारा नहीं रह जाती है। ये नेताओं के अंधभक्त होते हैं। – **इसरार अहमद**, मुड़िया अहमद नगर

लोग व्यक्तिगत लाभ के लिए राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता बनते हैं। इसके साथ वे भविष्य में बड़ा नेता बनने का भी ख्वाब भी देखते हैं। इसे पूरा करने के लिए अपने नजदीकी दूसरे लोगों को भी राजनीतिक दलों से जोड़ते हैं। राजनीतिक दलों का कार्यकर्ता बनने के पीछे स्वार्थ ही काम करता है। – **माधव**, सिविल लाइंस

लोग स्वार्थ की वजह से राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता कहलाना पसंद करते हैं। राजनीतिक दलों के सपोर्ट से उनकी तमाम जायज-नाजायज जरूरतें पूरी होती हैं। यदि किसी का परिवार है तो वह उसे छोड़कर निस्वार्थ किसी दल के पीछे नहीं जाने वाला जब तक कि उसे कुछ लाभ न मिले। – **चरण सिंह**, मीरगंज

राजनीतिक कार्यकर्ता दो तरह के होते हैं, एक तो सक्रिय और दूसरे निष्क्रिय। सक्रिय कार्यकर्ता सीधे दलों से जुड़े रहते हैं, निष्क्रिय कार्यकर्ता सिर्फ विचारधारा से जुड़ते हैं और वक्त आने पर पसंदीदा दल के समर्थन में उतर जाते हैं। आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक और विचारधारा से जुड़े लाभ उनके स्वार्थ हो सकते हैं। कोई कार्यकर्ता किसी जाति या धर्म का विरोधी है तो उसी दल से जुड़ेगा जो उसे इस तरह की सामाजिक शक्ति का लाभ दे सके। पहले राजनीतिक कार्यकर्ता होने का मतलब एक समाजसेवा हुआ करता था जो अब लालच की राजनीति में बदल गया है। राजनीतिक कार्यकर्ता एक अवैतनिक काम था लेकिन अब ऐसा नहीं है। – **डॉ. कनिका पांडे**, प्रोफेसर साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय

एक नजर

बसपा जिला उपाध्यक्ष ने पूर्व मुख्यमंत्री को भेंट किया चांदी का मुकुट

बरेली, अमृत विचार : बदायूं के इस्लामनगर में पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सोमवार को जनसभा कर आंवला और बदायूं के साथ संभल लोकसभा क्षेत्र के बसपा उम्मीदवारों को जिताने की अपील की। इस दौरान बसपा के जिला उपाध्यक्ष तौफीक प्रधान ने इस्लामनगर पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के पैर छूकर आशीर्वाद लिया और उन्हें चांदी का मुकुट भेंट कर उनका स्वागत किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने आंवला उम्मीदवार को जिताने के लिए कड़ी मेहनत करने को कहा।

गैर हाजिर आठ मतदान कार्मिकों पर एफआईआर 66 को नोटिस जारी

बरेली, अमृत विचार : चुनाव को लेकर राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर चल रहे प्रशिक्षण में सोमवार को भी 66 मतदान कार्मिक गैर हाजिर रहे। वहीं, पूर्व में नोटिस जारी होने के बाद भी प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने वाले आठ कार्मिकों पर एफआईआर दर्ज करा दी गई। सोमवार को गर्मी की वजह से एक महिला मतदान कार्मिक बेहोश होकर गिर गई। डॉक्टर बुलाकर इलाज कराया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार ने प्रशिक्षण स्थल पहुंचकर जायजा लिया। सीडीओ जगप्रवेश ने बताया कि ट्रेनिंग के तीसरे दिन भोजीपुरा और मीरगंज विधानसभा क्षेत्र के 3462 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनरों की ओर से दिया गया। सोमवार को 66 और मतदान कार्मिक प्रशिक्षण से गैर हाजिर रहे। सभी को नोटिस जारी कर मंगलवार को ट्रेनिंग के लिए बुलाया गया है। बताया कि पिछले दिनों अनुपस्थित रहे कार्मिकों को नोटिस देने के बाद भी वे सोमवार को प्रशिक्षण लेने नहीं आए। इस पर जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश पर शिक्षा मित्र गीता चौहान, शबाना परवीन, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नासिर, सफाईकर्मी प्रदीप, संजीव, धर्मपाल, जगदीश प्रसाद, मोहित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

असमाजिक तत्वों पर नजर रखेंगे गांवों के प्रधान

बरेली, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गांवों में प्रधान असामाजिक तत्वों पर नजर रखेंगे। यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई देगी तो वे डीपीआरओ और पुलिस को सूचना देंगे। इस संबंध में सीडीओ जग प्रवेश ने निर्देश दिए हैं।

गरीबों का आरक्षण धर्म विशेष को देना चाहती है कांग्रेस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कुर्मांचल नगर में चुनावी जनसभा में बोले उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी
- कहा- यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य, पूरे देश में लागू करेंगे

अमृत विचार : उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कांग्रेस का घोषणापत्र जिन्ना की मुस्लिम लीग के घोषणा पत्र से कम नहीं है। कांग्रेस गरीबों का आरक्षण धर्म विशेष के लोगों को देना चाहती है। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस के गठबंधन का लक्ष्य सिर्फ अपना और अपने परिवार का विकास करना है। उन्हें देश के विकास से मतलब नहीं है।

धामी सोमवार को शहर के पर्वतीय समाज बहुल इलाके कुर्मांचलनगर में आयोजित चुनावी जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के लोग पांच साल में पांच प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं, क्या इससे देश का विकास होगा। उत्तराखंड के सीएम ने कहा, हम यूसीसी को देवभूमि उत्तराखंड से शुरू करके प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरे देश में ले जाने के लिए काम कर रहे हैं लेकिन सपा और कांग्रेस वाले कह रहे हैं कि सरकार में आने पर वह फिर पर्सनल लॉ को लाएंगे। उन्होंने इसे अपने घोषणा पत्र में शामिल किया है।

पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कांग्रेस ने इतने साल तक राज करके तुष्टीकरण की नीति पर काम किया है। अपने चहेते वोट बैंक को खुश करने के लिए वह आपका अधिकार और गरीबों का आरक्षण धर्म विशेष के लोगों को देना चाहती है। पूरे देश में वह तुष्टीकरण का कर्नाटक मॉडल लागू कर एससी/एसटी लोगों का हक छीनने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देश का पहला ऐसा राज्य है जहां भाजपा ने प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप यूसीसी लागू कराया है। नकल अध्यादेश लाकर बेटे-बेटियों की योग्यता के साथ न्याय किया है। देव भूमि में धर्मांतरण नहीं होने पाए इसके लिए सख्त धर्मांतरण कानून भी लाए है। लैंड जेहाद के तहत वहां काफी जमीन लोगों ने गैरकानूनी तरीके से दबा रखी थी। उसे उत्तराखंड सरकार ने मुक्त कराया है।

जनसभा में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मंत्री जितिन प्रसाद, वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार और मेयर उमेश गौतम।

यह भारत को विश्वगुरु बनाने का चुनाव

उत्तराखंड के सीएम ने कहा कि यह चुनाव भारत को विश्वगुरु बनाने और परिवारवादी कांग्रेस और अपराधवादी सपा को भारत मुक्त बनाने वाला चुनाव है। मोदी और योगी ने मिलकर उत्तर प्रदेश को उत्कृष्ट बनाया है। पहले यूपी में अपराधी होते थे, योगी नेतृत्व कानून का राज लाया है। उन्होंने अपील की कि सभी लोग गर्मी की परवाह किए बिना वोट डालने जाएं। संतोष गंगवार का यह कहते हुए नाम लिया कि उन्हें आठ बार जिताने में पर्वतीय समाज का योगदान रहा है। अब छत्रपाल सिंह को जिताएं, वह संतोष गंगवार के काम आगे बढ़ाएंगे।

मुख्यमंत्री धामी ने फुर्सत मिली तो बरेली के नेताओं से ली चुनाव के बारे में जानकारी।

संजय आनंद समेत कई लोग भाजपा में शामिल

पंजाबी महासभा के बरेली के अध्यक्ष संजय आनंद भाजपा में शामिल हुए। उनके साथ दर्जन भर से ज्यादा और लोगों ने भी भाजपा की सदस्यता ली। सभा को पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद, वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार, मेयर उमेश गौतम, कपिलदेव अग्रवाल ने भी संबोधित किया। सभा में एमएलसी संतोष सिंह, गुलशन आनंद, भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, डॉ. प्रमेंद्र महेश्वरी, राजेंद्र प्रसाद घिल्डियाल, विनोद जोशी, महेश खर्कवाल, विशाल मेहरोत्रा, सर्वेश रस्तोगी, राजू मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख भूपेंद्र कुर्मी, पार्षद नरेंद्र आदि मौजूद रहे।

इंडिया गठबंधन प्रत्याशी का प्रचार कर रहे हैं सर्वराज सिंह

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नीरज मौर्य बोले- सर्वराज सिंह उसूलों वाले आदमी, उन्हें मिल रहा है उनका समर्थन

अमृत विचार : आंवला क्षेत्र के दिग्गज नेता कुंवर सर्वराज सिंह कांग्रेस में हैं और इंडिया गठबंधन के पक्ष में लगातार प्रचार भी कर रहे हैं। यह कहना है इंडिया गठबंधन से आंवला के प्रत्याशी नीरज मौर्य का।

बता दें कि आंवला के सुभाष इंटर कॉलेज में रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने भरे मंच से पूर्व सांसद सर्वराज सिंह का नाम लेते हुए कहा था कि सर्वराज सिंह देर आए लेकिन दुरुस्त आए। उनका भी आशीर्वाद मिलेगा। हालांकि पूर्व सांसद सर्वराज सिंह भाजपा के मंच पर नहीं थे। अब आंवला से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी नीरज मौर्या ने कहा है कि पूर्व सांसद सर्वराज सिंह कांग्रेस पार्टी में हैं और इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी होने के नाते चुनाव में उनकी मदद कर रहे हैं। उनका समर्थन और आशीर्वाद उन्हें मिल रहा है।

सोमवार को मुख्यमंत्री ने जब सर्वराज सिंह का नाम लिया तब वह शेखूपुर में इंडिया गठबंधन के लिए जनसभा कर रहे थे। नीरज मौर्य ने कहा कि वह उसूलों वाले आदमी हैं। जो कहते हैं, वह करते हैं। भाजपा के मंच पर कभी नहीं गए। फिर भी आंवला में रविवार को हुई जनसभा में मुख्यमंत्री को उनका नाम लेना पड़ा, इससे भाजपा प्रत्याशी की हालत का अंदाजा लगाया जा सकता है।

मनौना धाम में सपा समर्थकों ने नीरज के लिए की प्रार्थना

आंवला लोकसभा क्षेत्र में आयोजित सभा में बोलते सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य।

बरेली, अमृत विचार : आंवला लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी नीरज मौर्य सोमवार को मनौना धाम में दर्शन के लिए पहुंचे। इस दौरान उनके समर्थकों ने यहां उन्हें सांसद बनाने की प्रार्थना खाटू श्याम बाबा से की। दर्शन करने के बाद नीरज मौर्य ने क्षेत्र के कई गांव का भ्रमण कर लोगों से सपा को वोट देने की अपील की। सपा और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी नीरज मौर्य ने अपना चुनाव प्रचार काफी तेज कर दिया है। वह लगातार बदायूं के दातागंज और शेखूपुर के अलावा बिथरी चैनपुर, फरीदपुर और आंवला में पैदल भ्रमण करके लोगों से वोट मांग रहे हैं। पिछले दिनों उनके रोड शो में भी भारी भीड़ जुटने को भी विरोधियों के लिए चुनौती माना जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ सभाओं के दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा सांसद ने 10 साल के कार्यकाल में जनता के हित का एक भी काम नहीं किया। सिर्फ आपस में लोगों को लड़ाकर सम्मानित और प्रतिष्ठित हस्तियों का अपमान किया। उन्होंने कहा कि जनता अब उनको बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है। जनता सपा को विजयी बनाने का प्रण कर चुकी है। खनगांव, श्याम, मनौना धाम, आंवला, बड़ा सिरसा, बिहारीपुर, पटपड़गंज, कच्चा कटरा, मंदिर गौसिया, चौक बजरिया, हाफिजगंज, नकटपुर आदि गांव में तमाम लोगों ने नीरज मौर्य को समर्थन देने का वादा किया और हर बूथ पर सपा का चुनाव लड़ाने का संकल्प लिया। विधानसभा अध्यक्ष इंद्रपाल यादव, पूर्व विधायक आरके शर्मा, वेद मौर्य, मनोज मौर्य, विजेंद्र यादव, ठाकुर भूपेंद्र सिंह, बीडी वर्मा, अरविंद यादव, अरविंद कुमार ,असलम भाई, चमन सिंह, सलीम खान आदि मौजूद रहे।

धर्मेंद्र कश्यप का चुनाव प्रचार करने उतरीं पत्नी और बेटी

जनसंपर्क करतीं भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप की बेटी कीर्ति कश्यप।

बरेली, अमृत विचार : आंवला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के समर्थन में उनकी पत्नी सरोज कश्यप और बेटी कीर्ति ने समर्थकों के साथ सोमवार को चुनाव प्रचार किया। दोनों ने कई इलाकों में घर-घर पहुंचकर मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया।

भाजपा प्रत्याशी की पत्नी सरोज कश्यप गांव कांधरपुर में अपने घर से सुबह पूजा-पाठ करने के बाद क्षेत्र में डोर टू डोर जनसंपर्क करने निकलीं। इस दौरान उन्होंने मोदी और योगी सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार ने ताबड़तोड़ विकास कार्य कराकर हर वर्ग के लोगों के लिए बेहतर काम किया है। प्रत्येक वर्ग को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। स्वास्थ्य, पेयजल, शिक्षा, सड़क समेत सभी मूलभूत सुविधाएं आम लोगों को मुहैया कराई हैं। सांसद की बेटी कीर्ति कश्यप ने कहा कि मोदी सरकार हर वर्ग के हित में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि सही तारीख पर खाते में आती है जबकि पिछली सरकारों मे कल्याणकारी योजनाओं में जमकर दलाली होती थी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। इस दौरान चेयरमैन संजय पाठक, सुभासनी जायसवाल, अनुज पांडेय, चोखेलाल कश्यप, महेंद्र सिंह, दीपक कश्यप समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

इंडिया देशवासियों की पवित्र भावनाओं का गठबंधन: ऐरन

जनसंपर्क करके वोट मांगते इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन।

बरेली, अमृत विचार : बरेली लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन ने सोमवार को विभिन्न जगहों पर संपर्क करने के साथ जनसभाएं भी कीं। इस दौरान लोगों ने उन्हें फूल-माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन ने कहा कि इंडिया गठबंधन देशवासियों की पवित्र भावनाओं का गठबंधन है। पूर्व सांसद ने गांव नरहरपुर गोरी खेड़ा, धामीपुर, अमसा, सुंदरी, सुकटिया, कटैइया बलदेव सिंह, अलैईया टांडा, मटकापुर, लमखेडा, विशेषपुर, कृतिकापुर, जगराजपुर, चोखंडा, ब्राहिमपुर, डबरा, डबरी सहित समेत तमाम गांवों में जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गठबंधन के साथ समाजवादी पार्टी एक अभूतपूर्व शक्ति के रूप में पूरे देश में उभर रही है, क्योंकि समाजवादी पार्टी लोकतंत्र का सम्मान करती है और जनता की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के वादे पर खरा उतरती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे बिना किसी डर के अपने बूथ पर मुस्तैदी से काम करें और मतदाताओं को जागरूक कर उनके एक-एक वोट को डलवाने का काम करें। इस दौरान मुख्य रूप से पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार, अनिल गंगवार, मानिक गुप्ता, राहुल गुप्ता, मुन्ना, मुनेंद्र गंगवार, नीलम गंगवार, अरविंद गंगवार, राज कृष्ण गुप्ता, पंकज पांडेय, रविन्द्र गंगवार, चंद्रपाल, सतीश सैनी, विजय पटेल, पुरुषोत्तम गंगवार, सुरजीत,प्रवेश सागर सहित कई अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

तृतीय पुण्यतिथि

हमारी परम पूज्यनीय माताजी
स्व. श्रीमती माधुरी शुक्ला
बड़ा कठिन है हंसकर जीना, बड़ा कठिन है आँसू पीना।
आप चली गयीं इस दुनिया से, घर आंगन सब कुछ है सूना।।
श्रद्धावनत
अशोक कुमार शुक्ला (पति), हिमांशु-खुशी,
शुभम-प्राची (पुत्र-पुत्रवधु)
बबिता-मनीष (पुत्री-दामाद), अदविका (धेवती),
राघव, नित्या (पौत्र, पौत्री)
पता : 14, चमन कोठी, आलमगिरीगंज, बरेली।
प्रतिष्ठान
राघव इंटरप्राइजेज
सौ फिटा रोड़, बरेली।
9837069370, 989788107, 8410547630

जन-जन को जागरूक और शिक्षित बनाना है
सही नेता चुनने के लिए मतदाता को जगाना है
St. Andrew's School
BRANCH-1: SUBHASH NAGAR, BAREILLY BRANCH-2: ANGOORI, RAMGANGA, BAREILLY | M.: 9219401670, 7017404834

संजय पटेल | रुकुम सिंह
पटेल फोम मो. 9761544084 100 फुटा रोड, बरेली
आपका अमूल्य मतदान ही है लोकतंत्र की जान
वोट जरूर करें
बढ़ाएं भारत की शान

Since 1977
Gaurav Mittal
Managing Director
(Aromatic and Allied)
LA MONK™
From Farmer To Consumer
Gaurav Mittal
Founder of
Brand LA MONK
भारत के सभी नागरिकों से अपील है कि वे वोट डालें।
कृपया इस दिन को छुट्टी के रूप में न लें क्योंकि आपकी पसंद के अच्छे उम्मीदवार को चुनने के लिए आपका वोट बहुत कीमती है।
यह उम्मीदवार हमारे भविष्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है।

देश के विकास में दो अपना योगदान
हर हाल में करना
अपना मतदान
संजीव शर्मा
मो. 9412604357
गनमैन व गार्ड के लिए सम्पर्क करें
नाथ इण्डस्ट्रियल सिक्योरिटी सर्विसेज
मैकनियर रोड, निकट सूद धर्मकांटा चौराहा, प्रेमनगर, बरेली

लोकतंत्र की
सुनो पुकार
मत खोना अपना
मत अधिकार।
डॉ. आशीष सक्सेना
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
यश सर्जिकेयर क्लीनिक
प्रेम नर्सरी चौराहा, मिनी बाईपास रोड, बरेली

हरकेश अग्रवाल | अमित अग्रवाल
स्नेह इण्टरप्राइजेज एण्ड इलैक्ट्रानिक्स
100 फुटा रोड, बरेली मो. 9027414276
आपका अमूल्य मतदान ही है लोकतंत्र की जान
वोट जरूर करें
बढ़ाएं भारत की शान

हम सभी मतदान करें
देश का निर्माण करें
VOTE

लोकतंत्र में सबसे बड़ी शक्ति हमारा मत है।
हमारा एक-एक वोट देश के भविष्य की नींव रखता है।
VOTE INDIA
AMBIENCE
COOLING CORPORATION LLP
TOSHIBA VRF
Unveiling The Next Generation in Cooling
Carrier
अरविन्द कुमार
मो. 9719101668
UG-22, Awadh Plaza, Janakpuri, Bareilly- 243122 ambiencecooling[illegible]@gmail.com

देश के विकास में दो अपना योगदान | हर हाल में करना अपना मतदान ||
SUNEIL DENTALS
REAL DENTISTRY HONEST INFO
DOHRA ROAD, BAREILLY - 8923678643
Dr. D.K. Singh
BDS (MIDA) P.G.C.C.
RCT Specialist
Dr. Sarika Singh BDS & Dr. Saurav BDS
A Multi Speciality Dental & Oral Care Center
Latest Equipments
Quality Treatment
Time:
Mon. - Sat. 10:00 AM to 2:00 PM
05:00 PM to 8:00 PM
Sun. 10:00 AM to 2:30 PM
पता:- डोहरा मेन रोड बादाम सिंह मार्केट, बरेली

सार-संक्षेप

क्षय रोग नियंत्रण को लेकर हुआ मंथन

बरेली, अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में पुनरीक्षित राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम को लेकर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसमें प्रधानाचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह ने क्षय रोग से संबंधित दिक्कतों और उनके निवारण के बारे में चर्चा की। रेस्पीरेटरी मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ राजेश अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. रजत अग्रवाल ने शरीर के अन्य अंगों में होने वाली टीबी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। समारोह के संयोजक सह आचार्य डा जावेद खान, डा ऋषि कुमार सैनी व डा देव कुमार ने टीबी के निदान एवं भिन्न जांचों के बारे में बताया। कॉलेज के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा. एलआर वर्मा, माइक्रोबॉयलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. वेद प्रकाश, पैथोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.नितेश मोहन, फॉरेंसिक विभाग के विभागाध्यक्ष डा. पीसी श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। कार्यशाला का आयोजन रेस्पेरेटरी मेडिसिन विभाग और जिला क्षय रोग केंद्र ने संयुक्त रूप से किया। संचालन सीनियर रेजिडेंट डॉ. चिंकिता अग्रवाल ने किया।

बेदी इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने जीते पदक

बरेली, अमृत विचार : विद्या ताइक्वांडो एकेडमी की ओर से रविवार को राधा माधव पब्लिक स्कूल में द्वितीय ओपन क्योरूगी ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में बेदी इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने 14 स्वर्ण, 6 रजत और तीन कांस्य पदक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। चैंपियनशिप में प्रशस्ति, अंचिता, अभिनव, दिव्यांश, हिमांशु, अक्षण, काव्या ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर स्कूल के चेयरमैन अमनदीप बेदी, प्रधानाचार्य जेके साहनी, मेंटर पुष्पेंद्र सागर ने बच्चों को बधाई दी।

एलिस बने यूपी आर्म रेसलिंग चैम्पियन

बरेली, अमृत विचार : इंडो बॉडी बिल्डिंग फिटनेस एसोसिएशन यूपी की ओर से रविवार को वसंत विहार में प्रदेश स्तरीय आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। संस्था के प्रदेश प्रतियोगिता पांच वर्ग भाग में सम्पन्न हुई। 0-50 वर्ग भाग में शान प्रथम, सौरभ द्वितीय, वसीम तृतीय, 50-60 वर्ग भाग में प्रभु प्रथम, शादाब द्वितीय, दीपक तृतीय, 60-70 वर्ग में यश प्रथम, कलीम द्वितीय, नितिन तृतीय स्थान पर रहे। ओवरऑल चैंपियन का खिताब एलिस (चंदौसी) ने प्राप्त किया। आईवीएफए के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु चौहान ने सफल खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। अध्यक्ष नदीम खान ने बताया कि प्रतियोगिता में करीब 200 खिलाड़ी ने भाग लिया निर्णायक मंडल में शिवम और उनकी टीम शामिल रही। अशोक चौधरी, योगराज लोधी, बीके सिंह, मनमोहन सिंह तनेजा आदि मौजूद रहे।

सीएआरआई ने कैरी एग पेड़ा का किया व्यवसायीकरण

बरेली, अमृत विचार : केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई) ने कैरी एग पेड़ा के व्यवसायीकरण को लेकर डम-डम फूड लैब कानपुर के साथ एएमयू साइन किया है। पेड़ बनाने वाली टीम के प्रमुख डा, जयदीप रोकड़े ने बताया कि एग पेड़े में प्रोटीन की मात्रा अधिक होती है। खोए के पेड़े बनाने की तुलना में इसमें लागत कम आती है। एमओयू संस्थान के निदेशक डा. अशोक कुमार तिवारी और डम डम फूड प्रोडक्ट्स के एमडी मोहम्मद फाजिल के बीच हुआ है।

धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

बरेली, अमृत विचार : शील चौराहा स्थित आईएमएस कोचिंग में सोमवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस मौके पर छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। विभिन्न रोचक खेल और प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन हुआ। संस्थान के निदेशक अक्षय मणि और विकल तिवारी ने सफलता पर सभी छात्रों को बधाई दी। संचालन अंबिका टंडन, वैष्णवी, आरिज, सूरज मिश्र ने किया। मानस, प्रदीप, मोहक, आदि उपस्थित रहे।

जूनोसिस रोगों की रोकथाम के प्रति किया जागरूक

बरेली, अमृत विचार : जूनोसिस रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए आईवीआरआई के पशु जन स्वास्थ्य विभाग की वैज्ञानिक डॉ. हिमानी धांजे ने रोटरी क्लब इज्जतनगर के सहयोग से डी. गोयनका पब्लिक स्कूल और केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। डॉ. धांजे ने बताया कि जूनोसिस उन संक्रमणों और बीमारियों को कहते हैं जो रीढ़ वाले पशुओं और मनुष्य के बीच स्वाभाविक रूप से संचरित होते हैं। इसे आम भाषा में पशुजनित रोग भी बोलते हैं। मनुष्य और पशुओं की दिन-प्रतिदिन की निकटता मानव जीवन को जूनोटिक संक्रमणों से खतरे में डालती है। इस मौके पर जूनोसिस पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई, जिसमें प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

टेबल टेनिस में शाहजहांपुर, शतरंज में मेरठ विजेता

आईएमए बरेली के स्प्रिंट स्पोर्ट्स कार्निवल का समापन, गाजियाबाद ने स्विमिंग में किया शानदार प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अगली मैराथन में अंगदान का संदेश देने का निर्णय

अमृत विचार : आईएमए बरेली की ओर से आयोजित स्प्रिंट स्पोर्ट्स कार्निवल का पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. शरद अग्रवाल ने रविवार को समापन मैराथन के साथ किया। मैराथन के जरिये स्वस्थ रहने का संदेश दिया। आईएमए गाजियाबाद ने स्विमिंग, बैडमिंटन में शानदार प्रदर्शन किया तो आईएमए शाहजहांपुर और मेरठ ने टीटी और शतरंज में अपनी चालों का लोहा मनवाया। आईएमए शामली और आईएमए पीलीभीत ने मैराथन में बाजी मारी तो आईएमए रामपुर, मुरादाबाद और चंदौसी इकाई ने अलग-अलग खेल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. शरद अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के खेल आयोजन से डॉक्टर्स को एक बेहतर स्वास्थ्य के साथ आपस में मिलने जुलने का मौका मिलता है। सुझाव दिया कि आगामी मैराथन में अंगदान का संदेश दिया जाए। आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एमएम पालीवाल ने आईएमए बरेली के अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल को इस शानदार आयोजन के लिए बधाई दी।

आईएमए गाजियाबाद के पूर्व अध्यक्ष और प्रदेश सचिव डॉ. बीबी जिंदल ने कहा कि यह जिंदादिली और स्वस्थ रखने का सबसे बेहतर उपाय है। आईएमए गाजियाबाद के अध्यक्ष डॉ. संदीप ने वेटेरंस टीटी में चैंपियनशिप जीती। वहीं दूसरी और खेलों को बढ़ावा देने के लिए कैरम बैडमिंटन मैराथन एवं सभी खेलों में भागीदारी के लिए पूरी टीम को लेकर आए और सभी खेलों में गोल्ड, सिल्वर के साथ ट्रॉफी हासिल की। बरेली आईएमए अध्यक्ष ने उनके इस जज्बे की सराहना की। शाहजहांपुर से डॉ कन्नौजिया डॉ अखिलेश डॉ शशांक गंगवार व अन्य ने टेबल टेनिस में एक के बाद एक मैच जीत कर धमाल मचा दिया।

आईएमए के स्पोर्ट्स कार्निवल के समापन के मौके पर विजेता प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित। ● अमृत विचार

मेरठ से आए डॉ ऋद्धिवर्धन और डॉ मीतुल जैन ने बेहतरीन खेल का परिचय दिया। हापुड़ से आए पूर्व राष्ट्रीय सह सचिव डॉ आनंद प्रकाश ने भी विचार रखे। टूर्नामेंट के आयोजन में आईएमए बरेली अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल, चेयरमैन प्रोग्राम डॉ. रवीश अग्रवाल, स्पोर्ट्स चेयरमैन डॉ. प्रमेन्द्र माहेश्वरी, सचिव डॉ. गौरव गर्ग, कोषाध्यक्ष डॉ. निकुंज गोयल, आगामी अध्यक्ष डॉ. आरके सिंह, डॉ अंशु अग्रवाल, डॉ. अतुल श्रीवास्तव, डॉ ऋतु, डॉ अर्जुन, डॉ वीवी सिंह, डॉ अनूप आर्या, डॉ. सौरभ, डॉ. शिवम काम्थन, डॉ. शालिनी अरोड़ा आदि का सहयोग रहा।

सेवानिवृत्त वरिष्ठ सहायक के सभी वित्तीय लाभ स्थगित

बरेली, अमृत विचार : जरूरी तथ्य छिपाकर विभाग को गुमराह करने के मामले में डीआईओएस ने सेवानिवृत्त वरिष्ठ सहायक ओम बिहारी के एसीपी का लाभ रोकने और रिकवरी का आदेश दिया है।

डीआईओएस के पत्र के अनुसार जुलाई 2023 में कोहाड़ापीर के राजेश कुमार ने कुंवर रंजीत सिंह इंटर कॉलेज से जून 2023 में सेवानिवृत्त वरिष्ठ सहायक पर पदोन्नति और द्वितीय एसीपी का लाभ लेने के लिए जरूरी तथ्य छिपाने का आरोप लगाया था। वरिष्ठ सहायक पर पहले से ही सत्र न्यायालय में स्कूल की बोर्ड फीस का गबन का मुकदमा विचाराधीन है। शिकायत पर जांच समिति का गठन किया गया था। समिति की रिपोर्ट पर डीआईओएस ने यह कार्रवाई की है। उन्होंने पत्र में यह भी कहा है कि न्यायालय के अंतिम निर्णय आने पर उनको निर्दोष पाया जाता है तो लिए गए सभी लाभ मान्य होंगे।

सेक्रेड हार्ट स्कूल ने जीती वॉलीबाल चैंपियनशिप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : 13 वीं वीरेंद्र सिंह मेमोरियल वॉलीबाल चैंपियनशिप में सोमवार को नैनीताल रोड स्थित सेक्रेड हार्ट स्कूल में सीनियर बालक वर्ग अंडर 19 में फाइनल मुकाबला सेक्रेड हार्ट कान्वेंट और विद्या वर्ल्ड स्कूल के बीच हुआ। सेक्रेड हार्ट कान्वेंट की टीम ने विपक्षी टीम को 2-0 से मात देकर ट्राफी पर कब्जा कर लिया।

बालिका अंडर 14 वर्ग का फाइनल आर्मी पब्लिक स्कूल और बीबीएल के बीच हुआ। इसमें आर्मी पब्लिक स्कूल की टीम ने 2-0 के अंतर से मैच में जीत दर्ज की। जूनियर बालक अंडर 14 वर्ग फाइनल में पुलिस मार्डन स्कूल और आर्मी पब्लिक स्कूल के बीच हुआ, जिसमें आर्मी पब्लिक स्कूल ने विपक्षी टीम को 2-0 के अंतर से पराजित कर विजय हासिल की। सीनियर बालक एवं बालिका अंडर 19 वर्ग में दिव्यांश, अंजलि व जूनियर वर्ग अंडर 14 बालक, बालिका में अनस खान, रिया को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के खिताब से नवाजा गया। इससे पहले आरएसओ जितेंद्र यादव ने वॉलीबाल उछाल कर कार्यक्रम की शुरुआत की। निदेशक राधा सिंह, कार्यकारी निदेशक निर्भय बेनीवाल, प्रधानाचार्य डा. उर्मिला वाजपेई, योगेश राठी, मो. उजैर, संजय सिंह, अंकित सिंह, एचएस बिष्ट, गौरव आदि मौजूद रहे।

ट्रॉफी के साथ वॉलीबाल चैंपियनशिप की विजेता और उपविजेता टीमें। ● अमृत विचार

बीएएमएस छात्रों का परिणाम अटका प्रवेश परीक्षा से वंचित होने के आसार

- छात्रों ने परीक्षा नियंत्रक से मुलाकात कर जल्द परिणाम घोषित करने की मांग की

बरेली, अमृत विचार: रुहेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध आयुर्वेदिक महाविद्यालयों के बीएएमएस अंतिम वर्ष के छात्रों का परिणाम परीक्षा के चार महीने बाद भी जारी नहीं हो सका। परिणाम जारी न होने से छात्रों का एक साल बर्बाद हो जाएगा।

परिणाम जारी न होने की वजह विश्वविद्यालय के कर्मचारियों की ड्यूटी चुनाव में लगी होना बताया जा रहा है। इसकी वजह से परिणाम तैयार नहीं हो पा रहा है। परेशान छात्र सोमवार को परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार से मिले और जल्द परिणाम घोषित करने की मांग की। छात्रों के मुताबिक एनसीआईएमएस के नए निर्देशों के अनुसार पीजी की प्रवेश परीक्षा देने के लिए एक वर्ष का चिकित्सीय प्रशिक्षण करना आवश्यक होता है। जो 30 अप्रैल 2025 तक पूर्ण होना चाहिए। इसी तरह मेडिकल ऑफिसर की सरकारी नौकरी के लिए भी प्रशिक्षण पूर्ण होना चाहिए। छात्रों ने जल्द परीक्षा का परिणाम घोषित करने की मांग की है। इस दौरान अभिषेक सिंह सम्भल, प्रिया, मनीष, उमेश, अजय, सुधांशु, अंशिता, स्वाति, आजम मालिक मौजूद रहे।

छात्रा कपड़ों में छिपाकर लाई नकल की 20 पर्ची

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में वार्षिक परीक्षा के दौरान एक छात्रा और छात्र को नकल सामग्री के साथ पकड़ा गया।

चीफ प्रॉक्टर आलोक खरे में बताया कि द्वितीय पाली में बीएड के एक छात्र के पास नकल सामग्री बरामद हुई। छात्र के पास दो प्रवेश पत्र थे, जिसमें वह एक पर नकल लिखकर लाया था। इसके अलावा बीए इतिहास की एक छात्रा के पास नकल की पर्ची मिली। महिला सचल दल ने उसकी तलाशी ली तो उसके कपड़ों में गेस पेपर की 20 पर्चियां मिलीं। दोनों को बुक का रिपोर्ट विश्वविद्यालय भेज दी गई है।

गुरु तेग बहादुर के प्रकाश पर्व पर सजा कीर्तन दरबार

प्रकाश पर्व पर कीर्तन करते जगजीत सिंह बबिहा। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : गुरु तेग बहादुर के प्रकाश पर्व पर सोमवार को संजय नगर स्थित दुख निवारण गुरुद्वारे में मुख्य दीवान सजाया गया। सुबह से ही गुरुद्वारे में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। 7 बजे अखंड साहिब के पाठ के बाद प्रभातफेरी निकाली गई। हजूरी रागी अमरजीत सिंह, अखंड कीर्तनी जत्थे के सेवा सिंह, ज्ञानी बलविंदर सिंह ने गुरु तेगबहादुर साहिब के इतिहास के बारे में विस्तार पूर्वक संगत को बताया। इस मौके पर जगजीत सिंह बबिहा ने कीर्तन किया। गुरुद्वारे में लंगर का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

श्री गुरु तेगबहादुर साहिब के प्रकाश पर्व पर सजे दीवान में कीर्तन सुनती संगत। ● अमृत विचार

स्पेक्ट्रा 2024 की विजेता बनी पीएफएम टाइगर्स

क्रिकेट मैच शुरू होने से पहले टॉस के लिए ग्राउंड पर पहुंचीं टीमें। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के बीआईयू कॉलेज फार्मेसी फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज, फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज, बीआईयू कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में तीन दिवसीय स्पेक्ट्रा 2024 का सोमवार को समापन हो गया।

फार्मेसी हीरोज और पीएफएम टाइगर्स की टीम के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। फाइनल मैच का टॉस प्राचार्य डा. पुष्पेंद्र कनौजिया और डा. शैलेंद्र वर्मा ने किया। पीएफएम टाइगर ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय किया। फार्मेसी ने 10 ओवर में 9 विकेट गंवाकर 102 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में पीएफएम टाइगर्स ने मात्र 9.5 ओवर में 4 विकेट गंवाकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। मैच में पीएफएम टाइगर्स के खिलाड़ी मुगीस खान ने 34 गेंद में 80 रन नाबाद पारी के साथ 3 विकेट चटकाए। बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की उप कुलाधिपति डा. लता अग्रवाल ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं दीं और भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों के लिए प्रोत्साहित किया।

उच्चीकृत बा स्कूलों में कक्षा 9 में छात्राओं के प्रवेश शुरू

बरेली, अमृत विचार : उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूलों में इस सत्र से कक्षा नौ से इंटर तक की पढ़ाई शुरू हो जाएगी। इनमें कक्षा नौ में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिले में 16 में से 13 बा स्कूलों को उच्चीकृत किया गया है। जुलाई तक सभी स्कूलों में बालिकाओं के लिए राशन और जरूरी सामान पहुंच जाएगा। मीरगंज, भदपुरा, फतेहगंज और नवाबगंज के बा स्कूलों में अब तक कक्षा नौ में 15 से 20 बालिकाओं ने प्रवेश लिया है।

आगे बढ़ने के लिए संचार कौशल का विकास जरूरी

बरेली, अमृत विचार : माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल में सोमवार को मोटीवेशनल टॉक का आयोजन हुआ। इस मौके पर मुख्य वक्ता विद्यालय के पुरातन छात्र ध्रुव गौतम ने कहा कि वर्तमान समय में सभी को अपने संचार कौशल का विकास करना चाहिए, क्योंकि आगे बढ़ने के लिए यह बेहद जरूरी है। बच्चों को बताया कि भविष्य में चाहे कोई भी रास्ता चुनें, लेकिन शिक्षकों के दिए ज्ञान को ध्यान से सुनें, समझें और उसके नोट्स तैयार करें। उन्होंने छात्रों के कॅरियर से जुड़े तमाम सवालों का जवाब भी दिए। प्रबंधक डा. सौरभ कुमार अग्रवाल और प्रधानाचार्या डा. प्रियंका सरकार ने उन्हें स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

अब 8 मई तक फॉर्म भर सकेंगे छात्र

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के परास्नातक और एलएलबी के परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ा दी है। छात्र अब 8 मई तक परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक एमए, एमएससी और एमकॉम और एमएससी गृह विज्ञान द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर, एलएलबी द्वितीय, चतुर्थ और षष्ठम सेमेस्टर और बीए एलएलबी द्वितीय, चतुर्थ, षष्ठम, असठम और दशम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 28 अप्रैल थी। अब छात्रहित में तिथि विस्तारित कर दी गई है।

अधृत निशांत अदिति राइडर्स और न्यूरो किड्स केयर रॉयल्स ने मैच जीते

बरेली, अमृत विचार : बरेली क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से डोहरा रोड पर चल रहे जीपीसीए अंडर-19 क्रिकेट लीग में सोमवार को अधृत निशांत अदिति राइडर्स और न्यूरो किड्स केयर रॉयल्स ने अपने मैच जीते। अधृत निशांत अदिति राइडर्स ने 26.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 213 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए संता बंता हंटर्स की टीम महज 55 रन ही सिमट गई। प्लेयर ऑफ द मैच मुनीश राजपूत रहे। दूसरे मैच में न्यूरो किड्स केयर रॉयल्स ने एचएजे सुपर किंग्स को 2 रन से हराया। न्यूरो किड्स केयर रॉयल्स ने 23.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 157 रन बनाए। एचएजे सुपर किंग्स ने 25 ओवर में 8 विकेट खोकर 126 रन बना सकी।

डेंटल के पीजी छात्रों को राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रथम पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के प्रोस्थोडॉन्टिक विभाग के पोस्ट ग्रेजुएशन के छात्रों ने चेन्नई में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।

जिसमें इन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। यह पुरस्कार तृतीय वर्ष की पीजी डॉ. आंचल प्रकाश और प्रथम वर्ष के पीजी डॉ. ऋत्विक सिंह, डॉ. देवांशी पलड़िया और डॉ. मोनिका को दिया गया। इस उपलब्धि पर बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल, प्रधानाचार्य डॉ. सत्यजीत नायक और विभागाध्यक्ष डॉ. मुकेश सिंघल ने डॉक्टरों को सम्मानित किया। इन छात्रों ने एक ऐसे यंत्र का निर्माण किया है, जो इम्प्लांट प्लेसमेंट के दूसरे चरण की सर्जरी के दौरान हड्डी में पड़े टाइटेनियम इम्प्लांट को पता करने में मदद करेगा। इस यंत्र को बनाने में विभागाध्यक्ष डॉ. मुकेश सिंघल, डॉ. चंदना नायर और डॉ. आलोक कुमार का योगदान रहा।

विजेता छात्रों को शुभकामनाएं देते बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल व अन्य ● अमृत विचार

चिड़ियाघरों के हाथियों को मोटापे से बचाएगा डाइट प्लान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- तमाम चिड़ियाघरों में अध्ययन कर निर्धारित की हाथियों की डाइट
- 3-6 किग्रा आटे की रोटिया से नहीं बढ़ेगा हाथियों में मोटापा

अमृत विचार: चिड़ियाघरों के हाथियों के मोटापे को दूर करने के लिए भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के पशु पोषण विभाग ने डाइट प्लान तैयार किया है। इसके लिए पशु पोषण विभाग के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. असित दास ने तमाम चिड़ियाघरों में रहने वाले हाथियों पर अध्ययन किया।

प्रधान वैज्ञानिक डा. असित दास के अनुसार जंगलों में रहने वाले हाथियों के मुकाबले चिड़ियाघरों में रहने वाले हाथी शारीरिक गतिविधियां कम करते हैं। इस कारण उनके वजन में लगातार वृद्धि होती है। इससे उनका मोटापा बढ़ने लगता है जो उनके लिए ठीक नहीं होता।

उन्होंने बताया कि आमतौर पर हाथी 24 घंटे में करीब 14-15 घंटे खाते हैं। वे प्रतिदिन करीब 250 किलो घास का सेवन करते हैं। यह उनकी दैनिक डाइट है, इसके साथ ही मिनिरल्स के लिए वे पेड़ की छाल, पत्ते, फूल को भी खाने में शामिल करते हैं। अधिक मात्रा में खाने से हाथियों के वजन बढ़ने की समस्या देखी गई है। इसके बचाव के लिए चिड़ियाघर, वन्य अभ्यारणों को कुछ सुझाव साझा दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि कुछ स्थानों पर देखा गया कि हाथियों को 10 किलो आटा की रोटियां बनाकर दी जाती हैं। रोटियों में अधिक संख्या में ग्लूटीन होने से यह उनके शारीरिक और प्रजनन स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, कभी-कभी अधिक मात्रा में आटे के चलते वसा मादा हाथी के गर्भाशय में एकत्र हो जाता है, जिससे गर्भधारण में समस्या देखने को मिलती है। हालांकि इससे बचाव के लिए आईवीआरआई ने न्यूनतम 3 और अधिकतम 6 किलो तक आटे की रोटियां खिलाने का सुझाव दिया है, जिससे उनका पेट भी जल्द भरेगा, स्वास्थ्य भी प्रभावित नहीं होगा।

बॉडी कंडीशन स्कोर से मापा जाता है हाथियों में मोटापा

हाथियों में मोटापा बॉडी कंडीशन स्कोर से मापा जाता है। जिनमें शरीर में बाहरी रूप से दिखने वाली हड्डियों समेत अन्य मानक हैं। इसमें तीन से अधिक स्कोर मोटापा की श्रेणी में रखे जाते हैं। जबकि 1 स्कोर होने पर हाथी को कुपोषित माना जाता है, जबकि 5 स्कोर होने पर हाथी को अत्यंत मोटापे की श्रेणी में रखा जाता है।

डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493
9457096487
उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड का एकमात्र अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
गंगवार हॉस्पिटल
OMPC सोसाइटी
चैरिटेबिल ओ.पी.डी.
मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रूप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
ऑवला
IFFCO HOSPITAL
बृहस्पतिवार
समय 4 से 6 बजे तक

नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण

1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गढ्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्लेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
- 24 घंटे के अन्दर
- 14 दिन के बाद भी
- हथेली व तलुवे का भी पीला होना
- Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना

(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर
स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग
भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

ओम शान्ति हॉस्पिटल

डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
- कान का बहना, कम सुनाई देना
- चक्कर आना
- सिर में दर्द
- नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना
- नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना
- सोते समय खर्राटे आना
- आवाज का बैठ जाना
- मुंह न खुलना
- चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना
- खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले
- गले में गाँठें

नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसेः-
- कान के पर्दे में छेद
- नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी
- गले में टांसिल
- मुँह में कैंसर
- गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ
- लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन
- नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी
- गले में मांस के कारण बैठी आवाज
- आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन

दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)

दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)

डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
- दाँतों का डिजिटल X-Ray
- दाँतों की नस का इलाज (RCT)
- अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling)
- दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना
- फिक्स दाँत (Bridges)
- बत्तीसी बनाना (Complete Denture)
- बिना दर्द के दाँत निकालना
- लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing)
- हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant)
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment)
- बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज

विभाग :-
- नाक, कान, गला रोग
- दन्त रोग
- हड्डी व जोड़ रोग
- चर्म रोग
- जनरल फिजीशियन

24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

बुजुर्ग की हत्या के दो दोषियों को उम्रकैद

विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार : आठ वर्ष पूर्व गोबर डालने के विवाद में वृद्ध की भाला मारकर हत्या करने के मामले में फतेहगंज पूर्वी के ग्राम चठिया चटनपुर निवासी सुनील और प्रभात उर्फ पिंकू को सत्र परीक्षण में दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश अजय कुमार शाही ने सश्रम आजीवन कारावास और प्रत्येक को 25-25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

सरकारी वकील हेमेन्द्र गंगवार ने बताया कि बल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके मकान के सामने गांव के सुनील का घूरा पड़ा है। जहां पर पेड़ खड़े हैं। छांव रहने के कारण पिता साहब सिंह अक्सर वहां पर खाना खाते थे। 30 सितंबर 2016 को 11 बजे पिता वहां पर खाना खा रहे थे। तभी सुनील का भाई गोबर फेंकने घूरे पर आया। इसपर पिता ने संभालकर गोबर डालने की बात कही। इससे सुनील आदि नाराज हो गए। पिता घर से चौपाल पर जा रहे थे, तभी सुनील, प्रभात उर्फ पिंकू ने पिता को घेर लिया। प्रभात ने पिता को पकड़ लिया और सुनील ने सीने में भाला मार दिया।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ◆ घबराहट ◆ छाती में दर्द या भारीपन ◆ सांस फूलना ◆ पैरों में सूजन ◆ हाई ब्लडप्रेशर ◆ हाई कोलेस्ट्रोल ◆ डाइबिटीज (शुगर) ◆ सीने या पेट में जलन या दर्द ◆ हार्ट अटैक ◆ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE

डॉ. अरशद अली
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच.
नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
Ph.: 9359110376
डॉ. शाहिदा बी. खान
एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी.
कन्सलटेंट पैथोलॉजिस्ट

सब पैथोलॉजी
सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
PRIME HOSPITAL
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
- मेडिसिन विभाग
- सर्जरी विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- मानसिक रोग विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- न्यूरो विभाग
- बाल रोग विभाग

आयुष्मान योजना के तहत फ्री ऑपरेशन व इलाज
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

THE TOOTH LOUNGE
Regd. No. : 21537
A COMPLTE DENTAL CARE SOLUTION
- दाँतों की नसों का उपचार
- दाँतों में मसाला भरना
- दाँतों का निकालना
- दाँतों की सफाई एवं पॉलिशिंग
- दाँत एवं बत्तीसी बनवाना
- स्माइल डिजाइनिंग
- RCT Treatment
- डिजिटल एक्स-रे
- टेढ़े मेढ़े दाँतों में तार लगाना
- डेंटल इम्प्लांट

Dr. Neha Agarwal
(Dental Surgeon)
Mob. : 9870822971
Timing : 11 AM to 3 PM & 5 PM to 8 PM
83, Civil Lines, Near Kipps Hero Service Center Choupla Road, Bareilly

डा० आदित्य त्यागी
ADITYA
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक-
शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :-
आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

डॉ. पुनीत सरपाल (वरिष्ठ चिकित्सक)
डॉ. सोनम सरपाल (चिकित्सक)
समय-प्रातः 9 बजे से सायं 7 बजे तक
विशेषज्ञ
कैंसर, गुर्दे रोग, पथरी, बांझपन, हाईड्रोसीफलस, चर्म रोग
PILES, FISSURE, FISTULA, AVN, PANCREAS, TIP
Since 1978
सरपाल होम्योपैथी
ए-92, आई.सी.आई.सी.आई. बैंक के पास, एकता नगर, बरेली
9837318170, 6397009532
डॉ. प्रियम सरपाल
youtube channel : www.youtube.com/user/drPunitSarpal/Videos

नशीले कैप्सूल की तस्करी के तीन आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार : प्रतिबंधित प्रोक्सीओम स्पास कैप्सूल की तस्करी के आरोपी फरीदपुर के मोहल्ला फर्रखपुर निवासी हर्षित गुप्ता, शिवम गुप्ता और करन गुप्ता की जमानत अर्जी स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट पशुपति नाथ मिश्रा ने खारिज कर दी। सरकारी वकील आशुतोष दुबे ने बताया कि 24 मार्च को पदारथपुर मोड़ पर सूचना पर फरीदपुर पुलिस ने चार लोगों को पकड़ा था। नाम पूछने पर हर्षित गुप्ता, अरुण मौर्य, शिवम गुप्ता और करन गुप्ता बताया था। तलाशी में 98 डिब्बों में कुल 23520 कैप्सूल बरामद हुए थे। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था।

घर में घुसकर हमला करने के आरोप में पांच पर एफआईआर

बरेली, अमृत विचार : मकान पर कब्जा करने में नाकाम महिला ने परिजनों के साथ पीड़ित के घर में घुसकर हमला कर दिया। आईजी के निर्देश पर बारादरी पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बारादरी के सैलानी निवासी नवेद अख्तर ने आईजी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनके भाई का पड़ोस में मकान है। आरोप है कि मोहल्ला बिहारीपुर करोलान निवासी तंजीला ने उनके भाई के मकान का लिंटर तोड़ दिया और कब्जे का प्रयास किया। इसकी शिकायत पुलिस से की। इससे तंजीला, नाजिया, अफताब, फराज और उसका पिता मोहम्मद तस्लीम अकबर 30 मार्च को घर में घुस आए और मारपीट कर घरेलू सामान तोड़ने लगे।

अपहरण मामले में आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर रही शाही पुलिस

बरेली, अमृत विचार : एसएसपी के आदेश के बाद शाही पुलिस ने किशोरी के अपहरण रिपोर्ट तो दर्ज कर ली है, लेकिन अब तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। इससे आक्रोशित हिंदू संगठन के एक पदाधिकारी ने एक्स पर पोस्ट कर पुलिस अफसरों से शिकायत की है। 22 अप्रैल को शाही थाना क्षेत्र के एक गांव की 14 वर्षीया किशोरी को मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा का मुर्तजा ले गया था। किशोरी के पिता थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने को चक्कर काटते रहे, लेकिन पुलिस ने एक नहीं सुनी। आरोप है कि किशोरी के अपहरण में उसकी सहेली की भी भूमिका है। पुलिस की लापरवाही से आक्रोशित गोरक्षा संगठन के हिमांशु पटेल ने एक्स पर एडीजी, आईजी और बरेली पुलिस को पोस्ट किया है। उन्होंने लव जिहाद का आरोप लगाया है। हिमांशु ने आरोप लगाया है कि स्थानीय पुलिस शांत बैठी है। पुलिस छह दिन बाद भी किशोरी को बरामद नहीं कर सकी है।

युवती पर दो युवकों ने चाकू से किया हमला

बरेली, अमृत विचार : बहन के साथ आ रही युवती पर दो युवकों ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गई। शिकायत पर बारादरी पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। किला के जकाती मोहल्ले की सोनिका सक्सेना ने बताया कि उनकी मौसी आनंद विहार कॉलोनी में रहती हैं। 27 अप्रैल की रात को वह मौसी के घर से बहन के साथ आ रही थीं। मौसी के घर से कुछ दूरी पर डोहरा मोड़ के पास स्कूटी और बाइक पर सवार दो लोग आए और आवाज देकर रोका। न रुकने पर दोनों पास आ गए और चाकू से हमला किया। जिससे हाथ जख्म हो गया। शोर मचाने पर आरोपी गोली मारने की धमकी देते हुए भाग गए। इस दौरान एक आरोपी ने स्कूटी से संजय नगर चौराहा तक पीछा किया। इंस्पेक्टर बारादरी अमित पांडेय ने बताया कि घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

एक नजर

सपा नेता ने खुद पर हमला होने की जताई आशंका

बरेली, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष हैदर अली का आरोप है कि सपा नेता उन पर हमला करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब से उन्होंने सपा नेताओं की पोल खोलने की बात कही है, तब से नेता मुझ पर दबाव डालकर शांत रहने को कह रहे हैं। उन्होंने आशंका जताई है कि सपा नेता उन पर जानलेवा हमला करवा सकते हैं।

कहां कितना काम हुआ जानेंगे बिजली अफसर

बरेली, अमृत विचार : जिले में बिजली की योजनाओं को लेकर कराए जा रहे काम का अधिकारी निरीक्षण करेंगे। इस संबंध में पावर कारपोरेशन ने विभाग को निर्देश दिए हैं। पावर कारपोरेशन के निदेशक तकनीकी एके श्रीवास्तव ने मुख्य अभियंता को भेजे पत्र में कहा है कि टीजी 2 से लेकर मुख्य अभियंता वितरण स्तर तक के सभी अधिकारी और कर्मचारी मई में आरडीएसएस, बिजनेस और नगर निकाय प्लान के तहत कराए जा रहे काम का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण की रिपोर्ट मुख्यालय को मुख्य अभियंता को देनी होगी। मुख्य अभियंता रणविजय सिंह ने बताया कि निरीक्षण की जिम्मेदारी तय कर दी गई है।

नशे में दौड़ा रहे थे कार, स्कूटी में मारी टक्कर, पोल से टकराकर लगी आग

स्कूटी पर बैठा व्यापारी घायल, अस्पताल में भर्ती, गुस्साए लोगों ने किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : शराब के नशे में तेज गति से कार दौड़ा रहे चालक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद स्कूटी करीब दस मीटर तक रगड़ते हुए बिजली के पोल से जा टकराई, जिससे आग लग गई। हादसे में स्कूटी पर बैठा व्यापारी घायल हो गया। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई। हादसे के बाद कार सवार फरार हो गए। घटना स्थल पर लोगों ने जमकर हंगामा किया। इंस्पेक्टर कोतवाली ने लोगों को समझाकर मामला शांत कराया।

बारादरी के फाइक एंक्लेव निवासी मोहम्मद रफी ने बताया कि मिशन मार्केट में उनकी और भाई मोहम्मद शफी की कपड़े की दुकान है। सोमवार रात करीब 10.30 बजे

आग बुझाती फायर ब्रिगेड। ● अमृत विचार

मिशन मार्केट पर हादसे के बाद जमा भीड़। ● अमृत विचार

● फायर ब्रिगेड ने बुझाई आग पुलिस ने मामला शांत कराया

वे दुकानें बंद करा रहे थे। उनके भाई मोहम्मद रफी स्कूटी पर बैठे थे। तभी तीन युवक तेज गति से कार लेकर आए। कार पहले डिवाइडर से टकराने बची। इसके बाद कार उनकी दुकान की ओर आई और स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से स्कूटी कार में फंस गई और करीब 10 मीटर तक रगड़ते हुए बिजली के पोल से टकरा गई। इस दौरान स्कूटी में आग लग गई और पोल गिर गया। हादसे में मोहम्मद शफी घायल हो गए। हादसे के बार युवक कार लेकर भाग गए। सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद दुकानदार हंगामा करने लगे। इंस्पेक्टर कोतवाली दिनेश कुमार शर्मा ने मामला शांत कराया। वहीं क्षेत्र की आपूर्ति को बंद कर दिया गया। इंस्पेक्टर ने बताया कि तहरीर मिलने पर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। स्थानीय लोगों के अनुसार हादसे के दौरान कार से बीयर की बोतलें निकलकर गिर गई थीं।

गेहूं खरीद बढ़ाने के लिए किसानों के घर जाकर तौल करा रहे हैं अफसर

किसान के घर गेहूं की तौल कराते डिप्टी आरएम। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : गेहूं खरीद बढ़ाने के लिए खाद्य विपणन विभाग के अधिकारी किसानों के घर घर जाकर तौल करा रहे हैं। डिप्टी आरएमओ कमलेश पांडेय ने बताया कि शासन के निर्देश हैं कि 200 से 250 क्विंटल फसल वाले किसानों के घर जाकर तौल कराने का प्रयास किया जाए, ताकि गेहूं खरीद बढ़ सके। इसी क्रम में सीबीगंज के दौली रघुवर दयाल जाकर विभाग की टीम ने किसान के घर गेहूं की तौल कराई। डिप्टी आरएमओ कमलेश पाण्डेय और मार्केटिंग इंस्पेक्टर सोनिया शर्मा मौजूद रहीं। किसान जफर हुसैन निवासी ग्राम दौली रघुवर दयाल के घर से 245 क्विंटल गेहूं की तौल कराई गई। जिले के 137 क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद कराई जा रही है।

क्रय केंद्रों पर सन्नाट

बहेड़ी, अमत विचार : पिछले दो -तीन साल के खरीद के आंकड़ों को देखते हुए सरकार ने एक माह पहले ही गेहूं खरीद का फैसला एक मार्च से लिया पर हालात जस के तस ही है। खरीद केंद्र प्रभारी सुबोध यादव ने किसानों से संपर्क कर जैसे -तैसे गेहूं को क्रय केंद्रों तक मंगवाया जो 10 हजार क्विंटल खरीद होते- होते सन्नाटा पसर गया। मंडी समिति परिसर में आरएफसी के चार, एफसीआई के दो, नैफेड के दो, यूपीएसएस के दो और पीसीएफ और पीसीयू के एक- एक खरीद केंद्र सहित कुल 12 खरीद केंद्र बनाए गए हैं। आरएफसी के चारों केंद्रों पर कुल 8448 क्विंटल और बाकी आठ केंद्र दो हजार क्विंटल गेहूं खरीद कर हाथ पर हाथ धरकर बैठने को मजबूर हो गए।

रिश्वत लेने वाले अंशकालिक कर्मचारी की जमानत खारिज

विधि संवाददाता, बरेली अमृत विचार: रिश्वत लेने के आरोपी अंशकालिक कर्मचारी की जमानत अर्जी स्पेशल जज एंटी करप्शन सुरेश कुमार गुप्ता ने खारिज कर दी।

सरकारी वकील मनोज वाजपेयी ने बताया कि विनोद कुमार ने एग्जाम वारियर्स एकेडमी नवादा शेखान में खोलने का विचार किया था। इसके लिए उन्होंने सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी बरेली-मुरादाबाद परिक्षेत्र में 17 फरवरी को आवेदन किया था। जांच अधिकारी रामकुमार ने जो आपत्तियां बताई थीं, उन्हें पूर्ण करने के बाद विनोद कुमार दोबारा क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे। वहां संबद्ध जेएस हिंदू पीजी कॉलेज के अंशकालिक कर्मचारी कौशल किशोर सक्सेना ने चार हजार रुपये की मांग की। 23 मार्च को विनोद कुमार ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन में मामले की शिकायत की। इसपर 27 मार्च को टीम ने उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कौशल किशोर को रुपये लेते हुए गिरफ्तार कर लिया था।

सार-संक्षेप

टीकाकरण कैंप में 479 हज आजमीन को मिले मेडिकल प्रमाण पत्र

बरेली, अमृत विचार : अल्पसंख्यक कल्याण विभाग और उत्तर प्रदेश हज कमेटी की ओर से खलील हायर सेकेंड्री स्कूल में सोमवार को टीकाकरण एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 497 हज आजमीन को मेडिकल प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। बरेली हज सेवा समिति ने व्यवस्था संभाली तो स्वास्थ्य विभाग ने टीकाकरण किया। डॉ. मीसम अब्बास ने बरेली हज सेवा समिति के पदाधिकारी को बताया कि जिन आजमीन का टीकाकरण नहीं हो पाया है, वे 2 और 3 मई को 300 बेड अस्पताल में सुबह 10 बजे से टीका लगवा सकेंगे। बरेली हज सेवा समिति के पम्मी खान वारसी, ट्रेनर हाजी यासीन कुरैशी, हाजी अजीम हसन, हाजी उवैस खान, हाजी साकिब रजा खां, नजमुल एसआई खान, शहर इमाम खुर्शीद आलम, मो एजाज, हाजी फैजान खां कादरी, इरफान कुरैशी आदि मौजूद रहे।

सैयद बाबा के कुल की फातिहा के साथ उर्स का समापन

बरेली, अमृत विचार : दरगाह शाहदाना वली पर छोटे उर्स का आयोजन किया जा रहा है। पांचवें दिन की शुरुआत कुरान की तिलावत से हुई। मस्जिद के इमाम मौलाना मुशाहिद रजा ने सलाम पढ़ा। सुबह 10 :30 बजे हजरत सैयद बाबा के कुल की फातिहा हुई। जिसमें सूफी रिजवान रजा खां कादरी ने देश में अमन व भाईचारे से लेकर दुआ की। दरगाह के मुतावल्ली अब्दुल वाजिद खां बब्बू मियां नूरी ने बताया कि इस साल भी बड़े कुल के मौके पर पांच गरीब लड़कियों की शादी दरगाह की तरफ से कराई जाएगी। मीडिया प्रभारी वसी अहमद वारसी ने उर्स के समापन की घोषणा की। गुफरान, अब्दुल सलाम नूरी, आफताब अली, जावेद खां, शीरोज सैफ कुरैशी, महबूब साबरी, भूरा साबरी, जर्दब साबरी, परवेज खां, इरफान घोसी, जफर अली, वसी अहमद, शफी अहमद, दिलावर खां आदि मौजूद रहे।

मई दिवस पर कार्यक्रम की रूपरेखा की तैयार

बरेली, अमृत विचार : ट्रेड यूनियंस फेडरेशन ने मई दिवस की तैयारियों को लेकर सोमवार को सुरेश शर्मा नगर स्थित कार्यालय में बैठक की, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर मंथन किया गया। अध्यक्षता राजेंद्र सिंह ने की। फेडरेशन के उपाध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा, ध्यान चंद्र मोर्या, भूपेंद्र सारस्वत, राम जीत सिंह, सर्वेश मोर्या, कैलाश, हिमांशु मौजूद रहे।

पोस्टर मेकिंग के विजेताओं को किया पुरस्कृत

बरेली, अमृत विचार : भारत विकास परिषद की पांचाल नगरी शाखा की ओर से एक निजी स्कूल में पृथ्वी दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा 3 से 5 वीं तक के छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिला संयोजक संजय नेगी, विपिन गुप्ता, मनोज अग्रवाल, पंकज सिंह, कमल पंत आदि उपस्थित रहे।

बंदी की आत्महत्या के मामले में जेल अधीक्षक बदायूं करेंगे जांच

बरेली, अमृत विचार : बंदी आत्महत्या प्रकरण की जांच बदायूं के जेल अधीक्षक को जांच सौंपी गई है। जांच के बाद लापरवाह बंदी रक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। किला के मोहल्ला चंदनगर निवासी अमर सक्सेना (20) केंद्रीय कारागार- दो में बंद थे। उन्होंने 27 अप्रैल की शाम जेल कैंटीन में खाली पड़े स्थान के पास गमछा से फांसी लगा ली थी। परिजनों ने जेल कर्मियों पर तमाम आरोप लगाए थे। बंदी की मौत के मामले में जेल अधीक्षक विपिन मिश्रा ने रविवार को बंदी रक्षक अनिल के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की थी। वरिष्ठ जेल अधीक्षक अविनाश गौतम ने प्रकरण की जांच बदायूं के जेल अधीक्षक को सौंपी है।

पत्रिका के 25 वर्ष पूर्ण होने पर किया सम्मानित

बरेली, अमृत विचार : यूपी पुलिस मॉनीटर पत्रिका के 25 वर्ष पूर्ण होने पर सोमवार को अर्बन कोऑपरेटिव बैंक सभागार में सिल्वर जुबली सम्मान समारोह हुआ। चमन लाल शर्मा, डा. रजनीश सक्सेना, राहुल सिंह, अरुण सक्सेना एडवोकेट, अमर सिंह सोमवंशी, गुलशन राज, अब्दुल अजीज सिद्दीकी, परवेज अख्तर, एन आलम, अब्दुल वाहिद, जमील मालिक, डा. सरताज हुसैन, मनीष रस्तोगी, मध्यम सक्सेना, रवि सक्सेना, हरजीत कौर, डा. मंजीत कौर आदि को सम्मानित किया गया। संस्थापक प्रधान संपादक एसके सिंह आदि मौजूद रहे।

नियोक्ता और कर्मियों को भविष्य निधि पेंशन योजना की जानकारी दी

क्षेत्रीय कार्यालय में पेंशनधारक को ईपीओ प्रदान करते डीपीए मुकेश कुमार।

बरेली, अमृत विचार : कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से आठ जिलों में निधि आपके निकट 2.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सोमवार को क्षेत्रीय कार्यालय में वाडीलाल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के डीपीए मुकेश कुमार ने कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में अधिकारियों ने प्रतिष्ठान के नियोक्ता और कर्मचारियों को भविष्य निधि पेंशन योजना से संबंधित जानकारी दी। पेंशनधारकों को ऑनलाइन डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र के नवीनीकरण करने के लिए जागरूक किया। यूएएन, केवाईसी, ई-नामांकन और पीएफ खाते के मर्जर आदि के बारे में भी बताया। बदायूं, मुरादाबाद आदि जिलों में नियोक्ताओं, अंशधारकों, पेंशनरों आदि की समस्याओं का निपटारा किया गया।

फरमान के हत्यारोपियों से पुलिस कर रही पूछताछ

संवाददाता, भुता

अमृत विचार : ग्राम परेवा कुइया में शनिवार रात मामूली विवाद में हुई फरमान की हत्या के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी सहित अन्य को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही हैं।

पुलिस का कहना है कि मामूली विवाद में इतनी बेरहमी से कोई हत्या नहीं कर सकता है, क्योंकि मृतक के पिता नामजद आरोपी से भी मामूली कहासुनी के अलावा कोई विशेष रंजिश से इंकार कर रहे। पुलिस को फरमान की जेब से एक कीपैड मोबाइल मिला है, सर्विलांस के माध्यम से जानकारी जुटा रही है। पुलिस मुख्य आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद भी फरमान की हत्या करने से साफ इनकार कर रहा है। नामजद आरोपी के भी मोबाइल की कॉल डिटेल भी निकलवाई जा रही है।

इस संबंध में थाना अध्यक्ष सतीश कुमार का कहना है कि मामले में कुछ अहम सुराग मिले हैं। तमाम बिंदुओं पर जांच चल रही है। कुछ लोगों से पूछताछ भी की जा रही है।

मारपीट के आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

नवाबगंज, अमृत विचार : आठ माह पहले चले लाठी-डंडे में दो पक्षों के लोग घायल हुए थे। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस आज तक इनमें से किसी भी आरोपी पर हाथ नहीं डाल सकी है, जबकि आरोपी खुले आम घूम रहे हैं। आठ माह पूर्व धौरेरा चौराहे के पास दो पक्षों में मारपीट हो गई थी, जिसमें गम्भीर घायल हुए एक पक्ष की ओर से दूसरे पक्ष के दो लोगों के विरुद्ध हत्या की कोशिश की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

हत्या करने की कोशिश में तीन को 5 साल कैद

विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार : रेस में आगे निकल जाने की रंजिश में युवक को गोली मारकर हत्या करने के प्रयास में अपर सत्र न्यायाधीश कुमार गौरव ने थाना सिरौली के गांव सुकटिया उर्फ ताखा निवासी नेत्रपाल, पुष्पेंद्र और देवेन्द्र को पांच-पांच वर्ष कारावास और पांच-पांच रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

सरकारी वकील सुरेश बाबू साहू ने बताया कि नन्हकी ने थाना सिरौली में तहरीर देकर बताया था कि उनका बेटा संजय नेत्रपाल के बेटे से दौड़ में आगे निकल गया था। इसी रंजिश से 24 नवंबर 2021 को नेत्रपाल, पुष्पेन्द्र, देवेन्द्र आदि खेत पर आए। जहां बेटा संजय, भतीजा राहुल और जुगेन्द्र मौजूद थे। तभी आरोपी गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर नेत्रपाल ने तमंचे से गोली चला दी, जो संजय की टांग में लगी। पुलिस ने मामले में हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज की थी।

दबंग ने महिला से की छेड़खानी, रिपोर्ट दर्ज

क्योलड़िया, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला अपने घर के दरवाजे पर खड़ी थी, इसी दौरान दबंग सुंदरलाल लाठी डंडे लेकर आया और उसे अकेला देखकर छेड़खानी की, विरोध करने पर उसे पीटा। उसके शोर मचाने पर पड़ोसी आ गए और उसे बचाया।

ऑटो चालक को पीटा, वीडियो वायरल

कैंट, अमृत विचार : दवा लेने जा रहे दंपती को दबंग ने रविवार रात गाली देते हुए मारपीट की। अगले दिन सुबह जब वह ऑटो चलाने गया तो दबंग और उसके दो भाई और भांजे ने मिलकर पीटा। मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है।

पीड़ित के भाई ने कैंट थाने में तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के चौबारी निवासी नितिन सिंह ने बताया कि रविवार रात करीब 8 बजे उसका भाई सचिन और भाभी मेघा सिंह बाइक से दवा लेने लालफाटक जा रहे थे। बुखारा मोड़ पर गांव के ही राहुल सिंह सिंह ने रोक लिया और गाली देने लगा। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की। इसके बाद सोमवार सुबह करीब 9 बजे सचिन ऑटो चलाने गया तो रास्ते में राहुल सिंह उसके भाई मोंटी, शंकर और उसके भांजे ने घेर लिया। गाली देते हुए लाठी डंडों से पीटने लगे। मारपीट के दौरान किसी ने वीडियो बना लिया। बाद में इस वीडियो को वायरल कर दिया गया।

खेत में आग लगाने वालों के खिलाफ एफआईआर

शीशगढ़, अमृत विचार : मीरपुर गांव के प्रधान के खेत में आग लगने से 26 अप्रैल को 15 बीघा फसल जलकर राख हो गई थी। प्रधान ने पड़ोसी खेत मालिक पर रंजिशन आग लगाने का आरोप लगाया था। अब पुलिस ने प्रधान की शिकायत पर एक नामजद और दो अज्ञात सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रधान शंकर लाल ने बताया कि 26 अप्रैल को दोपहर में उनके खेत में पड़ोसी गांव ढकिया डाम निवासी सर्वेश कुमार गंगवार ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर आग लगा दी थी।

युवती से मिलने आए दो युवकों को बंधक बनाकर पीटा

भुता, अमृत विचार : थाना भुता क्षेत्र की एक युवती ने फोन पर दूसरे समुदाय के युवकों को बुलाया, इसके बाद उसके परिजनों ने दोनों को पकड़कर पीट दिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को लेकर थाने ले आई है। भुता क्षेत्र के एक गांव की युवती ने फोन पर मिलने का झांसा देकर पड़ोस के गांव मटकापुर के जागेश को बुलाया। युवक अपने साथी आकाश को लेकर बाइक से केसरपुर के पेट्रोल पंप पर पहुंचा। तभी युवती अपनी बहन के साथ मौके पर पहुंची। पीछे से उसका भाई भी पहुंच गया। दोनों के बीच कुछ कहासुनी होने लगी, देखते ही देखते दूसरे समुदाय के लोग आ गए। मामला दो समुदाय के होने के कारण उन्होंने दोनों युवकों को पकड़ लिया। गांव में ले जाकर लाठी डंडों से पिटाई कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इधर सूचना पर 112 नंबर पुलिस व थाना भुता की पुलिस मौके पर पहुंच कर घायल दोनों लड़कों को लेकर थाने आई। लेकिन देर रात तक दोनों पक्षों में से किसी ने भी भुता पुलिस को कोई भी तहरीर नहीं दी है।

भट्ठा मजदूर की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

आंवला, अमृत विचार : तीन दिन पहले सड़क हादसे में भट्ठा मजदूर की मौत के मामले में मृतक के पिता ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। वजीरगंज बदायूं के गांव पेपल निवासी मेहंदी हसन ने लिखाई रिपोर्ट में बताया कि 26 अप्रैल की सुबह करीब 3 :30 बजे उसका बेटा असलम घोड़ा बुग्गी में कच्ची ईंटे भरकर आंवला बदायूं रोड के आदर्श ब्रिक स्टोर वीहट ले जा रहा था। इसी दौरान रेता बजरी भरे एक डंपर ने बुग्गी को टक्कर मार दी। जिससे उसके बेटे की मौत हो गई। घोड़े का पैर टूट गया और बुग्गी क्षतिग्रस्त हो गई। चालक डंपर लेकर फरार हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

शिक्षक की डांट से नाराज छात्र स्कूल से गायब

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : पेन चोरी करने पर अध्यापक और मां के डाटने से नाराज होकर कक्षा पांच का छात्र कहीं चला गया है। परिजनों की सूचना पर थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने छात्र की तलाश शुरू कर दी है। गांव मड़ौली निवासी एक व्यक्ति का बेटा कस्बे के एक स्कूल में कक्षा पांच का छात्र है। दो दिन पहले उसने कक्षा के किसी बच्चे का पेन चोरी कर लिया था। जिसकी जानकारी उसकी मां ने स्कूल में दी। इसपर शिक्षक ने उसे डांट दिया और चोरी नहीं करने की हिदायत दी। इससे नाराज होकर छात्र कहीं चला गया। वह सोमवार को छुट्टी के बाद घर नहीं पहुंचा।

पहली बार महिला निरीक्षक संभालेगी जंक्शन आरपीएफ थाना

बरेली, अमृत विचार : बरेली जंक्शन आरपीएफ थाने को पहली महिला प्रभारी निरीक्षक मिलने जा रही है। करीब सात महीने से खाली चल रही आरपीएफ पोस्ट पर निरीक्षक विनीता कुमारी को तैनात किया गया है। वह मंगलवार को चार्ज संभालेंगी। अब तक आरपीएफ वेलफेयर निरीक्षक मुरादाबाद कार्यवाहक के तौर पर प्रभार देख रहे थे। 1974 में आरपीएफ थाना बरेली जंक्शन की स्थापना हुई तो मराछू राम को निरीक्षक बनाया गया। तबसे लेकर अब तक इस पोस्ट पर 16 निरीक्षक बदले जा चुके हैं। वहीं, रामपुर पोस्ट पर भी महिला आरपीएफ निरीक्षक को तैनात किया गया है।

टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय सेवाओं का हाल जाना

फरीदपुर, अमृत विचार : कायाकल्प के तहत तीन सदस्यीय टीम ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय सेवाओं का हाल जाना।

टीम ने ओपीडी, आईपीडी, लेबर रूम, फार्मेसी, किचन, इमरजेंसी, हर्बल गार्डन प्ले ग्राउंड, बाउंड्री और अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीएचसी कायाकल्प अंतर्गत नामित है। जिसमें टीम ने फाइनल मूल्यांकन किया, जिसकी रिपोर्ट लखनऊ भेजी जाएगी। जिसमें राज्य में प्रथम स्थान पाने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 15 लाख और द्वितीय को 10 लाख व अन्य 70 प्रतिशत से अधिक अंक मिलने वाले सीएचसी को 1 लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही बेहतर व्यवस्थाओं पर पुरस्कार भी दिया जाएगा। टीम में डॉ. तौकीर नबी मंडलीय परामर्शदाता क्वालिटी एश्योरेंश बरेली मंडल डॉ. नितिन चौधरी

सीएचसी में जांच करती टीम। ● अमृत विचार

जियाऊलक बीपीएम शामिल थे। इस दौरान चिकित्साधीक्षक डॉ. अनुराग गौतम डॉ.रजनीकांत बीपीएम अनुराग शर्मा चीफ फार्मसिस्ट जीबी शर्मा धीरेंद्र सिंह अनुपम कुमार, राममूर्ति मौजूद रहे। डॉ. अनुराग गौतम की अगुवाई में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरीदपुर को उत्कृष्ट कार्य रिकॉर्ड का रख रखाव बेहतर सेवाओं के लिए राज्य स्तरीय अवार्ड से नवाजा जा चुका है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

घोषणा
मेरा नाम जूली समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं आधार कार्ड में दर्ज है। मेरी शादी के बाद ससुरालीजन द्वारा मेरा नाम आधार कार्ड पर खुशी दर्ज करा दिया था। मेरे आधार कार्ड व अन्य समस्त दस्तावेजों पर खुशी के स्थान पर जूली लिखा जाये व पढ़ा जाये। यही मेरा सही नाम है। **जूली पत्नी श्री सतीश पुत्री श्री मुरली मनोहर निवासी खड़कपुर हापुड़, झरिना हाल निवासी:- कुसुम नगर निकट रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी, बरेली**

सूचना
हमने अपने पुत्र मो. राजू व उसकी पत्नी अनम उर्फ सोनम व इनके पुत्र अदनान को इनके गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण इनसे समस्त सम्बन्ध विच्छेद करते हुये अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे, हमारा व हमारे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **मुश्ताक हुसैन पुत्र रहमत हुसैन व शहनाज पत्नी मुश्ताक हुसैन, निवासीगण-156, बाकरगंज, थाना किला, बरेली**

सूचना
मैं अपने पुत्र प्रियान्शु रस्तोगी व उसकी पत्नी स्वाति रस्तोगी को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य से मेरे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **प्रवीन रस्तोगी पुत्र विशम्भर रस्तोगी निवासी चकमहमूद चक चुंगी थाना बारादरी जिला बरेली**

सूचना
मैंने वर्ष 2013-2015 में एम.बी.ए. परीक्षा जी.एल.ए. यूनिवर्सिटी, मथुरा से उत्तीर्ण की है जहाँ से मैंने माईग्रेशन प्रमाण पत्र व चरित्र प्रमाण पत्र लिये थे। जो कि वास्तव में कहीं खो गये हैं। **अभिषेक तिवारी पुत्र राम किशोर तिवारी, निवासी मकान नं. 15 सूर्य नगर, कर्मचारी नगर, द गुरु स्कूल के सामने, बरेली।**

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

आखिर कब तक शर्माते रहोगे

हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी

बवासीर, शुगर व निःसंतान रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैंनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैंनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैंनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैंनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल-7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी-16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google

भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट

डा.शेख

Best Sexologist in india

मिलें हर मंगलवार मालियों की पुलिया बरेली

9837023223

सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)

बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दों Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान

कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है

Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।

Helpline No. 8439818102 7451039913

स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202

ट्रैक्टर ट्रॉली से कुचलकर दो दोस्तों की मौत

भमोरा के बिछुरैया मोड़ पर हादसा, खाना देने जा रहे थे अस्पताल में भर्ती चाचा को

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : अस्पताल में भर्ती चाचा को देखने जा रहे युवक और उसके दोस्त की बाइक को ट्रैक्टर ट्राली ने रौंद दिया। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना से दोनों के परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों शवों को मोर्चरी में रखवा दिया है। पोस्टमार्टम मंगलवार को होगा।

भमोरा थाना क्षेत्र के गांव डपटा श्यामपुर निवासी छोटेलाल देवचरा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती हैं। सोमवार शाम करीब आठ बजे चाचा को देखने के लिए अभिषेक (22) हिम्मतपुर निवासी अपने दोस्त सुभाष

अभिषेक और सुभाष। फाइल फोटो

(22) के साथ बाइक से जा रहा था। रास्ते में जैसे ही उनकी बाइक बिछुरैया मोड़ पर पहुंची, वैसे ही पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक को रौंद दिया। हादसे में अभिषेक व सुभाष की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक सुभाष बीए में पढ़ता था और दर्जी का कार्य करके परिजनों की मदद करता था। पुलिस ने ट्रैक्टर कब्जे में ले लिया है। चालक फरार हो गया।

बैक करते समय ट्रैक्टर ट्राली के नीचे आए बच्चे की मौत

सुभान रजा।

बरेली/कैंट अमृत विचार : कैंट थाना क्षेत्र के गांव ठिरिया निजावत खां में बैक करते समय ट्रैक्टर ट्रॉली के नीचे बच्चा आ गया, जिससे वह घायल हो गया। हादसे के बाद भाग रहे चालक को लोगों ने दौड़ाकर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई। ठिरिया निजावत खां निवासी नसीम उर्फ गुड्डू का बेटा सुभान रजा (8) घर के बाहर सोमवार सुबह खेल रहा था। सुबह साढ़े दस बजे ट्रैक्टर चालक अफसर खां निवासी मोहनपुर वार्ड नंबर एक आया और पीछे देखे बिना ट्रैक्टर ट्रॉली बैक करने लगा, जिससे बच्चा ट्रॉली के पहिया से कुचल गया। ग्रामीणों ने आरोपी चालक को पकड़के पुलिस के हवाले कर दिया। बच्चे को निजी अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान शाम 4 बजे बच्चे ने दम तोड़ दिया। सुभान की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पिता के बाहर से लौटने पर मंगलवार सुबह शव को सुपुर्द खाक किया जाएगा। बच्चे के परिजनों ने फिलहाल कोई भी पुलिस कार्रवाई करने से इंकार किया है। ग्रामीणों ने बताया कि चालक अफसर खां करीब साढ़े नौ बजे आया। ट्रैक्टर ट्राली खड़ी करके वह गांव के एक व्यक्ति के घर सट्टा लगाने चला गया। करीब डेढ़ घंटे बाद आया और पीछे देखे बिना ट्रैक्टर बैक कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव का आरिफ 23 अप्रैल को सट्टे की खाईबाड़ी करते समय पकड़ा गया था। इसके अलावा कई लोग भी सट्टे का धंधा करते हैं।

ट्रक ने सड़क पर गिरे बाइक सवारों को रौंदा, तीन घायल

मीरगंज/ दुनका अमृत विचार : धनेटा शीशगढ़ रोड पर बाइकें टकरा गईं। हादसे के बाद ट्रक ने बाइक सवारों को रौंद दिया जिससे तीन लोग घायल हो गए। सोमवार सुबह साढ़े पांच बजे धनेटा शीशगढ़ रोड पर सत्यवीर और उसका साथी गिरधरपुर गांव थाना सीबीगंज निवासी मिर्जापुर की तरफ से धनेटा की तरफ बाइक से जा रहे थे। सामने से धर्मवीर निवासी मवई काजियान थाना शेरगढ़ आ रहे थे। फिरोजपुर और जुन्हाई के बीच किसी वाहन को ओवरटेक करते समय दोनों बाइकों में भिड़ंत हो गई। सत्यवीर ने बताया बाइकों की टक्कर के बाद धनेटा की तरफ से एक ट्रक गुजरा जो घायलों औरबाइक को रौंदता चला गया। जिससे तीनों लोग घायल हो गए। राहगीरों ने शाही पुलिस और 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। काफी समय तक 108 एम्बुलेंस न पहुंचने पर राहगीरों ने निजी एम्बुलेंस से घायलों को बरेली भिजवाया। प्रभारी निरीक्षक थाना शाही सतीश कुमार नैन ने बताया कि हादसे की सूचना मिली थी घायलों को अस्पताल भिजवा दिया था उसके बाद किसी की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है ।

गेहूं लेकर जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, चालक की मौत

नन्हें यादव

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : मिलक मंडी से गेहूं लेकर जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली के एक्सल टूटने से अनियंत्रित होकर हाईवे के बेहगुल नदी पुल के पास पलट कर खाई में जा गिरी। हादसे में चालक की बोरियों में दबकर मौत हो गई। रामपुर की कोतवाली मिलक के गांव सिरसा निवासी नन्हें सिंह यादव (34) हाल में वह कस्बे मिलक के मोहल्ला सउदी नगर बच्चों के साथ रहता था। ट्रैक्टर मजदूरी पर चलता था, सोमवार सुबह वह मिलक मंडी से गेहूं से भरी ट्रैक्टर-ट्राली बरेली मंडी लेकर जा रहा था। नेशनल हाईवे के बेहगुल नदी पुल के पास पहुंचने पर ट्रॉली का एक्सल टूट गया। जिससे ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पुल से नीचे खाई गिर गई और चालक गेहूं की बोरियों के नीचे दब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से उसे बोरियों के नीचे से बाहर निकाला तब तक ट्रैक्टर चालक की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने ड्राइविंग लाइसेंस के मदद से उसके घर सूचना दी। मौत की खबर सुन उसके घर में कोहराम मच गया।

आग से गेहूं समेत घरेलू सामान जला

शेरगढ़, अमृत विचार : गेहूं की कटाई करने गए किसान के घर में सोमवार को आग लगने से करीब 15 क्विंटल गेहूं, चारपाई, बाइक आदि समेत हजारों का सामान जल गया। पीड़ित ने इसकी सूचना पुलिस के साथ ही तहसील प्रशासन को देकर मुआवजे की गुहार लगाई है। आकलाबाद गांव निवासी रामपाल और लीलाधर परिवार को लेकर सोमवार को गेहूं की कटाई करने खेत पर गए हुए थे। सुबह 10 :30 बजे घर में आग लग गई, जिससे 15 क्विंटल गेहूं, 4 चारपाई और घरेलू सामान जलकर राख हो गया।

सचिवालय में पानी भरने से ग्रामीण नाराज

फरीदपुर, अमृत विचार : सड़क के चौड़ीकरण होने से गांव से निकल रहीं नालियां चोक हो गई है, इससे पानी गांव के सचिवालय में भरने लगा है। गंदे पानी में मच्छरों के लार्वा पनपने से ग्रामीणों में रोष हैं। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों के साथ एसडीएम से शिकायत करने की तैयारी में हैं। फरीदपुर भुता मार्ग के चौड़ीकरण के चलते मझौआ हेतराम की नालियां पीडब्ल्यूडी के दायरे में आने पर ध्वस्त कर दी गई। ग्रामीणों के अनुसार एक माह पहले उनके गांव की नालियां तोड़ दी गई पहले तो पानी सड़क पर भरता रहा। अभी तक पानी का निकास न होने से पूरे गांव का पानी गांव में बने सचिवालय में भर रहा है, इससे मच्छर पनप रहे हैं, ग्रामीणों को बीमारी होने की आशंका सता रही हैं।

मेधावियों को किया पुरस्कृत

बहेड़ी, अमृत विचार : नवकेतन इंटर कॉलेज में 93 फीसदी अंक पाकर जिले में नौवां स्थान हासिल करने वाले छात्र मो. आरिश समेत 80 फीसदी अंक पाने वाले इंटर व हाईस्कूल के मेधावी छात्रों को मेडल, प्रशस्ति पत्र व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कृत होने वालों में इंटर के छात्र रोहित कुमार, मो. जोहाब व सचिन तथा हाईस्कूल के छात्र मो. आरिश, गौरी पाल व अनामिका शामिल रहे। प्रबंधक राजेन्द्र जौहरी, अध्यक्ष रश्मि जौहरी और प्रधानाचार्य राकेश शर्मा ने सभी मेधावियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनसे मेहनत के रास्ते पर हमेशा चलते रहने की अपील की।

डॉ. अमन रस्तोगी

BAMS, MD

Consultant Physician

● शुगर से पूर्णतः निजात एवं परहेज से निजात ● पाइल्स का सम्पूर्ण आयुर्वेद द्वारा उपलब्ध है। ● पथरी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ ● घुटने एवं गठिया का पूर्ण उपचार। ● सफेद दाग का गारंटिड इलाज। ● पित्त की थैली एवं किडनी की पथरी का बिना आपरेशन द्वारा इलाज।

लाईफ लाइन क्लीनिक

कर्मचारी नगर, गांधीपुरम, भारत गैस गोदाम के सामने, बरेली मो. 6398965384

गुप्त रोगी मिलें

डा. मौर्य

जोश मर्दाना, कमजोरी, ताकत, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन

बरेली कृष्णा नगर मो. 7534002651

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

सार-संक्षेप

अच्छे अंक लाने वाले छात्रों का हुआ सम्मान

देवरनियां, अमृत विचार : दमखोदा के आदर्श कंपोजिट विद्यालय अभयपुर के दो छात्रों का चयन राष्ट्रीय आय आधारित परीक्षा में होने पर दोनों को सम्मानित किया गया। सचिन कुमार ने जिले में 19 वीं और प्रशांत ने 32वीं रैंक हासिल की है। प्रभारी प्रधानाध्यापक और प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा ने चयनित छात्रों और उनके माता-पिता को विद्यालय बुलाकर सम्मानित किया,और अच्छे जीवन की बधाई दी। इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक मंत्री मोहम्मद हसन और सभी अध्यापक मौजूद रहे।

छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली

रिठौरा, अमृत विचार : पद्मावती सीनियर सेकंड्री स्कूल मुंडिया अहमदनगर के छात्रों ने सोमवार को नगर में 'मतदाता जागरूकता अभियान' के शत - प्रतिशत वोटिंग के लिए मतदाताओं को जागरूक करने रैली निकाली। इस मौके पर चेयरमैन पारूस अरोड़ा, प्रधानाचार्या ममता सक्सेना, शिक्षिका पूनम गंगवार, निशू अग्रवाल, श्रुति सक्सेना सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

विधायक ने मेधावियों को किया सम्मानित

देवरनियां, अमृत विचार : ब्लॉक दमखोदा के कुंडा कोठी स्थित सरदार बल्लभभाई पटेल इंटर कॉलेज में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में अच्छे अंकों से पास होने वाले मेधावियों को विधायक डॉ. एमपी आर्या ने सम्मानित किया। विधायक ने हाईस्कूल के छात्र दीपक कुमार, पंकज मौर्य, दीक्षा गंगवार और इंटरमीडिएट में आकाश सक्सेना, भरत सिंह और मुस्कान गंगवार को मेडल और पुरस्कार कर देकर सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि आज वह इस मुकाम पर है तो केवल शिक्षा की वजह से ही है। शिक्षा से हम सब कुछ प्राप्त कर सकते हैं। प्रबंधक डॉ. आरसी गंगवार को मेधावियों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान प्रधानाचार्य पुष्पेंद्र कुमार सक्सेना, मुनीश कुमार गंगवार सहित अन्य मौजूद रहे।

लकड़ी चोरों ने रातों रात काट लिए शीशम के पेड़

नवाबगंज, अमृत विचार : लकड़ी चोरों ने रातोंरात शीशम के पेड़ काट लिए। भट्ठा स्वामी की शिकायत का पुलिस ने फर्जी निस्तारण कर मामले का निपटारा कर दिया। कस्बा निवासी किरन सूरी का ग्राम दलेलनगर में ईंट भट्ठा है जो उन्होंने ने किराए पर दे रखा है। 27 मार्च को लकड़ी चोरों ने रातोंरात शीशम के पेड़ काट कर लकड़ी गायब कर दी। जिसकी जानकारी मिलने पर उन्होंने इसकी शिकायत सीएम पोर्टल के साथ ही पुलिस से भी कर दी । जांच को गए उप निरीक्षक ने कुछ दिन पूर्व सूखे पेड़ काटे जाने की आख्या भेज कर शिकायत का निस्तारण कर दिया । पीड़ित ने उपनिरीक्षक पर शिकायत का फर्जी निस्तारण करने का आरोप लगाते हुए उच्च अधिकारियों से की है।

युवक का नहीं लगा सुराग, गुमशुदगी दर्ज

भोजीपुरा, अमृत विचार : भोजीपुरा थाना क्षेत्र के कस्बा धौराटांडा के वार्ड 5 निवासी मोहम्मद असलम 14 अप्रैल को घर से काम के लिए गए थे फिर वापस नहीं लौटे। परेशान परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों केयहां खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। पत्नी शाहीन ने थाना भोजीपुरा में दी तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने रविवार को गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

गांव में सफाई कराने के लिए बीडीओ को लिखा पत्र

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : ब्लॉक क्षेत्र के गांव काशीपुर, सुकली, गौहाना, वफरी अब्दुल नवीपुर में नाली और तालाब गंदगी से पटे पड़े हैं। इस वजह से मच्छरों के लार्वा पन रहे हैं। जिसकी जानकारी होने पर खिरका सीएचसी प्रभारी संचित शर्मा ने खंड विकास अधिकारी आनंद विजय यादव को पत्र लिखकर साफ सफाई और एंटी लार्वा का छिड़काव कराने की अपील की है। खंड विकास अधिकारी को भेजे गए पत्र में बताया कि 22 अप्रैल को जिला सर्विलांस और जिला मलेरिया अधिकारी की संयुक्त टीम के द्वारा संचारी रोग और दस्तक अभियान चलाकर सर्वेक्षण किया गया था, जिसमें मच्छरों के लार्वा मिले थे। पिछले वर्ष भी इन गांव में 60,10,127,12 मलेरिया के मरीज मिले थे। संचित शर्मा ने चारों गांव की नालियों, तालाबों, जल भराव की जगह साफ सफाई अभियान चलाकर और एंटी लार्वा का छिड़काव करने की अपील की है।

दिग्गज छत्रप-महारथी मजबूरी में बेटी के चुनावी रथ के सारथी

राजनीति में जोड़-तोड़ के माहिर खिलाड़ी रहे शरद पवार को अपने ही गढ़ बारामती में वोट के लिए फैलाने पड़ रहे हाथ

मुंबई। कहते हैं, राजनीति जो न कराए कम है। दिग्गज राजनेता मराठा छत्रप शरद पवार की इन दिनों कुछ ऐसी ही दशा है। पवार अपने राजनीतिक जीवन में कभी कोई चुनाव नहीं हारे हैं। लेकिन 83 साल की उम्र में उन्हें बारामती में बेटी की सीट बचाने के लिए भीषण गर्मी में पसीना बहाना पड़ रहा है। छह बार लोकसभा सांसद और चार बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे शरद पवार ने बारामती से खुद पांच बार लोकसभा का चुनाव जीता है। लेकिन इस बार राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में हुई टूट के बाद भतीजे अजित पवार की चुनौती में ऐसा फंसे हैं कि लोगों को पुरानी बातें याद दिलाकर वोट के लिए झोली फैलानी पड़ रही है।

बारामती लोकसभा क्षेत्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की उम्मीदवार और शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले का मुकाबला उनकी भाभी और उप मुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार से हो रहा है, जो राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल राकांपा की उम्मीदवार हैं। शरद पवार के लिए चुनौती कठिन है क्योंकि जिस बारामती से वह स्वयं पांच बार और उनकी बेटी सुप्रिया सुले तीन बार चुनाव जीत चुकी है, वहां अब उन्हें बेटी को चौथी जीत दिलाने के लिए अपने ही भतीजे की पत्नी की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। माना जा रहा है कि बारामती सीट से चुनाव हारने के साथ ही पवार की राजनीतिक धमक का भी अंत हो जाएगा। राकांपा का चुनाव चिह्न अजीत पवार के पास है। हालांकि इसका जिम्मेदार शरद पवार को ही माना जाता है, उन्होंने 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद उद्धव ठाकरे को राजग गठबंधन से तोड़कर भाजपा के हाथ में आई हुई सत्ता छीन ली थी और महाविकास आघाड़ी का गठन करके ठाकरे को महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बना दिया था। इसी के बाद उनकी पार्टी में बिखराव के बीज पनप गए थे।

'मैं 2004 में महाराष्ट्र का सीएम बन जाता'

- 2004 के विधानसभा चुनाव में शरद पवार की रकांपा को 71 सीटें मिली थीं और कांग्रेस को 69 सीटें। इसके बावजूद उन्होंने महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री पद पर दावा करने के बजाय केंद्र में कृषि मंत्री बनने में ज्यादा रुचि दिखाई थी। भतीजे अजीत पवार को आज तक इस बात का अफसोस है कि शरद पवार ने उस समय उनसे मुख्यमंत्री बनने का अवसर छीन लिया। वह बारामती में चुनाव प्रचार के दौरान सभाओं में वह लोगों को बता रहे हैं कि उनके साथ पार्टी में उस समय नाइंसाफी हुई। शरद पवार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस के हिस्से में आया मुख्यमंत्री का पद कांग्रेस को दे दिया था। अगर मुख्यमंत्री पद शरद पवार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस के पास रखा होता तो वह या पार्टी का कोई और नेता मुख्यमंत्री बन सकता था। अगर उनके नसीब में होता तो वही मुख्यमंत्री बन जाते। शरद पवार राज्य में मुख्यमंत्री लेकर भी केंद्र में अपने लिए महत्वपूर्ण मंत्रालय ले सकते थे। लेकिन वह जोड़-तोड़ की राजनीति का हिस्सा बनकर प्रधानमंत्री बनने का स्वप्न देख रहे थे। इसके चलते ही पार्टी को मिला राष्ट्रीय दर्जा क्षेत्रीय पार्टी पर आ गया।

'चार दिन सास के होते तो चार दिन बहू के भी आते हैं'

- शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले के खिलाफ अपनी पत्नी को जिताने के लिए रकांपा प्रमुख अजित पवार बारामती में चुनावी सभाओं में लोगों से अपील कर रहे हैं कि इस बार बहू यानी सुनेत्रा पवार को चुनें ना कि बेटी सुप्रिया सुले को। चार दिन सास के होते हैं, तो चार दिन बहू के भी आते हैं, यही समय चक्र है। बारामती और राज्य के सामने तमाम समस्याएं हैं। केंद्र में जिसकी सत्ता आनी है, अगर उसका समर्थक सांसद चुनकर नहीं भेजा तो लोकसभा क्षेत्र में विकास कार्य नहीं हो पाएगा। बीते 10 साल से क्षेत्र इसी कारण उपेक्षा झेल रहा है।

मध्यप्रदेश में लोकसभा की कुल 29 सीटों में से दो चरणों में 12 लोकसभा सीटों पर वोट डाले जा चुके हैं। अब तीसरे चरण में राज्य की नौ लोकसभा सीटों पर सात मई को जनता अपने मताधिकार का प्रयोग करेगी। तीसरे चरण में मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल और राजगढ़ के अलावा बैतूल लोकसभा सीट पर भी चुनाव होगा। पहले तीसरे चरण में केवल आठ सीटों पर मतदान होना था, लेकिन आदिवासी सुरक्षित सीट बैतूल में बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार के निधन के कारण दूसरे चरण में चुनाव स्थगित कर दिया गया था। अब बैतूल को मतदान के लिए तीसरे चरण में शामिल कर लिया गया है। तीसरे चरण के चुनाव में राज्य के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों और एक केंद्रीय मंत्री की किस्मत का फैसला ईवीएम में कैद हो जाएगा।

मैदान में मामा, महाराजा व राजा किसका बजेगा बाजा

अंतिम चुनाव बताकर मतदाताओं को साधने की हो रही कोशिश

राजगढ़ का किला बचाने में दिग्गी राजा का छूट रहा पसीना

प्रदेश की सबसे हॉट सीट राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र में सात मई को होने वाले मतदान पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। यहां से 10 वर्षों तक मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष रहे दिग्गज कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला भाजपा के मौजूदा सांसद रोडमल नागर कर रहे हैं। इस सीट से दोनों उम्मीदवार दो-दो बार सांसद रह चुके हैं। लेकिन दोनों के बीच आपस में यह पहला मुकाबला है। दिग्विजय सिंह 33 साल बाद चुनाव लड़ने के लिए राजगढ़ के मैदान में उतरे हैं। वह वादा निभाओ पद यात्राएं करके हर विधानसभा क्षेत्र को नाप रहे हैं। वह लोगों से भावनात्मक अपील कर अंतिम चुनाव की बात कह रहे हैं। भाजपा उन्हें घेरने के लिए पूरी ताकत के साथ लगी है। सूबे के सीएम के बाद प्रचार में आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तो दिग्विजय सिंह की हार तय बताकर जनसभा में चुटकी ले गए हैं कि आशिक का जनाजा है, बड़ा आदमी है, जरा धूमधाम से निकालना। जैसी दिग्गी राजा की शान है, वैसी ही बड़ी लीड से विदाई करना। लोकसभा क्षेत्र की आठ विधनासभाओं में छह पर भाजपा का कब्जा है, दो कांग्रेस के पास हैं।

'मैं नेता नहीं, मामा और भैया हूं, बहन-बेटियां मेरे लिए देवी की मूर्तियां'

विदिशा में शिवराज का तिलक और भेंट किया नारियल

राज्य की दूसरी हॉट सीट विदिशा से सर्वाधिक समय प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान मैदान में है। उनका सीधा मुकाबला कांग्रेस के भानु प्रताप शर्मा से है। दोनों ही इस सीट से सांसद रह चुके हैं। बीते 15 चुनाव में इस सीट पर कांग्रेस दो बार जीती है और दोनों बार भानु प्रताप ही प्रत्याशी थे। 1991 में अपने पहले चुनाव में शिवराज सिंह भानु प्रताप को हरा चुके हैं। वर्ष 2004 शिवराज यहां से पांचवी बार लोकसभा का चुनाव जीते थे। इसके बाद वह मुख्यमंत्री बने। अब 20 साल बाद फिर यहां चुनाव लड़ने आए हैं। वह नुक्कड़ सभाओं, यात्रा और रोड शो करके अपने कराए विकास कार्य गिना रहे हैं। आशीर्वाद यात्रा में उनका फूलों से स्वागत कर बहनों ने कहीं तिलक लगाया, कहीं आरती उतारी और शिवराज के हाथ में नारियल और चुनाव लड़ने के लिए 10-10 रुपये भी थमा दिए। पीएम मोदी सभा में कह गए थे कि वह शिवराज सिंह को दिल्ली लेकर जा रहे हैं। इसके मुकाबले भानु प्रताप शर्मा पिछले दो दशक से महत्वपूर्ण पद पर नहीं रहे हैं। कोई चुनाव भी नहीं लड़े हैं। इस कारण उन्हें चुनाव खड़ा करने में दिक्कत आ रही है। 2019 में भाजपा के रमाकांत भार्गव और 2014 में सुषमा स्वराज जीती थीं।



सिंधिया के विरुद्ध कांग्रेस का जातीय दांव बताया महाभारत का युद्ध

भाजपा नेताओं के दौरों के साथ पत्नी-पुत्र भी प्रचार में

गुना सीट पर भाजपा से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया उम्मीदवार हैं। उन्हें पार्टी ने मौजूदा सांसद केपी यादव की जगह चुनाव में उतारा है। 2019 में ज्योतिरादित्य कांग्रेस से चुनाव लड़े थे, जिसमें केपी यादव के हाथों हार मिली थी। इस बार सिंधिया गुना-शिवपुरी में जमकर मेहनत कर रहे हैं। जल्दी ही गुना से हवाई सेवाएं शुरू होने का वादा कर रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह सभा करने आए तो कई बार उन्हें राजा साहब और महाराज कहकर यह भी बता गए कि पीएम मोदी सिंधिया को बहुत पसंद करते हैं। ज्योतिरादित्य के नामांकन में सीएम मोहन यादव, पूर्व सीएम शिवराज सिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा जुटे थे। मुख्यमंत्री समेत कई बड़े नेता प्रचार में आ चुके हैं। ज्योतिरादित्य की पत्नी प्रियदर्शनी और पुत्र ने भी प्रचार का काम संभाल रखा है। कांग्रेस ने जातीय समीकरण ध्यान में रखते हुए यादव वोट बैंक साधने के लिए मुंगावली से तीन बार के विधायक राव यादवेंद्र सिंह यादव को उतारा है। वह इस चुनाव को महाभारत का युद्ध बता रहे हैं और भाजपा द्वारा केपी यादव का टिकट काटने पर सवाल खड़े कर रहे हैं। बसपा ने शिवपुरी जिले के अध्यक्ष धनीराम चौधरी को उतार कर परेशानी बढ़ा दी है।

भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय कांति बम। अमृत विचार

इंदौर में फुस्स हुआ कांग्रेसी बम भाजपा में शामिल हो गए अक्षय

इंदौर। मध्य प्रदेश की इंदौर लोकसभा सीट पर कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। यहां पार्टी प्रत्याशी अक्षय कांति बम ने न सिर्फ नाम वापस लिया बल्कि भाजपा में शामिल हो गए। उनके इस कदम से कांग्रेस के रणनीतिकार परेशान हैं वहीं भाजपा इस बात से खुश है क्योंकि उसके सामने अब कोई मजबूत उम्मीदवार नहीं है जो टक्कर दे सके। अब इस सीट पर कांग्रेस किसी निर्दलीय या बसपा उम्मीदवार को समर्थन दे सकती है।

भाजपा ने इंदौर संसदीय सीट पर भाजपा ने वर्तमान सांसद शंकर लालवानी को मैदान में उतारा है। वैसे तो इंदौर भाजपा का मजबूत किला है। 1989 से 2014 तक लगातार आठ बार सुमित्रा महाजन इस सीट पर जीतीं। 2019 में पार्टी ने शंकर लालवानी को टिकट दिया तो वे भी जीतने में कामयाब रहे। इस क्षेत्र की सभी आठ विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है। भाजपा के रणनीतिकार एवं प्रदेश सरकार में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने यहां चुनाव की कमान संभाल रखी है। माना जा रहा है कि कांग्रेस के उम्मीदवार की नाम वापसी में कैलाश विजयवर्गीय की भूमिका अहम है। इस सीट से नौ उम्मीदवारों ने नाम वापस लिया है। अब यहां मैदान में भाजपा के शंकर लालवानी समेत 14 उम्मीदवार मैदान में हैं।



सागर में हो सकता तगड़ा मंथन, किसे मिलेगा जीत का कलश

बीते सात चुनावों से लगातार यहां खिल रहा कमल

सागर लोकसभा सीट पर भाजपा बीते सात लोकसभा चुनावों से लगातार कमल खिलाती आ रही है। पार्टी ने इस बार यहां मौजूदा सांसद राजबहादुर सिंह के स्थान पर महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लता वानखेड़े को चुनाव मैदान में उतारा है। वह कुर्मी क्षत्रिय समाज की महिला शाखा की प्रदेश अध्यक्ष हैं। वहीं कांग्रेस ने उनके मुकाबले के लिए ललितपुर के चंद्र भूषण सिंह उर्फ गुड्डू राजा बुंदेला को प्रत्याशी बनाया है। वह पिछले वर्ष ही बसपा को छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए थे। सागर की आठ विधानसभा सीटों में से सात पर भाजपा के विधायक हैं। भाजपा ने अपने सभी विधायकों को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में जुटा रखा है। शहर की सूरत तो पिछले कुछ सालों में बदली है, लेकिन बेरोजगारी, पलायन स्वास्थ्य सुविधाएं और पानी की समस्या का समाधान प्रमुख मुद्दे हैं। यहां जैन समाज के साथ ओबीसी मतदाता निर्णायक भूमिका में है। बसपा यहां तीसरे नंबर पर रहती है, इस बार पार्टी ने भगवती प्रसाद जाटव पर दांव लगाया है। जानकार मुकाबला टक्कर का मान रहे हैं।

भोपाल में चटख होता नजर आ रहा भगवा प्रचार

कांग्रेस को धीमा चुनावी अभियान पड़ सकता भारी

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में पांच दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के बाद माहौल भगवामय नजर आता है। भाजपा ने यहां से मौजूदा सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह की जगह पूर्व महापौर आलोक शर्मा को मैदान में उतारा है। भोपाल लोकसभा सीट भाजपा वर्ष 1989 के चुनाव से लगातार जीतती चली आ रही है। 2019 के चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को साध्वी प्रज्ञा सिंह ने साढे तीन लाख वोटो से मात दी थी। कांग्रेस ने इस बार यहां पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष और अधिवक्ता अरुण श्रीवास्तव को मैदान में उतार कर भाजपा की चुनौती के सामना जातीय समीकरण के सहारे करने की रणनीति बनाई है। लेकिन भाजपा जिसके प्रचार में मुख्यमंत्री, मंत्री और विधायक मोर्चा संभाले हैं, के मुकाबले कांग्रेस का प्रचार काफी सुस्त है। कोई बड़ा नेता वोट मांगने नहीं आया है। हालांकि कांग्रेस प्रत्याशी ग्रामीण क्षेत्र पर जरूर जोर देता नजर आ रहा है। लेकिन पलड़ा भाजपा का ही भारी नजर आता है। लोकसभा क्षेत्र की सात में पांच विधानसभाओं पर भाजपा का और दो पर कांग्रेस का कब्जा है।

मुरैना में उलझे जातीय समीकरणों ने बनाई त्रिकोणीय लड़ाई

भाजपा-कांग्रेस के संघर्ष में बसपा ने टांग फंसाई

बीते तीन दशक में सात लोकसभा चुनाव से भाजपा मुरैना में अजेय है, लेकिन इस बार यहां उसके सामने कांग्रेस के साथ ही बसपा भी कड़ी चुनौती पेश कर रही है। ऐसे में त्रिकोणीय मुकाबला होता नजर आ रहा है। भाजपा प्रत्याशी पूर्व विधायक शिवमंगल सिंह तोमर के मुकाबले में कांग्रेस ने भाजपा के पूर्व विधायक और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यपाल सिंह सिकरवार को उतारा है। इन दो क्षत्रिय प्रत्याशियों की लड़ाई में बसपा ने रमेशचंद्र गर्ग पर दांव लगाया है। रमेश चंद्र गर्ग कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने पर बसपा में शामिल हो गए थे। मुरैना में ब्राह्मण प्रभावशली वोटर माने जाते हैं, लेकिन ब्राह्मण नेता बलबीर दंडोतिया के बसपा छोड़कर भाजपा में जाने से ब्राह्मण समाज बंटा नजर आ रहा है, तो दूसरी जातियों में भी सेंधमारी चल रही है। इससे जातिगत समीकरण उलझ गए हैं। कुल मिलाकर मुकाबला रोचक माना जा रहा है। 2019 में यहां से भाजपा से केंद्र में कृषि मंत्री रहे नरेंद्र सिंह तोमर को जीत हासिल हुई थी।



भिंड में दलित वोट बंटने से बदल सकता चुनाव का परिणाम

भिंड लोकसभा सीट पर भाजपा ने अपनी सांसद संध्या राय को दूसरी बार टिकट दिया है। मुकाबले में कांग्रेस ने बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे और भांडेर से अपने विधायक फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है। भाजपा यहां पिछले पांच चुनावों से लगातार जीत रही है। 2019 में चुनाव लड़ चुके देवाशीष जरारिया कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने के कारण हाथ का साथ छोड़कर बसपा से मैदान में उतर गए हैं। जानकार मान रहे हैं कि अब यहां दलित वोट तीन भागों में बंट सकता है। ऐसे में सवर्ण और ओबीसी वोट निर्णायक हो सकते हैं। कुल मिलाकर जातीय समीकरणों ने मुकाबला रोचक बना दिया है।



तानसेन की नगरी ग्वालियर में इस बार किसका सधेगा सुर-संगीत

ग्वालियर में भाजपा और कांग्रेस ने दोनों ने विधानसभा चुनाव हारे प्रत्याशियों पर दांव लगाया है। भाजपा ने जहां पूर्व मंत्री भारत सिंह कुशवाहा को मैदान में उतारा है, वहीं कांग्रेस ने पूर्व विधायक प्रवीण पाठक को टिकट देकर मुकाबला को जातीय आधार पर कर दिया है। इन दोनों के संघर्ष में कांग्रेस छोड़कर आए कारोबारी कल्याण सिंह कंसाना बसपा से मैदान आकर लड़ाई तिकोनी बनाने में लगे हैं। डबरा विधानसभा से कांग्रेस विधायक सुरेश राजे कुर्ते की झोली फैलाकर लोगों से हाथ के लिए वोट मांग रहे हैं। यहां प्रत्याशी चयन में देरी के कारण कांग्रेस प्रचार में पिछड़ी नजर आती है। क्षत्रिय और ब्राह्मण बाहुल्य कही जाने वाली इस सीट पर ओबीसी वोटर यहां सबसे अधिक हैं।



मांगा समर्थन

गृह मंत्री अमित शाह ने गुवाहाटी में भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों पर हमला बोला।

पहले सात फिर नौ की गिरावट अबकी पारा होगा 43 से ऊपर



भोपाल। प्रदेश में दोनों चरणों में कम मतदान और बढ़ते तापमान के साथ 7 मई को होने वाले तीसरे चरण के मतदान में वोट पर्याप्त संख्या में पड़ें, यह सुनिश्चित करना चुनाव आयोग के साथ-साथ राजनीतिक दलों के लिए भी बड़ी चुनौती है। 2019 के मुकाबले पहले चरण के मतदान में इस बार 7% की गिरावट आई थी, तो दूसरे चरण में यह गिरावट 9% पहुंच गई। दोनों चरणों में मतदान के दिन टीकमगढ़ और खजुराहो को छोड़कर अन्य निर्वाचन क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे था। अब तीसरे चरण में जिन जगहों पर वोटिंग होनी है, वहां के बारे में मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 43 से 45 डिग्री तक तापमान रह सकता है। इसके साथ ही राज्य में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस अभी तक दोनों चरणों में कोई उत्साह नहीं दिखा पाई है। पार्टी के स्टार प्रचारक चुनावी अभियान से गायब जैसे रहे। कांग्रेस का कोई ऐसा बड़ा नेता प्रचार में नहीं आया जो मोदी सरकार और प्रदेश सरकार को घेर सकता। इसकी एक वजह कमलनाथ का छिंडवाड़ा और दिग्विजय का राजगढ़ में फंसना भी माना जा रहा है। इसी के चलते भाजपा की चुनावी मशीनरी ने भी सामने कड़ी चुनौती नहीं होने से ज्यादा सक्रियता नहीं दिखाई। यह भी गर्मी के साथ कम मतदान का एक कारण माना जा रहा है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

नाप्राप्यमभिवाञ्छन्ति नष्टं नेच्छन्ति शोचितुम् ।
आपत्सु च न मुह्यन्ति नरा : पण्डितबुद्धय : ॥

जो व्यक्ति दुर्लभ वस्तु को पाने की इच्छा नहीं रखते, नाशवान वस्तु के विषय में शोक नहीं करते तथा विपत्ति आ पड़ने पर घबराते नहीं हैं, डटकर उसका सामना करते हैं, वही ज्ञानी हैं ।

संपादकीय

खनिजों की खोज

आर्थिक प्रभुत्व की दौड़ में शामिल भारत में एक नया खजाना खोज शुरू हो गई है। यह है महत्वपूर्ण खनिजों की खोज। 2017 के बाद से, ऊर्जा क्षेत्र की लिथियम की आवश्यकता तीन गुना हो गई है और कोबाल्ट और निकल की मांग में 70 प्रतिशत और 40 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। इंटरनेशनल एनर्जी एसोसिएशन (आईईए) ने 2030 तक मांग दोगुनी होने का अनुमान लगाया है। भारत के तीव्र आर्थिक विकास और महत्वाकांक्षी स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों की पृष्ठभूमि में सोमवार से आयोजित किया जा रहा खनिज शिखर सम्मेलन उद्योग जगत के अग्रणी प्रतिनिधियों, स्टार्टअप, सरकारी अधिकारियों, वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और नीति विशेषज्ञों समेत भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय हितधारकों को एक साझा मंच प्रदान करेगा। शिखर सम्मेलन में आठ प्रमुख खनिजों ग्लूकोनाइट (पोटाश), लिथियम-दुर्लभ पृथ्वी तत्व (लैटेराइट), क्रोमियम, प्लैटिनम समूह, ग्रेफाइट, ग्रेफाइट से जुड़े टंगस्टन, दुर्लभ पृथ्वी तत्व (आरई) और ग्रेफाइट से जुड़े वैनेडियम पर तकनीकी सत्र शामिल हैं। कहा जा सकता है कि स्मार्ट-फोन से लेकर लड़ाकू विमानों तक हर चीज के लिए आवश्यक माने जाने वाले ये खनिज प्रगति के छिपे हुए चालक बन गए हैं। जैसे-जैसे दुनिया स्वच्छ ऊर्जा और डिजिटल चमत्कारों द्वारा संचालित भविष्य की ओर बढ़ रही है, महत्वपूर्ण खनिजों की मांग बढ़ती गई है। खनिजों के महत्व को पहचानते हुए भारत ने 24 महत्वपूर्ण खनिजों की पहचान की है और उन्हें अपनी सीमाओं के भीतर खनन के लिए एक ढांचा स्थापित किया है। लिथियम इसके केंद्र में है क्योंकि यह बैटरी-पावरहाउस खनिज इलेक्ट्रिक वाहन क्रांति को बढ़ावा दे रहा है, जो भारत के जलवायु परिवर्तन शमन एजेंडे का एक महत्वपूर्ण घटक है। तांबा लिथियम, निकल, कोबाल्ट जैसे महत्वपूर्ण खनिज की पवन टरबाइन और बिजली नेटवर्क से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों तक मांग बढ़ रही है। केंद्र ने अभी तक 38 महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों की नीलामी शुरू की है और उसकी 100 से अधिक महत्वपूर्ण खनिजों की नीलामी की तैयारी है। खान सचिव वीएल कांथा राव ने सोमवार को कहा कि जून के अंत तक नीलामी के चौथे दौर में करीब 20 महत्वपूर्ण खनिज ब्लाक की नीलामी होगी। महत्वपूर्ण खनिज आत्मनिर्भरता के लिए भारत की खोज को संसाधन निष्कर्षण की वैश्विक भू-राजनीति से अलग नहीं किया जा सकता है। यह भारत की आर्थिक रणनीति में बदलाव का प्रतीक है, जो भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण खनिजों की शक्ति को पहचानता है। भारत द्वारा हाल ही में 20 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की नीलामी का आकलन अकेली घटना के रूप में नहीं, बल्कि एक सोची-समझी रणनीति के रूप में किया जाना चाहिए।

आखिर मतदान प्रतिशत गिर क्यों रहा है

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

एक और ध्यान दिलाना और भी जरुरी है कि विगत शती से अद्यावधि दशकों निर्वाचन प्रक्रिया के चलने के बाद भी आज तक भारत निर्वाचन आयोग के पास जिलों में अपना खुद का सेट अप नहीं है। और न ही पर्याप्त पूर्णकालिक स्टाफ। निर्वाचन की घोषणा होते ही सारी व्यवस्था जिलाधिकारी को जिला निर्वाचन अधिकारी बनाकर उन पर थोप दी जाती है। अब तुम जानो तुम्हारा काम जाने।

सामान्य निर्वाचन 2024 के अभी संपन्न दो चरणों में निरंतर गिर रहे मतदान प्रतिशत से अटकलबाजी का माहौल है। क्या भाजपा का उद्घोषित अबकी बार चार सौ पार नारा बेअसर होगा या फिर इंडिया गठबंधन की लुटिया डूबेगी? दोनों पक्षों के अपने अपने कयास हैं, तर्क और विवेचना है। किन्तु यहां चर्चा कयासबाजी से इतर इस पहलू को लेकर है कि आखिर मतदान प्रतिशत गिर क्यों रहा है?

राजनीतिक समझ के पुरोधाओं, समाचार मीडिया ने इस पर भी बहुत कुछ लिखा है। एक प्रमुख कारण बढ़ती भीषण गरमी बताई गई है। एक यह कारण भी इंगित हुआ है कि सत्ताधारी पार्टी के प्रत्याशियों और दीगर राजनैतिक पार्टी के प्रमुख दावेदार प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार में पहले जैसी ताकत नहीं झोंकी।

सत्ता पक्ष पूरी तरह मुतमईन है, बेपरवाह है कि मोदी मैजिक चलेगा और आंकड़ा चार सौ पार जाना जब सुनिश्चित ही है तो फिर काहें की मगजमारी? दूसरा हताश विपक्ष की पूरी बेचारगी कि जब मोदी को फिर से, तिबारा आना ही है तो क्या मतदान करना? दोनों ही ओर गफलत के चलते मतदान प्रतिशत गिरा है।

वैसे यह सब कयास ही है मगर एकदम से उपेक्षित करने लायक भी नहीं। देखने में स्पष्ट आ रहा है कि भाजपा के कितने प्रत्याशी बस मोदी मैजिक पर आश्रित हैं। क्षेत्र में जा ही नहीं रहे हैं। सघन प्रचार नहीं कर रहे हैं। बल्कि मतदाता कहते फिर रहे हैं कि हमारे भाजपा के प्रत्याशी महानुभाव तो दर्शन दिए नहीं हम तो बस मोदी के नाम पर वोट डाल आए हैं। कोढ़ पर खाज यह कि इस बार जहां जहां भाजपा ने एलियन प्रत्याशी उतारे हैं, उन्हें क्षेत्र की समझ भी नहीं है और उनके स्थानीय भाजपा सहयोगी खुन्नस खाए बैठे हैं। दिखाने के लिये चेहरे पर रौनक और ठकुरसुहाती है। पीठ पीछे कुछ और। यह सब देख तो यही लगता है कि चार सौ पार का आंकड़ा पाना टेढ़ी खीर ही है। भाजपा समर्थकों को अब मोदी योगी मैजिक का ही आसरा है। राहत यह है कि अभी पांच चरण बाकी हैं। जब से और जितना जल्दी यह पार्टी कैडर चेत जाय उतना ही भला।

दूसरी ओर मजहबी बिरादरी पानी पी पीकर

मोदी योगी को कोसती हुई कांग्रेस के पक्ष में एकजाई हो गई है और पूरी सक्रियता और विपुलता से मतदान में हिस्सा ले रही है। बस उद्घोष करते फिर रहे राष्ट्रप्रेमी मतदाता वोट देने में उतने सक्रिय नहीं है। ये फैक्टर निश्चय ही सत्तादल के लिए अनुकूल नहीं है। सारा दमखम बस दिखावे के लिए हो, एक यूफोरिया ही तारी हो जो वोट में परिणत न हो सके तो संकेत शुभ कैसे कहा जाय?

न न करते आखिर मैंने एक राजनीतिक विश्लेषण कर ही दिया। मगर एक बात और जिस पर सयानों की नज़र नहीं जा रही है वह है मतदाता सूचियों की अशुद्धता, जिसकी वजह से भी मतदान प्रतिशत के गिरे होने की प्रतीति है। और इसकी जिम्मेदारी तो भारत निर्वाचन आयोग को ही लेनी है। हम जब राजकीय सेवा में थे निर्वाचन प्रक्रिया के लगभग सभी पहलुओं से गहरे जुड़े थे। उच्च स्तर के प्रशिक्षण भी प्राप्त किए थे और विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षण देते भी थे।मतलब निर्वाचन मशीनरी से करीब से जुड़े थे। इसलिए व्यवस्था की अच्छाईयों और खामियों (लूपहोल) से भी खासे परिचित होते थे।

एक बात जिस पर भारत निर्वाचन आयोग के पदाधिकारियों का बहुत जोर होता था - वह था मतदाता सूची अर्थात निर्वाचक नामावलियों की शुचिता। जिसे एक अधिकारी मतदाता सूचियों का स्वास्थ्य भी कहते थे। स्वास्थ्य खराब तो मतदान प्रक्रिया का दुष्प्रभावित होना तय। मतदाता सूचियों के खराब स्वास्थ्य का अर्थ था - मृतकों का नाम भी शामिल रह जाना, निर्वाचन क्षेत्र को छोड़कर दूसरे निर्वाचन क्षेत्र जिले या प्रदेश शहर में हमेशा के लिए चले गए मतदाता का नाम भी स्थानीय मतदाता सूची में शामिल रह जाना। दो जगहों पर मतदाताओं का नाम बने रहना। एक ही मतदाता का नाम दुबारा उसी सूची में आना। सभी नए मतदाताओं का नाम न जुड़ पाना। और पूरक सूची में होने पर मतदान कार्मिकों की कहीं कही अक्षमता से ऐसे मतदाताओं का नाम न ढूंढ़ पाना आदि आदि। जब तक मतदाता सूचियां इन विसंगतियों से पूर्णतया मुक्त नहीं होंगी मतदान प्रतिशत कैसे बढ़ेगा?

एक और ध्यान दिलाना और भी जरुरी है कि विगत शती से अद्यावधि दशकों निर्वाचन प्रक्रिया के चलने के बाद भी आज तक भारत निर्वाचन आयोग के पास जिलों में अपना खुद का सेट अप नहीं है। और न ही पर्याप्त पूर्णकालिक स्टाफ। निर्वाचन की घोषणा होते ही सारी व्यवस्था जिलाधिकारी को जिला निर्वाचन अधिकारी बनाकर उन पर थोप दी जाती है।

अब तुम जानो तुम्हारा काम जाने। जिले के सारे अधिकारी कर्मचारी अल्पकालिक तौर पर भारत निर्वाचन आयोग के अधीन हो जाते हैं और ऊपर से आयोग का चाबुक। मरता क्या न करता। एक भारी दबाव का वातावरण सृजित होता है जिसमें गुणवत्ता तो कंप्रोमाईज होनी ही है। जबकि सामान्य समझ है कि मतदान प्रक्रिया अगर सौ फीसदी सही नहीं रही तो वह दूषित हो जाती है। आज राजनीतिक दलों से लेकर, सुप्रीम कोर्ट तक और स्वयं भारत निर्वाचन आयोग की ओर से भी चुनाव सुधारों की बड़ी चर्चा होती है मगर इस पर विमर्श क्यों नहीं होता कि हर जिले में पर्याप्त स्टाफ के साथ निर्वाचन का पृथक कार्यालय हो और वर्ष भर वहां प्रशिक्षण देने के कार्यक्रम आयोजित हों।

यह तो गनीमत रहती है कि जिला निर्वाचन अधिकारी प्रायः भारतीय प्रशासनिक सेवा का अधिकारी होने से सामान्यतः अपनी बुद्धि और कार्यक्षमता से निर्वाचन कार्य संभाल लेता है मगर जहां अधीनस्थ पर यथेष्ट नियंत्रण और संवाद की कमी होती है विकट परिस्थितियां उत्पन्न हो जाती हैं। और ज्यादातर नए उप जिलाधिकारी जो मतदाता सूचियों के उत्तरदायी अधिकारी होते हैं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पुस्तकों के पन्ने तक नहीं पलटते। और जब ऊपर की डांट फटकार से पलटने शुरु भी करते हैं चुनाव ठीक सिर पर होता है। इन बिन्दुओं को लिखने के पीछे चुनाव सुधार की ही कामना है और इसे इसी भावना से लिए जाने का अनुरोध है। ताकि लोकतंत्र का हमारा यह महापर्व पूरी शुचिता और निर्विघ्नता से संपन्न हो सके।

आशा है कि आगे के चरणों में मतदाताओं की भागेदारी बढ़ेगी। राजनीतिक दल इसे हल्के में न लें। कमर कस कर जुट जायें। अधिक से अधिक मतदाताओं को घरों से बाहर निकालें।

एक बात जिस पर भारत निर्वाचन आयोग के पदाधिकारियों का बहुत जोर होता था – वह था मतदाता सूची अर्थात निर्वाचक नामावलियों की शुचिता। जिसे एक अधिकारी मतदाता सूचियों का स्वास्थ्य भी कहते थे। स्वास्थ्य खराब तो मतदान प्रक्रिया का दुष्प्रभावित होना तय। मतदाता सूचियों के खराब स्वास्थ्य का अर्थ था – मृतकों का नाम भी शामिल रह जाना, निर्वाचन क्षेत्र को छोड़कर दूसरे निर्वाचन क्षेत्र जिले या प्रदेश शहर में हमेशा के लिए चले गए मतदाता का नाम भी स्थानीय मतदाता सूची में शामिल रह जाना। दो जगहों पर मतदाताओं का नाम बने रहना।

प्रसंगवश

तहजीब लखनऊ की

लखनऊ की तहज़ीब औरनफ़ासत दुनिया भर में मशहूर है। 1964 के आसपास रहा होगा; इटावा की नुमाइश में एक कार्यक्रम में दिल्ली का कमेडियन लखनऊ के नवाबों पर एक चुटकुला सुना रहा था। एक नवाब के बच्चे को दूसरे नवाब के बच्चे ने खेल खेल में पीट दिया था। बस फिर क्या था! इज्जत का सवाल था। जिनका बच्चा हार गया था, वह पूरी नवाबी पोशाक पहन कर, छड़ी लेकर बग्घी पर सवार हुए और दूसरे नवाब के दरवाज़े पर पहुंच गए। वे ऊपर दूसरी मंजिल पर थे। पहले वाले नवाब,जो लड़ने गए थे,यूं बोले," अमां नवाब साहब! आपके साहबज़ादे ने मेरे बेटे को मारा है, जो मुझे हरगिज़ बर्दाश्त नहीं हैं। आप झगड़ा करने के वास्ते नीचे तशरीफ ला रहे हैं या मैं ऊपर आ कर हाज़िर होऊं"। अब एक सही किस्सा। 1920 में लखनऊ म्युनिसपलिटी के चुनाव हुए। चौक इलाके से कारपोरेटर सीट के लिए मशहूर तवायफ दिलरुबा जान खड़ी हुईं। वे बला की खूबसूरत थीं। अब उनकी महफिलें खचाखच भरने लगीं। कोई उनके खिलाफ लड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था। एक हकीम थे शमशुद्दीन। उनके कुछ दोस्तों ने उन्हें पानी पर चढ़ा कर पर्चा दाखिल करवा दिया। कनवेसिंग होने लगी। दिलरुबा जान की तरफ की भीड़ सरासर ज्यादा थी। हकीम साहब दोस्तों पर झल्लाए। कहा, हमें फिजूल में हारने के लिए खड़ा कर दिया। भला दिलरुबा को छोडकर हमें कौन वोट देगा; लेकिन हकीम साहब के दोस्तों ने हिम्मत नहीं हारी उन्होंने एक नारा दीवालों पर लिखवाया- हिदायत है ये चौक के वोटर-ए शौकीन को।/ दिल तो दिलरुबा दीजिए,वोट शमशुद्दीन को।।तवायफें भी कम होशियार नहीं थीं। जवाबी नारा दीवालों पर लिखवा दिया-' हिदायत है ये चौक के वोटर'-ए शौकीन को।/ वोट दिलरुबा को दीजिए, नब्ज़ शमशुद्दीन को।।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत पीसीएस

खैर! वोटिंग हुई शमशुद्दीन जीत गए। अब लखनवी तहज़ीब के हिसाब से दिलरुबा हकीम साहब के घर मुबारकबाद देने गईं। बातों बातों में कहा,"इसका मतलब है लखनऊ में आशिक कम मरीज़ ज्यादा हैं'।

कहां बसाएंगे अपने सपनों की दुनिया

आज से लगभग साढ़े चार अरब वर्ष पहले पृथ्वी भी अन्य ग्रहों की तरह आग का दहकता हुआ गोला थी। परन्तु पर्यावरण में कुछ रासायनिक क्रियाएं हुईं तदुपरांत पृथ्वी ठंडी हुई । बादल बने बारिश हुई तथा पृथ्वी पर जल भराव हुआ। इन्हीं जल भरावो में जीवन की संभावना बनी। इस तरह का कुदरती करिश्मा केवल पृथ्वी के साथ हुआ। इसलिए सौरमंडल के सभी नौ ग्रहों में केवल पृथ्वी पर जीवन और प्रचुर मात्रा में जैव विविधता पाई जाती हैं। इसलिए पृथ्वी को अद्भुत ग्रह कहा जाता हैं। पृथ्वी समस्त जीवों का पालन पोषण तो करती हैं मनुष्य के शौक श्रृंगार को भी पूरा करती हैं। मनुष्य सहित समस्त जीव जंतुओं को स्वस्थ जीवन प्रदान करने वाली पृथ्वी ही अगर अस्वस्थ, प्रदूषित और कुपोषित हो गई तो हमारी भावी पीढ़ियों का जीवन संकट में पड जाएगा।

विकास करने और खुशहाल जीवन जीने में प्राकृतिक संसाधन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परन्तु इन संसाधनों का मूर्खतापूर्ण उपभोग और उपयोग अनगिनत प्रकार की सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय समस्याएं पैदा कर सकता हैं। इसलिए भावी पीढ़ियों को ध्यान में रखते हुए विकास की योजनाएं निर्धारित करनी होगी तथा संसाधनों का संरक्षण आवश्यक है। इसलिए प्रायः अत्यंत प्राचीन काल से प्रत्येक समाज में चिंतक और विचारक संसाधनों के संरक्षण पर अपने विचार प्रकट करते रहे हैं। इस संबंध में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा है कि प्रकृति में प्रत्येक की आवश्यकता पूरी करने के लिए सब कुछ है। परन्तु किसी के लालच को पूरा करने के लिए नहीं। अर्थात हमारे पेट भरने के लिए बहुत है लेकिन पेटी भरने के लिए

डा. मनोज कुमार
प्रवक्ता, मऊ

बेतहाशा बढ़ती जनसंख्या के भरण-पोषण के लिए अधिक अनाज उत्पादन का दबाव बढ़ता जा रहा है।

नहीं। महात्मा गांधी के अनुसार संसाधनों के ह्रास्व के लिए स्वार्थी व्यक्ति तथा आधुनिक प्रौद्यौगिकी की शोषणकारी प्रवृत्ति जिम्मेदार हैं। इसलिए वह व्यापक जन भागीदारी द्वारा लघु कुटीर उद्योग धंधों पर आधारित अर्थव्यवस्था के पक्षधर थे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यवस्थित तरीके से संसाधनों के विवेकपूर्ण इस्तेमाल और संसाधन संरक्षण की वकालत 1968 में क्लब ऑफ रोम ने की।

तीव्र औद्योगीकरण, नगरीकरण और आधुनिकीकरण की चाहत में पृथ्वी के प्राकृतिक भूगोल ,भूसंरचना भू-आकृति और भौगोलिक विन्यास को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया गया। इन चाहतों में पागल मानवीय महत्वाकांक्षाओं ने जल प्रबंधन के अधिकांश परंपरागत निर्मितियों कुआँ, तालाब पोखरे जोहड़ और बावडियो को बेरहमी से पाट दिया गया। इसका स्वाभाविक परिणाम यह देखने को मिलता है कि आज देश के मेगा शहर अत्यधिक जल भराव के शिकार हैं तो ग्रामीण क्षेत्रों में भौमिक जल स्तर काफी नीचे चला गया है। इसलिए भारत के लगभग छह लाख गांवो में जल संकट गहराता जा रहा हैं। जल संकट के अतिरिक्त औद्योगिक विकास शहरीकरण और नगरीकरण के कारण प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध शोषण हुआ है। इस अंधाधुंध शोषण के फलस्वरूप पारिस्थितिकीय असंतुलन, भूमंडलीय तापन, ओजोन परत का क्षरण पर्यावरण प्रदूषण और भूमि निम्मनीकरण जैसी समस्याएं उत्पन्न हुई हैं।

बेतहाशा बढ़ती जनसंख्या के भरण-पोषण के लिए अधिक अनाज उत्पादन का दबाव बढ़ता जा रहा हैं। अधिक अनाज उत्पादन के लिए अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों, प्रयोग, खरपतवारनाशी और कीटनाशक दवाओं के अत्यधिक प्रयोग के कारण हमारी धरती अत्यधिक प्रदूषित होती जा रही है और भूमि की गुणवत्ता में निरंतर गिरावट आती रही। जिसके फलस्वरूप अनगिनत बीमारियां पांव पसार रहीं हैं तथा हमारी समृद्ध जैव विविधता क्षीण होती जा रही हैं। अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों, खरपतवार नाशी और कीट नाशक दवाओं के प्रयोग के कारण अनगिनत जीव जंतु और अनगिनत वनस्पतियां विलुप्त होने के कगार पर हैं। इसलिए जिस तरह हम अपने लिए अपने सपनों के घर की देखभाल करने के लिए चितिंत रहते हैं उसी तरह मनुष्य सहित समस्त जीव जंतुओं के प्राकृतिक आवास पृथ्वी के बारे में भी चिंतन मनन करना चाहिए। निश्चित रूप से हर इंसान को अपने सपनों का घर, घरौंदा, घोंसला या महल बनाना चाहिए परन्तु इतना ध्यान रखना चाहिए कि- हमारी धरती ही लहू-लुहान हो गई तो हम अपने सपनों का घर, घरौंदा, घोंसला या महल कहां और कैसे बनाएंगे।

सोशल फोरम

बिल्लू का इर्रफान

मास्टर एक्टर इर्रफ़ान को गुज़रे चार बरस हो चुके हैं। मगर आज भी वो दिल के बहुत क़रीब हैं। एक एक्स्ट्रा 'र' की ध्वनि के कारण इरफ़ान को इर्रफ़ान ख़ान कहलाना अच्छा लगता था। वो बाकी ख़ानों से अलग ख़ान थे, बेजोड़ ख़ान। चीखने-चिल्लाने और जगमग रोशनी में नहाई सेल्फ प्रमोशन की फ़िल्म नगरी में चुपचाप और अकेले रहे। वो पर्दे पर भी इसी रूप में दिखे। इसी एक्सप्रेसिव चेहरे की बदौलत एक अलग और ऊंचा मुकाम हासिल किया। अनेक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरुस्कारों से नवाज़े गए, पद्मश्री देकर सरकार भी गौरवांवित हुई। लेकिन इरफ़ान ने सफलता को सर पर नहीं चढ़ने दिया। बनने चले थे क्रिकेटर। सुना गया कि सीके नायडू अंडर-23 में सिलेक्शन भी हो गया था मगर नियति ने उन्हें नाटक और सिनेमा के लिए बनाया था। संयोग से नेशनल स्कूल ऑफ़ ड्रामा में दाख़िला मिल गया। क्रिकेट का मैदान छोड़ दिया।

वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

मैंने उनकी कई फ़िल्में देखी हैं, मक़बूल और पान सिंह तोमर भी, जिसने उन्हें श्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरूस्कार दिलाया। मगर मुझे उनकी 'बिल्लू' बहुत पसंद आई। पूरी फ़िल्म में वो शायद ही कहीं बोले, उनका एक्सप्रेसिव फेस ही व्यथा, ख़ुशी और ग़म का अहसास करता रहा। इसमें वो एक ग़रीब नाई बिल्लू हैं, अथाह क़र्ज़ में डूबे हुए। पत्नी लारा दत्ता है और दो बच्चे। जैसे-तैसे गुज़र हो रही है। तभी कस्बे में एक फिल्म की शूटिंग शुरू होती है, हीरो हैं साहिल ख़ान (शाहरुख़ ख़ान)। बिल्लू पत्नी और बच्चों को बताता है साहिल से उसका बचपन का नाता है। मगर क़िस्मत ने उसे स्टार बना दिया और उसे नाई। जाने कैसे ये बात बाहर लीक हो जाती है और नतीजा ये होता है तमाम कस्बे की निगाह में बिल्लू हीरो बन जाता है। मगर स्वयं बिल्लू को बॉडी गाड्र्स ने साहिल से मिलने नहीं दिया।

तो सबको लगा साहिल झूठ बोल रहा था। सब एकाएक उसके दुश्मन बन गए। एक स्कूल के फंक्शन में उसने बिल्लू से अपनी नज़दीकियां बयान कीं। बिल्लू ये सब चुपचाप पीछे खड़ा सुन रहा है। वो चुपचाप घर लौट आता है और उसके पीछे-पीछे साहिल भी आ जाता है। और पीछे पीछे तमाम गांववाले भी जो बिल्लू को अब तक धिक्कार रहे थे।

-फेसबुक वॉल से

ओरछा में मंदिर दर्शन

ओरछा में सभी पर्यटन स्थल आसपास ही हैं। एक दिन में पांव फिराते हुए सब देखे जा सकते हैं। वैसे भी लोग घूमते हुए इमारतों को 'मौका मुआयना' वाले अंदाज में देख लेते हैं। जिन इमारतों को बनने में वर्षों लगे उनको मिनटों में निपटा देते हैं।

हम भी कोई अलग थोड़ी हैं। सबसे पहले चतुर्भुज मंदिर देखा। मंदिर के निर्माण की शुरुआत बुंदेल राजा मधुकर शाह (1554 -1593 ई) ने अपनी रानी गणेश कुंवरि के आग्रह पर, रानी के आराध्य देव राजा राम की स्थापना के लिए शुरू की थी। पश्चिमी बुंदेलखंड पर मुगल आक्रमण और राजकुमार होरलदेव की मृत्यु के कारण यह पूरा नहीं हो सका। उस समय अकबर मुगलों का बादशाह था। रानी ने राजा राम की प्रतिमा अपने ही महल में स्थापित कर ली। मंदिर का निर्माण दूसरे चरण में महाराज वीरसिंह देव (1605-1627 ई) के शासन काल में हुआ।

मंदिर में भगवान विष्णु की प्रतिमा है। 105 मीटर ऊंचा मंदिर 4.5 मीटर नींव पर बना है। लगभग पांच सौ साल पुराने मंदिर की भव्यता देखकर अचरज और कौतूहल होता है कि कैसे इतने विशाल मंदिर बनाए गए होंगे।

मंदिर में भगवान विष्णु की मूर्ति के पास बैठे पुजारी जी ने बताया कि छह पीढ़ियों से उनका परिवार यहां के पुजारी का काम देख रहा है। पीछे लगी एक महिला की फ़ोटो दिखाते हुए बताया इन्होंने (शायद पुजारी जी की मां) ने वर्षों पुजारी का काम किया। भगवान विष्णु की प्रतिमा के सामने ओरछा

अनूप शुक्ल
कानपुर

मंदिर के प्रांगण में तमाम नवदंपति अपने परिजनों के साथ पूजा करने आए थे। यहां की परंपरा है नए दूल्हे-दुल्हन पूजा करते हैं। थापे लगाते हैं।

का राजमहल है। तकरीबन 200 मीटर की हवाई दूरी होगी। रानी ने प्रतिमा की स्थापना इस तरह कराई थी कि महल के अपने कक्ष से भगवान के दर्शन कर सकें। पूजारी जी इसे रानी के घमंड के रूप में देखते हैं कि अपने कमरे में बैठे-बैठे कोई भगवान के दर्शन करना चाहे।

बाद में महल में स्थित रानी के कक्ष के झरोखे से देखा तो वहां से मंदिर की प्रतिमा साफ दिख रही थी। पांच सौ वर्ष पहले के साधनों से इतनी उत्कृष्टता से निर्माण कार्य जिन लोगों ने किया होगा वे कितने कुशल कारीगर रहे होंगे। अफसोस उनके बारे में आज कोई जानकारी नहीं।

चतुर्भुज मंदिर से राजाराम मंदिर की तरफ आए। यह मंदिर रानी गणेश कुंवरि के आग्रह पर बनवाया गया। कहानी प्रचलित है कि रानी अपने आराध्य देव भगवान राम को लेने अयोध्या गई। उनको लाने के लिए वहां तपस्या की। भगवान प्रकट नहीं हुए तो सरयू में कूद गईं। इस पर भगवान राम प्रकट हुए और रानी के साथ ओरछा चलने को राजी हुए लेकिन शर्तो के साथ : रानी उनको अपने साथ ले चलेंगी, वे ओरछा के राजा होंगे, एक बार जहां उनको रख दिया गया वे वहीं स्थापित हो जाएंगे।

रानी ने अपने आराध्य की तीनों शर्ते मान लीं। उनको अयोध्या से ओरछा लाईं। तब तक मंदिर पूरा नहीं बना था तो प्रतिमा को अपने महल में रख लिया कि जब मंदिर बनेगा तो वहां स्थापना होगी। लेकिन बाद में कहते हैं कि मूर्ति इतनी भारी हो गई कि यहां से हटी नहीं। मजबूरन महल को ही मंदिर बनाना पड़ा।

रानी ने अपने आराध्य की दूसरी शर्त के अनुसार भगवान राम को ओरछा का राजा घोषित करवाया होगा। यह राम जी का अकेला मंदिर है जहां वे भगवान और राजा के रुप मे माने जाते हैं। भगवान के रूप में पूजा होती है। राजा के रूप में रोज सलामी जी जाती है।

मंदिर के प्रांगण में तमाम नवदंपति अपने परिजनों के साथ पूजा करने आए थे। यहां की परंपरा है नए दूल्हे-दुल्हन पूजा करते हैं। थापे लगाते हैं। इसके बाद उनका दांपत्य जीवन आरंभ होता होगा। शायद भगवान के राजा स्वरूप के कारण इस प्रथा की शुरुआत हुई हो। हमारे देखते-देखते एक नवयुगल अपने परिवार के साथ पूजा करने आया वहां। परिवार के लोग डांस भी कर रहे थे। सबसे ज्यादा उत्साह से दुल्हन डांस कर रही थी। सर पर मुकुट और उसके नीचे लंबा घूंघट। घूंघट के अंदर होने के कारण चेहरा नहीं दिख रहा था दुल्हन का लेकिन उसका उल्लास और उत्साह उसके डांस से प्रकट हो रहा था। मंदिर में प्रांगण में भजन मंडली ढोलक की थाप पर अल्हैत वाले अंदाज में भजन गा रही थी। दूल्हा-दुल्हन उसके सामने ही डांस कर रहे थे। मंदिर परिसर में फोटोबाजी मना थी फिर भी नवयुगल और उनके परिवारी जन को डांस करते देखकर और लोगों की देखादेखी कुछ फोटो वीडियो बना लिए।

मंदिर से निकलकर राजमहल देखने के लिए आगे बढ़े। सामने एक पुरानी इमारत दिखी। उसमें लिखा था -टकसाल भवन। 17 वीं शताब्दी का टकसाल भवन आज बुजुर्ग और जर्जर हाल में है। कभी यहां कड़ा पहरा रहता होगा। आज कोई जाता नहीं।

टकसाल भवन के सामने ही तमाम तरह के सामान की भी कुछ दुकानें थी। एक में सामने नीचे तसलों में अलग-अलग आकार की चिलमें रखीं थी। पता चला कि सीकर में बनती हैं ये चिलम। पास बैठे कुछ लोग अलग-अलग अंदाज में चिलमों को टटोलते हुए मोलतोल कर रहे थे।

आगे एक जगह बोर्ड लगा था -"धीमे वाहन चलाओ, जानवरों की जान बचाओ।" हेल्प डाग सेंटर की तरफ से लगाया गया यह बोर्ड जिस सड़क के बीच लगा था वह इतनी कम चौड़ी थी कि वहां तेज गाड़ी चलाने की गुंजाइश कम ही थी। लेकिन कम से कम इसे पढ़कर ही लोग जानवरों के बारे में कुछ दयालु हो सकें।

आपका पत्र

हे भारत

भाजपाइयों को रहीम, रसखान, अशफाक, जाफरानी याद क्यों नहीं,/ वीर अब्दुल हमीद, शहीद उस्मान / के राष्ट्रप्रेम की कहानी याद क्यों नहीं, प्रधानमंत्री मोदीजी को इतिहास के नामों में सिर्फ औरंगजेब ही याद क्यों हैं ? हे भारत, बतलाओ, उन्हें ज्ञान नहीं है या राष्ट्र को आधे अधूरे एकांगी तथ्यों को अतिरंजना के साथ प्रस्तुत कर कोई हिडेन एजेंडा तो नहीं लागू कर रहे? उन्हें प्रभु राम और कृष्ण पर लिखने वाले रहीम व रसखान क्यों याद नहीं आते ? उन्हें पंडित रामप्रसाद बिस्मिल और चंद्रशेखर आजाद के साथ मिल कर देशभक्ति अमर कहानी के महानायक अशफाक उल्ला खान याद क्यों आते ? जिसे नेताजी बोस ने आजाद हिंद फौज का और पंडित जवाहर लाल ने भारतीय सेना व पुलिस का अभिवादन बनाया , उस जय हिंद का नारा देने वाले आबिद हसन सफरानी याद क्यों नहीं आते ? भगत सिंह का मुकदमा लड़ने वाले आसफ अली याद क्यों नहीं आते ? शाहिद उस्मान और वीर अब्दुल हमीद याद क्यों नहीं आते?

कहीं जमूद तो कहीं सिर्फ इंतसार/ सा है/ जहां को अपनी तबाही का इंतजार सा है/ कोई तो सूद चुकाए कोई तो जिम्मा ले/ उस इंकलाब का जो आज भी उधार सा है

- दीपक मिश्रा , समाजवादी चिंतक,लखनऊ।

शाक्य वोटर बनेंगे क्या यहां सपा का भाग्य

जीत की हैट्रिक के लिए दो बार के सांसद पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के पुत्र राजवीर के सामने इस बार कठिन चुनौती

एटा लोकसभा सीट

मनोज त्रिपाठी

एटा लोकसभा के चुनाव में तापमान बढ़ने के साथ जातीय गर्मी भी बढ़ गई है। भाजपा राष्ट्रीय मुद्दों पर फोकस करने और मोदी की गारंटी का प्रचार करने का साथ जातीय गुणा-गणित का भी हिसाब किताब लगा रही है। ऐसा इस कारण है, क्योंकि इस बार सपा ने दो बार से चुनाव हार रहे कुं. देवेंद्र सिंह यादव की जगह शाक्य समाज के देवेश शाक्य को चुनाव मैदान में उतारकर भाजपा के परंपरागत वोटर माने जाने वाले शाक्य मतदाताओं को अपनी तरफ मोड़ने की कोशिश की है। देवेंद्र शाक्य वर्ष 2005 और 2010 में औरैया से जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं। हालांकि इस लड़ाई में बसपा भी कम नहीं है, उसने मुस्लिम प्रत्याशी मोहम्मद इरफान को सामने करके सपा के पीडीए फार्मूले की चुनौती बढ़ा दी है। भाजपा से एटा के मौजूदा सांसद पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के पुत्र राजवीर सिंह इस बार जीत की हैट्रिक लगाने का मंसूबा पाले हैं। पार्टी ने उनके लिए पूरी ताकत भी झोंक रखी है।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कल्याण सिंह की विरासत के पहरेदार उनके पुत्र दो बार के सांसद राजवीर सिंह उर्फ राजू भइया इस बार एटा सीट पर फंसे नजर आ रहे हैं। 2019 के चुनाव में उन्होंने सपा-बसपा गठबंधन के प्रत्याशी कुं. देवेंद्र सिंह यादव को हराया था। साल 2014 में मोदी लहर में भी उन्होंने सपा के देवेंद्र सिंह यादव को ही करारी शिकस्त दी थी। देवेंद्र यादव अब भाजपा में शामिल हो चुके हैं। इसके चलते समाजवादी पार्टी ने इस बार एटा में देवेश शाक्य को चुनावी मैदान में उतारकर चुनौती कड़ी कर दी है।

ओबीसी में शाक्य उपजाति है। राजवीर सिंह लोध समुदाय से हैं। इस तरह ओबीसी की दो उपजातियां आमने-सामने हैं। अब ऐसे में ओबीसी की अन्य जातियों को अपने पाले में करने की जंग छिड़ी है। यही वजह है कि भाजपा ने पूरा ध्यान कासगंज जिले की तीनों विधानसभा सीटों पर ज्यादा लगा रखा है।

रणनीति के तहत सोरों में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की जनसभा कराने के बाद शाक्य-मौर्य मतदाताओं को जोड़ने के लिए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आए। पार्टी के शाक्य नेता समाज से अपने जुड़ाव और रिश्ते की दुहाई दे रहे हैं। एक दिन पहले कासगंज में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गरज गए हैं। इसके मुकाबले एटा सदर और मारहरा विधानसभा क्षेत्र लोधी बाहुल्य होने से भाजपा बेफिक्र है। लोधी मतदाताओं की कल्याण सिंह में अटूट निष्ठा है, ऐसे में उनके पुत्र के कारण पार्टी यहां अपनी बढ़त मानकर चल रही है।

मुस्लिम वोटों में सेंधमारी से खुल सकता कमल खिलने का रास्ता : बसपा एटा लोकसभा सीट पर आज तक जीत भले न पाई हो लेकिन कई बार अन्य दलों के चुनावी समीकरण जरूर बिगाड़ चुकी है। बसपा ने इस बार कॉडर वोट के साथ मुस्लिम वोटरों के जोड़तोड़ का गणित बनाया है। मुस्लिम वोटरों के बिखरने का सबसे बड़ा और सीधा प्रभाव सपा प्रत्याशी पर पड़ेगा। यही वजह है कि जानकारों के मुताबिक अभी यहां भाजपा और सपा दोनों हाथी की चाल देख रहे हैं। अगर हाथी की चाल तेज होती है तो सपा का नुकसान करेगी, लेकिन हाथी की सुस्त रफ्तार भाजपा के लिए परेशानी का सबब बनेगी।

हाथ का नहीं मजबूत साथ : सपा और कांग्रेस में गठबंधन जरूर है, लेकिन एटा में सपा अकेले ही चुनाव लड़ते नजर आ रही है। कांग्रेस का संगठन मृतप्राय है। बसपा से उतरे मो. इरफान पहले कांग्रेस में ही थे। कांग्रेस की स्थिति यह है कि उसके जिलाध्यक्ष तक पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं।

देवेश शाक्य।

राजवीर सिंह।

- सपा के देवेश शाक्य सजातीय मतों के सहारे मुकाबले में, बसपा के मुस्लिम प्रत्याशी से भाजपा को राहत की सांस और मतों के बिखराव की आस

2019 आम चुनाव का परिणाम

दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	राजवीर सिंह	5,45,348
सपा	देवेन्द्र सिंह यादव	4,22,678

2014 आम चुनाव का जनादेश

दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	राजवीर सिंह	4,74,978
सपा	देवेन्द्र सिंह यादव	2,73,977
बसपा	नूर मोहम्मद खान	1,37,127

2019 में यह था वोट शेयर

54.52% भाजपा
42.25% सपा

2014 का वोट प्रतिशत

भाजपा	सपा	बसपा
51.28%	29.58%	14.80%

पांच बार जीत का रिकार्ड महादीपक शाक्य के नाम

एटा लोकसभा सीट पर 1952 में पहला लोकसभा चुनाव कांग्रेस के रोहन लाल चतुर्वेदी ने जीता था। 1957 में भी वही जीते। 1962 में हिंदू महासभा के बिशन चन्द्र सेठ को जीत मिली। 1967 में कांग्रेस ने वापसी की और रोहन लाल चतुर्वेदी तीसरी बार जीते। 1971 में भी उन्होंने ही जीत दर्ज की। जनता पार्टी की लहर में 1977 भारतीय लोकदल से महादीपक सिंह शाक्य विजयी रहे। लेकिन 1980 कांग्रेस के मुशीर अहमद खां और 1984 में लोकदल के मोहम्मद महफूज को जीत मिली। 1989 में भाजपा से महादीपक सिंह शाक्य ने जीत हासिल की, तो 1991, 1996, 1998 लगातार चार बार सांसद चुने गए। 1999 में सपा के देवेन्द्र सिंह यादव ने उनकी जीत का सिलसिला तोड़ा और 2004 में भी जीत हासिल की। 2009 में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह निर्दलीय लड़कर सपा के समर्थन से जीते। 2014 और 2019 के चुनाव में उनके पुत्र राजवीर सिंह भाजपा से दो बार जीत दर्ज कर चुके हैं।

लोधी, यादव और शाक्य मतदाताओं का गढ़

- एटा लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 16 लाख 72 हजार से अधिक है। एटा जिला को लोधी, शाक्य व यादव मतदाताओं का गढ़ माना जाता है। शाक्य मतदाताओं की संख्या यहां एक लाख 80 हजार के करीब मानी जाती है। हालांकि लोधी राजपूतों की संख्या सबसे ज्यादा 2 लाख 90 हजार के आसपास गिनी जाती है। इसके बाद यादव मतदाता लगभग ढाई लाख, ब्राह्मण 95 हजार, वैश्य 85 हजार और जाटव मतदाताओं का अनुमान लगभग दो लाख है। लोकसभा क्षेत्र की तीन विधानसभा सीटों कासगंज, अमांपुर, पटियाली में शाक्य मतदाता अधिक हैं।

तीन मुख्यमंत्रियों को रास आया यह लोकसभा क्षेत्र

- 1977 की जनता पार्टी सरकार में मुख्यमंत्री चुने गए रामनरेश यादव आजमगढ़ छोड़कर एटा की निधौलीकलां विधानसभा सीट से उपचुनाव लड़े थे। उनके लिए निधौली कलां के विधायक रामसिंह यादव ने इस्तीफा देकर सीट छोड़ी थी। मुलायम सिंह यादव भी निधौली कलां से चुनाव जीतकर मुख्यमंत्री बने थे। कल्याण सिंह भी 1993 में लोध बाहुल्य कासगंज विधानसभा सीट से चुनाव जीतकर मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे थे।

...अबकी बार अखिलेश के सियासी रसूख का इम्तिहान

कानपुर

- मुलायम सिंह के बिना पहला आम चुनाव तय करेगा यादव समाज का सपा को कितना समर्थन
- 2009 से जनाधार में गिरावट, सपा की जीती 21 सीटों में यादव बहुल केवल मैनपुरी, इटावा, फिरोजाबाद थीं

अमृत विचार: सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बिना समाजवादी पार्टी पहली बार लोकसभा चुनाव के समर में उतरी है। हालांकि मुलायम के निधन के बाद मैनपुरी में हुआ उप चुनाव डिपंल यादव ने जीता था, तब परिवार में एका हुआ था और चाचा-भतीजा, शिवपाल सिंह और अखिलेश यादव ने साथ आकर नेताजी की विरासत बचाने के लिए दिन-रात एक कर दिया था। लेकिन अब पार्टी के प्रदर्शन का पूरा दारोमदार अध्यक्ष अखिलेश यादव के कंधे पर है। ऐसे में यह चुनाव सपा के परंपरागत वोटरों को साथ रखने के साथ प्रदेश में 'यादव लैंड' कही जाने वाली लोकसभा की 10 सीटों पर तेज रफ्तार में साइकिल दौड़ाने का भी है।

उत्तर प्रदेश में मैनपुरी, फिरोजाबाद, बदायूं, एटा, कन्नौज, जौनपुर, फैजाबाद, आजमगढ़, गाजीपुर, बलिया लोकसभा सीटें यादव बहुल मानी जाती हैं। इसलिए इन्हें यादव लैंड कहकर भी पुकार जाता है। अब इन सीटों के चुनावी परिणाम ही प्रदेश और देश में अखिलेश यादव का सियासी रसूख और भविष्य तय करेंगे। यह भी साफ हो जाएगा कि मुलायम के बाद यादव समाज कितनी बड़े संख्या बल के साथ अखिलेश की नुमाइंदगी कुबूल करता है, क्योंकि भाजपा ने यादव बहुल सीटों पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को उतारकर अखिलेश के यादव वोट बैंक में दरार डालने का पूरा जाल बिछा रखा है।

वर्ष 1999 के लोकसभा चुनाव में सपा ने 26 सीटें जीती थीं। इनमें यादव लैंड की मैनपुरी, एटा, इटावा, फिरोजाबाद, बदायूं और आजमगढ़ की सीटें शामिल थीं। जौनपुर भाजपा के हिस्से में आई थी। 2004 में सपा के 37 सांसद चुने गए थे। मैनपुरी, एटा, इटावा, फिरोजाबाद, बदायूं, जौनपुर लोकसभा सीटों पर सपा ने विरोधियों को पछाड़ दिया था। इस चुनाव में फैजाबाद और आजमगढ़ से बसपा जीती थी। हालांकि 2009 के चुनाव से सपा का जनाधार खिसकने लगा। इस चुनाव में सपा ने 21 सीटें जीतीं। लेकिन इनमें यादव लैंड की केवल तीन मैनपुरी, इटावा, फिरोजाबाद लोकसभा सीटें शामिल थीं। हालांकि एटा से सपा समर्थित उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह जीते थे। फिरोजाबाद सीट पर अखिलेश यादव के इस्तीफा देने से उपचुनाव हुआ तो कांग्रेस के राज बब्बर ने जीत दर्ज कर ली थी। उन्होंने अखिलेशकी पत्नी डिपंल यादव को हरा दिया था। वर्ष 2009 में बलिया सीट सपा ने जीती, फैजाबाद से कांग्रेस, जौनपुर से बसपा, संतकबीर नगर से बसपा और आजमगढ़ से भाजपा ने जीत हासिल की थी।

बीते चुनाव में सपा का सबसे खराब प्रदर्शन

- वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा का यादव लैंड में अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन रहा। इस चुनाव में मैनपुरी से मुलायम सिंह यादव और आजमगढ़ से अखिलेश यादव ही चुनाव जीत पाए। वहीं वर्ष 2022 के लोकसभा उपचुनाव में आजमगढ़ सीट पर भाजपा ने जीतकर कमल खिला दिया।

अन्य पिछड़ी जातियों के भाजपा की ओर मुड़ने के जवाब में आया पीडीए

- वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद जिस तरह अन्य पिछड़ी जातियां भाजपा की ओर एकजुट हुईं उससे सपा को विजय दिलाने वाले मुस्लिम-यादव समीकरण का प्रभाव कम हो गया। इसीलिए इस बार के चुनाव में अखिलेश यादव ने जनाधार बढ़ाने के लिए 'पीडीए' यानी पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक फॉर्मूला तैयार किया है। अब इसकी परीक्षा होनी है।

बसपा ने भाजपा के कथित समर्थन का दाग धोया, गठबंधन की राह में बिछाए कांटे

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। बहुजन समाज पार्टी जिसे लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में अकेले चुनाव लड़ने के कारण बड़ी चुनौती नहीं माना जा रहा था, जैसे-जैसे चुनाव अभियान आगे बढ़ रहा है, दो दर्जन सीटों पर त्रिकोणीय संघर्ष में आकर कहीं सपा-कांग्रेस गठबंधन तो कहीं भाजपा के लिए जीत की राह में कांटे बिछाती बनती नजर आ रही है। प्रत्याशी चयन में चतुराई दिखाते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने पार्टी के ऊपर पिछले विधानसभा चुनाव में लगा भाजपा को कथित मौन समर्थन का दाग धोने के साथ ही अपने भतीजे और पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद के लिए एक ऐसी खुली जमीन तैयार कर दी है, जहां से बसपा एक बार फिर मजबूत वोट बैंक की नई उड़ान भर सकती है।

बीते चार दशक में अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही बसपा के अकेले लोकसभा चुनाव में उतरने के मायावती के फैसले का निहितार्थ अब धीरे-धीरे सामने आ रहा है। पार्टी ने पिछले लोकसभा चुनाव में सपा के साथ गठबंधन करके 10 लोकसभा सीटें जीती थीं, लेकिन इनमें से ज्यादातर साथ छोड़ गए हैं। विधान सभा चुनाव में पार्टी का वोट बैंक धड़ाम हो गया था। 2017 के विधान सभा चुनाव में जहां बसपा को 22.23 फीसदी वोट मिले थे, वहीं 2022 में यह आंकड़ा घटकर 12.88 पर आ गया था। वोट शेयर में लगभग 10 फीसदी वोटों की भारी गिरावट के साथ पार्टी सिर्फ एक सीट पर सिमट गई थी। यही वह वजह थी, जिसने बसपा सुप्रीमो को नए सिरे से रणनीति बनाने के लिए मजबूर किया। लोकसभा चुनाव में अभी तक बसपा ने ही सबसे ज्यादा मुस्लिम वर्ग को टिकट दिए हैं। पार्टी अब तक 20 से अधिक मुस्लिम प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। बसपा के इन मुस्लिम उम्मीदवारों ने सपा और कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशियों की मुश्किल बढ़ा दी है। माना जा रहा कि बसपा के इस कदम से मुस्लिम वोट बंटने पर भाजपा प्रत्याशी को फायदा हो सकता है। लेकिन बसपा की अपनी रणनीति है, वह अकेले दम पर चुनाव लड़ रही है, इसलिए अपने प्रत्याशी को जीत की संभावना के साथ टिकट दिए हैं। पार्टी का मानना है कि मुस्लिम प्रत्याशी चुनाव जीत नहीं पाए तो भी अच्छा प्रदर्शन करके वोट प्रतिशत बढ़ाने में सहायक होंगे। इसी रणनीति के चलते ही बसपा ने दलित समुदाय को प्रतिनिधित्व देने के साथ 18 सवर्ण और 16 ओबीसी प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। बसपा के मुस्लिम और सवर्ण प्रत्याशी पश्चिम उत्तर प्रदेश की कई सीटों पर सपा-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवारों की चुनौती कमजोर करते नजर आए, तो कहीं-कहीं भाजपा के लिए परेशानी का सबब बने।

जौनपुर, मेरठ, मैनपुरी, बस्ती, बंदायू, आजमगढ़ समेत जैसी सीटों पर बसपा ने सपा-कांग्रेस गठबंधन के साथ साथ भाजपा की राह भी मुश्किल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अपने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर को आजमगढ़ से उतरकर बसपा ने भाजपा और सपा दोनों के लिए चुनौती खड़ी कर दी है। बस्ती में भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद हरीश द्विवेदी को फिर टिकट दिया है, तो यहां बसपा ने ब्राह्मण समाज के ही दयाशंकर मिश्र को टिकट देकर भाजपा की राह में कांटे बिछा दिए हैं। मैनपुरी में प्रत्याशी बदलकर यादव उम्मीदवार उतारकर डिंपल यादव की परेशानी बढ़ा दी है।

पार्टी का प्रदर्शन

2009	20 सीटें	27.42% वोट
2014	00 सीटें	19.77% वोट
2019	10 सीटें	22.43% वोट

- पार्टी ने अपना गिरता वोट बैंक संभालने के लिए लिया था अकेले चुनाव लड़ने का फैसला
- 20 मुस्लिम प्रत्याशी उतारकर सपा-कांग्रेस प्रत्याशियों की चुनौती कमजोर करने का प्रयास
- सवर्ण और ओबीसी को कई सीटों पर टिकट देकर भाजपा के लिए भी खड़ी कर दी परेशानी
- विधानसभा चुनाव में भाजपा के कथित मौन समर्थन का टैग हटाया, आकाश को दी नई जमीन

फतेहपुर में सपा तय नहीं कर पा रही उम्मीदवार

फतेहपुर। फतेहपुर संसदीय सीट पर भाजपा चुनाव प्रचार में आगे चल रही है। यहां से पार्टी ने केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को पुनः मौका दिया है। जबकि बसपा ने कानपुर देहात के रहने वाले डॉ. मनीष सचान पर दांव खेला है। सपा अभी प्रतयाशी को लेकर असमंजस में है। पार्टी नेतृत्व अभी यह तय नहीं कर पा रहा है कि उसका चेहरा कौन होगा। कभी प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के नाम पर चर्चा होती है तो कभी पूर्व सांसद डॉ. अशोक पटेल के नाम की। पार्टी कार्यकर्ता भी परेशान हैं क्योंकि भाजपा और बसपा के उम्मीदवार जनता से मिल रहे हैं और वोट मांग रहे हैं। निरंजन ज्योति लगातार दो बार से इस सीट पर जीत रही हैं। 2009 में सपा से राकेश सचान जीते थे। अब वे भाजपा में हैं और प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं।

ओपी राजभर की प्रतिष्ठा फंसी

मऊ। प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर के लिए घोसी सीट का चुनाव प्रतिष्ठा बन गया है। यहां उनके बेटे अरविंद राजभर चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें घेरने के लिए सपा- कांग्रेस ने राजीव राय तो बसपा ने पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान को उतारा है। राजीव राय जहां ओपी राजभर से नाराज भाजपा नेताओं को साधने में जुटे हैं तो दलित और मुस्लिम मतदाताओं को जोड़कर जीतने की कोशिश में बाल कृष्ण चौहान भी ताकत लगा रहे हैं। नेता भले ही बाहर से अरविंद राजभर के साथ नजर आ रहे हैं लेकिन पूर्व में दिए तीखे बयानों के कारण वे दिल से उनके साथ नहीं जुड़ पा रहे हैं।

भरी हुंकार

आगरा में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पार्टी उम्मीदवार सुरेश चंद्र कर्दम के समर्थन में आयोजित रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्हें कार्यकर्ताओं ने गदा भेंट किया।

चुनावी रंग

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के रोड शो में तिलक नगर में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का मुखौटा लगाकर विराधी दलों के नेताओं को जवाब दिया।

कालीन नगरी में हैट्रिक लगाने को भाजपा ने रचा चक्रव्यूह

भदोही संसदीय सीट

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। कालीन उत्पादन के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध भदोही संसदीय सीट पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के लिए भी प्रतिष्ठा का सवाल बन गई है। ममता ने कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी के वंशज ललितेश त्रिपाठी को यहां से उतारा है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उन्हें यहां से जीत दिलाने के लिए रात- दिन लगे हुए हैं। ललितेश के कंधे पर भाजपा की हैट्रिक रोकने की जिम्मेदारी है। भाजपा ने इस सीट से वर्तमान सांसद रमेश चंद बिंद का टिकट काटकर विनोद कुमार बिंद को दिया है। जीत की हैट्रिक लगाने को भाजपा ने यहां मजबूत चक्रव्यूह रचा है जिसे भेदने के लिए टीएमसी उम्मीदवार के साथ ही बसपा के इरफान अहमद बब्लू भी जूझ रहे हैं। भदोही संसदीय सीट 2008 के परिसीमन में अस्तित्व में आई थी। पहले यह सीट भदोही- मिर्जापुर के नाम से जानी जाती थी। 2009 में जब पहला चुनाव हुआ तो बसपा ने जीत दर्ज की, लेकिन 2014 की मोदी लहर में भाजपा के वीरेंद्र सिंह मस्त सांसद बने। उन्होंने बसपा के राकेश धर त्रिपाठी को हराया था। तब सपा तीसरे, जदयू चौथे और कांग्रेस का उम्मीदवार पांचवें स्थान पर था। 2019 में पार्टी ने वीरेंद्र सिंह मस्त के स्थान पर रमेश चंद बिंद को उम्मीदवार बनाया तो वे भी जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। इस चुनाव में भी बसपा उम्मीदवार दूसरे नंबर पर थे। तब सपा से बसपा का गठबंधन था। कांग्रेस उम्मीदवार पूर्व सांसद रमाकांत यादव मात्र 25604 वोटों पर ही सिमट गए थे। भाजपा ने फिर टिकट बदला है और विनोद कुमार बिंद पर भरोसा जताया है। विनोद कुमार बिंद मिर्जापुर जिले की मझवां विस सीट से निषाद पार्टी के विधायक हैं। चंदौली निवासी डॉ. बिंद को 2022 के चुनाव में ज्ञानपुर विस सीट से सपा ने पहले उम्मीदवार बनाया था बाद में टिकट काट दिया था। इससे नाराज होकर वे निषाद पार्टी में शामिल हो गए थे मझवा सीट से मैदान में उतरे और जीते भी।

विनोद कुमार बिंद।

ललितेश त्रिपाठी।

इरफान अहमद बब्लू।

- समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने इस सीट को तृणमूल कांग्रेस के लिए छोड़ा है
- ममता बनर्जी ने ललितेश त्रिपाठी तो भाजपा ने विनोद कुमार बिंद को उतारा

तीन विधानसभा सीटों पर सपा का कब्जा

- भदोही लोकसभा क्षेत्र में 5 विधानसभा सीटें हैं। इनमें से प्रतापपुर, हंडिया और भदोही सीट समाजवादी पार्टी के कब्जे में है जबकि ज्ञानपुर से निषाद पार्टी और औराई से भाजपा का विधायक है। विधानसभा चुनाव परिणाम को ध्यान में रखकर बात करें तो इस चुनाव में सपा का पलड़ा भारी दिखता है लेकिन भाजपा उम्मीदवार को मोदी की गारंटी का पूरा भरोसा है। वैसे भी तृणमूल कांग्रेस का इस क्षेत्र में कोई आधार नहीं है उसे सपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के दम पर ही चुनाव लड़ना है। ललितेश कांग्रेस से बगावत कर टीएमसी में शामिल हुए थे। इससे भी कांग्रेस कार्यकर्ता उनसे नाराज दिखते हैं। हालांकि बसपा भी यहां लड़ाई में दिख रही है। पार्टी के उम्मीदवार लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं और पार्टी के परंपरागत दलित मतदाताओं व मुस्लिम मतदाताओं के सहारे वे जीत का गणित लगा रहे हैं।

सार-संक्षेप

गुलदार का वन क्षेत्राधिकारी पर हमला, गंभीर घायल

नगीना (बिजनौर), अमृत विचार : क्षेत्र में पिंजरा व जाल लगा रही वन विभाग की टीम में शामिल वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप शर्मा पर गुलदार ने हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। नगीना-नहटौर मार्ग स्थित गांव ज्ञानपुर बघाला स्थित के आश्रम के संचालक महात्मा सुनील कुमार ने वन विभाग से आश्रम के चारों ओर जाल और पिंजरा लगाने की मांग की थी। सोमवार दोपहर एक बजे वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में टीम आश्रम के चारों ओर जाल व पिंजरा लगाने के लिए गई थी। वन दरोगा जगत सिंह राणा ने बताया कि गेहूं के खेत में मौजूद गुलदार ने प्रदीप शर्मा पर हमला कर दिया। गुलदार ने उनके सिर पर हमला किया। इससे उनके सिर व हाथ गहरे घाव हो गए हैं। वहां मौजूद लोगों ने शोर मचाकर गुलदार को भगाया।

हाइवे पर हादसे में भाजपा महामंत्री समेत पांच घायल

मुरादाबाद, अमृत विचार : मुरादाबाद-लखनऊ बाईपास पर गागन नदी के पुल के पास भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम की कार हादसे का शिकार हो गई। इसमें राष्ट्रीय महामंत्री समेत पांच लोग घायल हुए हैं। सोमवार को दुष्यंत गौतम इनोवा कार में सवार होकर शाहजहांपुर से मुरादाबाद आ रहे थे। रात करीब 8.45 बजे गागन नदी के पुल के पास पीछे से कार ने उनकी कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दुष्यंत गौतम की कार डिवाइडर पर चढ़कर विपरीत दिशा में पहुंचकर हाइवे पर लगे एंगिल में जा टकराई और वहीं रुक गई। कार की खिड़की खुल गई और दुष्यंत गौतम सड़क पर गिर गए थे। सड़क पर गिरने से भाजपा नेता की पीठ में चोट आई है। राष्ट्रीय महामंत्री के आगमन की खबर पर उन्हें रिसीव करने के लिए महापौर विनोद अग्रवाल वहां पहुंचे हुए थे। जब उन्हें हादसे की जानकारी हुई तो वह मौके पर पहुंचे और उन्हें टीएमयू अस्पताल ले गए। डाक्टरों ने प्रारंभिक इलाज किया है।

नीदरलैंड की राजदूत को मनमोहक लगी अयोध्या

अयोध्या, अमृत विचार : भारत में नीदरलैंड की राजदूत मारिया लूसिया ग्रेनार्ड ने सोमवार को अयोध्या पहुंचकर रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। सरयू के तट पर घूमते हुए कुछ महिलाओं के साथ सेल्फी भी ली। लखनऊ से सड़क मार्ग से नीदरलैंड की राजदूत अयोध्या पहुंचीं। सबसे पहले राममंदिर में माथा टेका। राममंदिर ट्रस्ट की ओर से राजदूत का अभिनंदन किया गया। राजदूत ने मंदिर निर्माण की भव्यता को सराहा। उन्होंने सरयू तट का भी भ्रमण किया। राम की पैड़ी परिसर को भी निहारा।

बैंक चोरी में दो सगे भाइयों सहित तीन गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के देहपा गांव में 22 दिन पहले प्रथमा सर्व यूपी ग्रामीण बैंक शाखा में चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। बदमाशों तक पहुंचने के लिए पुलिस को सीसीटीवी फुटेज से बड़ी मदद मिली। वारदात में शामिल दो सगे भाईयों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से बैंक से चुराई गई रकम के 3 लाख 31 हजार की नकदी व वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद की गई है। गिरोह के लोग एक अन्य बैंक में चोरी की फिराक में थे लेकिन पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मुख्य मार्ग के किनारे देहपा गांव की प्रथमा सर्व यूपी ग्रामीण बैंक में सात अप्रैल की रात को बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम देकर पुलिस के सामने चुनौती खड़ी कर दी थी।

कार सवारों ने एक किलो 300 ग्राम सोना लूटा

रामपुर, अमृत विचार : रविवार की रात कार से टांडा आ रहे चार युवकों को तीन कारों में सवार अज्ञात लोगों ने मीरगंज के पास रोक लिया और एक किलो तीन सौ ग्राम सोना लूटकर फरार हो गए। विरोध करने पर युवकों की पिटाई भी की। हालांकि टांडा पुलिस को मामले की जानकारी नहीं है। सोने की तस्करी को लेकर टांडा हमेशा चर्चाओं में रहता है। रविवार को एक बार फिर सोने की तस्करी को लेकर टांडा चर्चा में आ गया है। बताते हैं कि नगर के चार युवक खाड़ी देश से एक किलो 300 ग्राम सोना तस्करी करके मुंबई एयरपोर्ट पर उतरे थे। इसके बाद युवक किसी तरह बरेली पहुंच गए थे। वहां से युवक कार में सवार होकर टांडा आ रहे थे। रविवार देर रात मीरगंज के पास तीन कारों में सवार अज्ञात लोगों ने तस्करों की कार को रोक लिया। इसके बाद सोना छीनकर कर फरार हो गए। विरोध करने पर युवकों को पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित युवक जैसे-तैसे अपने घर पहुंचे।

पताई जलाने, फसल बचाने के दौरान दो किसानों की जिंदा जलकर हुई मौत

लखीमपुर खीरी के मजरा गांव और महोबा में हुई दर्दनाक घटनाएं

संवाददाता, भानपुर (खीरी)/ महोबा

अमृत विचार: थाना भीरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सोनपीपर के मजरा गांव अमिरतापुर में सोमवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे दर्दनाक हादसा हो गया। गन्ने की पताई और घास फूस जला रहे किसान की जिंदा जलकर मौत हो गई। उधर महोबा में खेत में थ्रेसिंग कराने के लिए रखी फसल में आग लग गई और आग बुझाने के प्रयास में किसान जिंदा जल गया।

मजरा गांव अमिरतापुर निवासी रामदेवी ने बताया कि उनके पति जमुना प्रसाद सोमवार को दोपहर गांव के पास अपने खेत पर काम करने गए थे, जहां उन्होंने गन्ने की सूखी पताई और घास फूस जलाने के लिए आग लगाई। तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया और पड़ोसी धनीराम के खेत में लगी पताई को भी चपेट में ले लिया। पड़ोसी के खेत को बचाने के लिए उन्होंने आग बुझाने का प्रयास किया, जिससे वह लपटों से घिर गए। महोबा में कुलपहाड़ क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के पास देशराज यादव के खेत में गेहूं की फसल रखी हुई थी। तभी अचानक फसल में आग लग गई। आग की लपटों ने खेत के किनारे बने पशुवाड़े को भी अपनी चपेट में ले लिया। किसान पानी लेकर फसल के पास गया, इसी बीच आग फसल के दूसरे छोर में भी लग गई, जिससे किसान आग के बीच में फंस गया। यह देखकर ग्रामीण दौड़ पड़े और चारों तरफ से आग बुझाने लगे, इसी बीच कुछ ग्रामीणों ने घटना की सूचना दमकल विभाग को दे दी। दमकल विभाग ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तबतक किसान की जिंदा जलकर मौत हो गई और फसल भी जलकर राख हो गई।

मजरा में घटना स्थल पर लगी लोगों की भीड़।

सड़क हादसों में अधिवक्ता समेत पांच लोगों की मौत

शाहजहांपुर, अमृत विचार: जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुई दुर्घटनाओं में वकील समेत पांच लोगों की मौत हो गई। रविवार अपराहन कटरा-जलालाबाद मार्ग पर खैरपुर चौराहे पर अज्ञात वाहन ने वकील की बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान रात नौ बजे उनकी मौत हो गई। वहीं कांट रोड पर पिपरौला गांव के सामने कार ने बाइक को साइड से टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों में एक व्यक्ति ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शहर में रविवार रात नौ बजे इस्लामिया इंटर कालेज के पास सड़क पार करते समय टैंपो ने उसे टक्कर मार दी। उसकी मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। अन्य हादसों में दो की जान चली गई।

जेब से राशन नहीं दे रहे मोदी बहकावे में न आएं : मायावती

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बसपा प्रमुख बोलीं, गलत नीतियों की वजह से सत्ता से गई कांग्रेस

अमृत विचार: बसपा प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती पूरे दमखम से पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार में उतर आई हैं। सहसवान के गांव कंधरपुर में जनसभा में मायावती ने कहा कि कहा नरेंद्र मोदी अपने पास से राशन नहीं दे रहे हैं। झांसे में मत आना।सोच समझकर वोट करना। कांग्रेस पर तंज कसा कि वह अपनी गलत नीतियों की वजह से सत्ता से बाहर गई थी। अब भाजपा भी सत्ता में आसानी से नहीं लौट पाएगी। सपा भी कटाक्ष किए।

बदायूं, आंवला और संभल लोकसभा सीटों पर पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभा में मायावती ने कहा कि थोड़े से राशन के एवज में भाजपा और आरएसएस के लोग बोल रहे हैं कि मोदी जी ने फ्री में राशन दिया। आपको इसका कर्ज अदा करना है। किसी के बहकावे में नहीं आना है। राशन मोदी जी की जेब से नहीं बल्कि लोगों के टैक्स से मिले रुपये से मिल रहा है। उन्होंने कांग्रेस को भी निशाने पर रखा। कहा कि कांग्रेस अपनी गलत नीति और कार्यप्रणाली की वजह से केंद्र के साथ कई प्रदेशों में सत्ता से बाहर हो गई। ऐसी ही स्थिति कांग्रेस की सहयोगी पार्टियों की है। इनकी सरकार में पिछड़े, दलित वर्ग और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की उपेक्षा की गई।

महंगाई से परेशान जनता कर देगी भाजपा की विदाई: अखिलेश

संवाददाता, एटा

अमृत विचार : पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा, सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि सरकार युवाओं को नौकरियां नहीं देना चाहती। भाजपा आरक्षण खत्म करना चाहती है। महंगाई से लोग त्रस्त हैं। ये चुनाव आने वाली पीढ़ी के भविष्य का फैसला करेगा। अबकी बार महंगाई आदि से परेशान जनता भाजपा की विदाई कर देगी।

एटा के सैनिक पड़ाव में सोमवार को प्रत्याशी देवेश शाक्य के समर्थन में जनसभा में अखिलेश यादव ने कहा कि वे लोग संविधान को खत्म करना चाहते हैं, संविधान के भक्षक हैं। हम लोग रक्षा करना चाहते हैं। भाजपा आरक्षण खत्म करना चाहती है। अखिलेश ने कहा कि आरएसएस दुनिया का सबसे खतरनाक परिवार है। आरक्षण खत्म करने का मंसूबा रखने वाला यह परिवार वोटों के लिए आरक्षण नहीं समाप्त करने की बात कर रहा है। भाजपा लोधी समाज का आरक्षण छीनना चाहती है, बीजेपी पुलिस भर्ती नहीं करा पाई, क्या पुलिस भर्ती में लोधी समाज के बच्चे नहीं जाते। 60 लाख परीक्षाएं कैंसिल हो गईं, उसमें पिछड़े, दलित, अगड़े, आदिवासी अल्पसंख्यक सभी शामिल थे। मुख्यमंत्री बिजली का कारखाना अभी तक चालू नहीं कर पाए। बीजेपी वाले इधर-उधर की बातें न करें।

सब्जी, फल व मसाले की 14 नई प्रजाति विकसित

लखनऊ, अमृत विचार : सब्जियों में सरसों, तरोई तो फल में आम अमरूद, बेल व मसाले में खड़ी हल्दी की कुल 14 नई प्रजाति जल्द खाने को मिलेंगी। जिन्हें प्रदेश के कृषि और उद्यान विज्ञानियों ने पांच से छह साल के शोध में विकसित किया है। इनमें सभी प्रजाति विशेष हैं लेकिन, सरसों सबसे अलग सिर्फ सब्जी के लिए पैदावार की जाएगी। यह फसल तेल के लिए नहीं होगी। इसी तरह तरोई बुंदेलखंड के लिए विकसित की गई है। जो कम पानी और लागत में आसानी से वहां के किसान कर सकेंगे।

रिश्ते शर्मसार: सगी बहन से कर रहा था छेड़छाड़

संवाददाता, रोजा

- लोकलाज के भय से चुप रही तो बढ़ते गए हौसले

अमृत विचार: रोजा थाना क्षेत्र में सगे भाई बहन के पवित्र रिश्ते को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। एक युवक अपनी सगी बहन से करीब चार वर्षों से अश्लील हरकतें करता रहा। एक दिन विरोध करने की हिम्मत की तो उसकी पिटाई कर दी गई।

थाना क्षेत्र की रहने वाली किशोरी ने बताया वह मूलतः शहर की रहने वाली है, मगर कुछ वर्षों से क्षेत्र के एक गांव में परिवार के साथ रहती है। आरोप है सगा भाई चार साल से छेड़छाड़ व अश्लील हरकते करता आ रहा है। जब वह विरोध करती है तो उसके साथ मारपीट करता है। उसने बताया कि भाई की इस हरकत को अपने पिता व अन्य भाइयों को बताया तो लोक लज्जा के डर से चुप रहने की सलाह दे दी, जिससे उसके भाई के हौसले बढ़ गए। हिम्मत जुटाकर रविवार को उसने विरोध किया तो उसके दूसरे भाई ने उसके साथ मारपीट की और जान से मार देने की धमकी दी। भाई के घिनौने कार्य से ऊब कर उसने पुलिस को शिकायती पत्र दिया। उसका कहना है कि वह अपने भाई को सजा दिलाना चाहती है।

नामांकन को डेढ़ घंटे का रोड शो निकाल स्मृति ने दिखाई ताकत

अमेठी, अमृत विचार : केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने सोमवार को भारी भीड़ व लाव लश्कर के साथ अमेठी में तीसरी बार नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके पूर्व अपने मेदन मवई आवास पर हवन पूजन करने के पश्चात स्मृति जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय पहुंची। जहां से उनका काफिला नामांकन के लिए रवाना हुआ। लगभग डेढ़ घंटे के रोड शो के बाद कलेक्ट्रेट पहुंची स्मृति ने दो सेटों में जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत को अपना नामांकन पत्र सौंपा। राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह व जगदंबा प्रसाद त्रिपाठी मनीषी प्रस्तावक के रूप में मौजूद रहे।

46 प्रत्याशी करोड़पति, 25 पर आपराधिक मामले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उप्र. की 10 सीटों पर हो रहे तीसरे चरण के चुनाव में सपा, भाजपा और कांग्रेस के सभी प्रत्याशी करोड़पति हैं। चुनाव लड़ रहे 100 प्रत्याशियों में 46 उम्मीदवार करोड़पति हैं। सपा के प्रत्याशी सबसे ज्यादा धनवान हैं, इनकी औसत संपत्ति 47.67 करोड़ रुपये है। लगभग 182 करोड़ रुपये संपत्ति के साथ बरेली के सपा प्रत्याशी प्रवीन सिंह एरन सबसे ज्यादा धनवान हैं। वहीं, सबसे कम संपत्ति वाले उम्मीदवारों में आगरा सीट के निर्दल प्रत्याशी हसनुराम के पास मात्र 12 हजार की संपत्ति ही बताई गई है।

तीसरे चरण में उम्मीदवारों के शपथपत्रों की पड़ताल करने के बाद उप्र. इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के संजय सिंह ने सोमवार को बताया कि भाजपा के सभी 10 उम्मीदवार, सपा व बसपा के सभी नौ-नौ प्रत्याशी, पीस पार्टी के तीन में से एक प्रत्याशी, स्वराज भारतीय न्याय पार्टी के दो में से एक प्रत्याशी और जन शक्ति एकता पार्टी का इकलौता उम्मीदवार करोड़पति हैं। तीसरे चरण में चुनाव लड़ रहे 100 प्रत्याशियों में 25 पर आपराधिक मामले घोषित हैं। इनमें भाजपा व बसपा के चार-चार प्रत्याशी शामिल हैं। वहीं, सपा के पांच प्रत्याशी, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से एक उम्मीदवार ने आपराधिक मामले घोषित किए हैं।

कांग्रेस उम्मीदवार पर सबसे अधिक 17 मामले

फतेहपुर सीकरी से कांग्रेस के उम्मीदवार रामनाथ सिंह सिकरवार पर सबसे ज्यादा 17 आपराधिक मामले दर्ज हैं। दूसरे नम्बर पर बसपा के फिरोजाबाद प्रत्याशी चौधरी बशीर हैं, इनके खिलाफ नौ मामले हैं।

कार्यालय नगर पंचायत शेरगढ (बरेली)

पत्रांक- 60/न.पं. शेरगढ़/वर्ष 2024-25 दिनांक : 27.04.2024

प्रेस विज्ञप्ति

अधिसूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना दिनांक 12 अगस्त 2021 के अनुसार 30 सितम्बर 2021 से 75 माइक्रोन व 31 सितम्बर 2022 से 120 माइक्रोन मोटाई के कैरीबैग, प्लास्टिक पैकिंग और वस्तुएँ, सिंगल यूज प्लास्टिक/थर्माकोल सामग्री, 100 माइक्रोन से कम प्लास्टिक बैनर आदि प्रतिबंधित किये जाते हैं। यदि कोई नगर पंचायत सीमा के अन्तर्गत इनका प्रयोग करता पाया जाता है। तो उसके विरुद्ध नियमानुसार जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत शेरगढ़ (बरेली)

उत्तराखंड

खाई में गिरी कार, तीन लोगों की मौत

संवाददाता, देहरादून

- शनिचर बैंड, हाथी पांव रोड पर हुआ हादसा

अमृत विचार : मसूरी में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर रविवार देर रात शनि बैंड हाथी पांव रोड पर पांच सौ मीटर खाई में गिर गई। जिससे कार में सवार तीनों लोगों की मौत हो गई। सुबह घटना के बारे में पता चला। फायर ब्रिगेड, एसडीआरएफ ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को खाई से निकाला। तीनों मृतक हरियाणा के रहने वाले थे।

सोमवार सुबह सिटी कंट्रोल के माध्यम से कोतवाली मसूरी को हाथी पांव रोड पर एक कार खाई में गिरने की सूचना मिली। प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल और मय आपदा उपकरणों सहित घटनास्थल पर पहुंचे। जहां कार (एचआर 42एफ2676) शनि बैंड हाथी पांव रोड से करीबन 500 मीटर नीचे गहरी खाई में गिरी हुई थी। जिसमें तीन लोग सवार थे। जिनके शव घटनास्थल पर पड़े हुए थे, जिन्हें पुलिस, फायर सर्विस मसूरी, एसडीआरएफ व स्थानीय व्यक्तियों की मदद से खाई से निकलकर 108 के माध्यम से सिविल अस्पताल मसूरी भिजवाया गया। कार में मिले कागजात के आधार पर मृतकों की शिनाख्त हुई। पुलिस के मुताबिक तीनों मृतक हरियाणा के सोनीपत के रहने वाले थे। इनमें विकास त्यागी (44) गन्नौर, राजपाल (50) निवासी गन्नौर व ओम प्रकाश उर्फ बबलू (45) निवासी गन्नौर हैं।

खाई से शव को लाते एसडीआरएफ जवान।

प्रेमीजोड़ा के हत्यारोपी को फांसी मामले में सुनवाई पूरी, निर्णय सुरक्षित

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : उत्तराखंड हाई कोर्ट ने देहरादून के चकराता में 2014 में हुई बहुचर्चित प्रेमी जोड़े की हत्या के मुख्य आरोपी राजू दास को निचली अदालत द्वारा दी गई फांसी की सजा के मामले पर सुनवाई की। कोर्ट ने निर्णय सुरक्षित रख लिया है।

इससे पूर्व निचली अदालत ने राजू दास को फांसी की सजा व अन्य तीन साथी कुंदन दास, गुड्डू व बबलू को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। यह आदेश अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ढकरानी मोहम्मद सुल्तान की अदालत ने दिल्ली से चकराता घूमने आए प्रेमी जोड़े से लूट, हत्या और साक्ष्य छुपाने के मामले पर 27 मार्च 2018 को दिया था। मामले के अनुसार अभिजीत पाल निवासी कोलकाता पश्चिम बंगाल हाल निवासी नई दिल्ली और मोमिता दास निवासी नई दिल्ली 22 अक्टूबर 2014 को दिवाली की छुट्टियों में देहरादून के चकराता आए थे। मगर, अगले ही दिन टाइगर फॉल घूमने के बाद दोनों लापता हो गए। पुलिस जांच में मोमिता के फोन की आखिरी लोकेशन चकराता में मिली। पुलिस ने भाग दौड़ के बाद राजूदास को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया।

Telephone : 0581-2510628
Fax : 0581- 2511283

सत्यमेव जयते

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
EMPLOYEES' PROVIDENT FUND ORGANISATION
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA
क्षेत्रीय कार्यालय/Regional Office
भविष्य निधि भवन, 111, सिविल लाइन्स, बरेली-243001
Bhavishya Nidhi Bhawan, 111, Civil Lines, Bareilly-243001
Website: www.epfindia.gov.in | E-mail: ro.bareilly@epfindia.gov.in

पत्रांक: 120053EPFO/RO/BLY/ADM दिनांक: 29.04.2024

निविदा आमंत्रण सूचना

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली द्वारा इच्छुक फर्मो से कार्यालय परिसर में विद्यमान अप्रचलित एवं अनुप्रयोगी सामग्री यथा लोहे की अलमारी, एवं विभिन्न प्रकार की मेजें एवं कार्यालयी कुर्सियां इत्यादि के निपटान (Disposal) हेतु निविदा "जैसा है जहां है और जो कुछ है" के आधार पर सील बंद लिफाफे में बोली आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत नियम, शर्ते एवं निविदा प्रपत्र विभाग की वेबसाइट www.epfindia.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में शामिल होने की अंतिम तिथि 09.05.2024, 12:00 PM बजे तक है। निविदाओं को 09.05.2024 को सायं 04:00 बजे खोला जायेगा।

अनिल कुमार
क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त

उत्तराखंड बोर्ड की 10वीं व 12वीं के नतीजे आज

रामनगर, अमृत विचार : उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की 10वीं और 12वीं कक्षा का परीक्षाफल मंगलवार (आज) को घोषित किया जाएगा। इसके साथ सुधार परीक्षा (द्वितीय) 2023 का परीक्षाफल भी घोषित किया जाएगा। जानकारी देते हुए बोर्ड के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि बोर्ड मुख्यालय में मंगलवार को सभापति महावीर सिंह बिष्ट पूर्वाह्न 11.30 बजे परीक्षाफल की घोषणा करेंगे। इसके बाद बोर्ड की वेबसाइट पर परीक्षाफल अपलोड कर दिया जाएगा। इस बार 10वीं कक्षा में 1,16379 परीक्षार्थी और 12वीं में 94,768 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। 30 अप्रैल को ही वर्ष 2022-23 की द्वितीय सुधार परीक्षा का भी परिणाम जारी किया जाएगा। इस बार परीक्षाफल पिछले वर्षों के मुकाबले पहले जारी किया जा रहा है।

अल्मोड़ा में पातालदेवी के जंगलों में भीषण आग

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : रविवार रात जिला मुख्यालय से सटे पातालदेवी में महिला पॉलिटेक्निक से लगे जंगल में अचानक आग लग गई। रात्रि में चल रही हवा के कारण आग तेजी से फैलती चली गई और उसने काफी बड़े क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। धीरे-धीरे आग बसासत वाले इलाकों की ओर बढ़ने लगी। जिससेआसपास के लोगों में हड़कंप मच गया।

आनन-फानन में इसकी जानकारी एनटीडी स्थित फायर स्टेशन के कर्मचारियों को दी गई। जिसके बाद अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और दमकल कर्मियों ने एमएफई से होज पाइप बिछाया और पंपिंग कर जंगल की आग को बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। जंगल की आग के कारण फैले धुंए के कारण दमकल कर्मियों को आग बुझाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद बड़ी मुश्किल से जंगल की आग पर काबू पाया जा सका और उसे रिहायशी इलाकों में आने से रोका गया। इधर जिले के लमगड़ा, सल्ट, भिकियासैंण, धौलछीना, सोमेश्वर, चौखुटिया, स्याल्दे समेत जिले के अनेक स्थानों पर भी जंगल धू-धू कर जल रहे हैं।



पातालदेवी क्षेत्र के जंगल में लगी आग को बुझाते फायर कर्मी।

पांच पहाड़ी जिलों में बारिश की चेतावनी

हल्द्वानी, अमृत विचार : मौसम विभाग ने पांच पर्वतीय जिलों में बारिश के आसार जताए हैं। अनुमान है कि अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार राज्य के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। साथ ही कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। अगर बारिश हुई तो पर्वतीय जिलों में तापमान में कमी के आने के आसार हैं। इधर, मैदानी इलाकों में गर्मी का कहर जारी है। राजधानी देहरादून में अधिकतम तापमान 34.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पर्वतीय जिलों में भी तापमान बढ़ा हुआ है। मुक्तेश्वर में पारा 25.3 डिग्री सेल्सियस तो टिहरी में 25 डिग्री दर्ज किया गया।

आपराधिक मामलो के बारे मे घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता: आबिद अली म०नं० 48 घेर करम खां आवला, बरेली
राजनैतिक दल का नाम: बहुजन समाज पार्टी
(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)
निर्वाचन का नाम: लोकसभा निर्वाचन 2024
***निर्वाचन क्षेत्र का नाम:** 24 ऑवला, लोकसभा।

मै आबिद अली (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता/करती हूं

(क) लंबित आपराधिक मामले

क्र. सं.	न्यायालय का नाम	मामले की सं. एवं तारीख	मामले (मामलो) की स्थिति	संबंधित अधिनियमो की धारा (धाराए) एवं अपराध (अपराधो) का संक्षिप्त विवरण
	J.M.B+ Aonla	718B/2012	स्थम आदेश इला० उच्चन्या०	147/148/149/323/336/305 IPC 7 crmm auira
	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

(ख) आपराधिक मामलो के लिए दोषसिद्धि के मामलो के संबंध मे विवरण

क्र. सं.	न्यायालय का नाम एवं आदेश(शो) की तारीख	अपराध (अपराधो) और अधिरोपित दण्ड का विवरण	अधिकतम अधिरोपित दंड
1	लागू नही	लागू नही	लागू नही

राजनाथ के पास 7, कौशल के पास 5 करोड़ की संपत्ति

प्रत्याशियों ने शपथ पत्र दाखिल कर आय और परिवार का दिया ब्योरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ और मोहनलालगंज से भाजपा प्रत्याशी करोड़पति हैं। रक्षामंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह पांच वर्ष में वार्षिक आय करीब सात लाख रुपये बढ़ गई है। राजनाथ सिंह ने 1969 में गोरखपुर विश्वविद्यालय से विज्ञान वर्ग में स्नातक और 1971 में स्नातकोत्तर किया था।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की वर्ष 2019 में सालाना आय 17 लाख 76 हजार 660 रुपये थी जो पांच वर्षों में बढ़कर 2024 में 25 लाख 28 हजार 887 रुपये हो गई है। उनके पास 75 हजार की नगदी, चार लाख बीस हजार रुपये का 60 ग्राम सोना है। साथ ही चार लाख की अंगूठियां पहनते हैं। उनके पास 32 बोर की रिवाल्वर और दो नाली बंदूक भी है। राजनाथ सिंह के पास नगदी, जेवरात, असलहा और बैंक खातों में कुल 3 करोड़ 11 लाख 32 हजार 962 रुपये है। इनके पास एक करोड़ 47 लाख 30 हजार रुपये की कृषि योग्य भूमि है, जबकि गोमती नगर विपुल खंड में 45 सौ वर्ग फीट निर्मित मकान की कीमत 1 करोड़ 87 लाख 50 हजार रुपये है। मकान और खेती की जमीन की कुल कीमत 3 करोड़ 34 लाख 80 हजार रुपये है। रक्षामंत्री की पत्नी सावित्री सिंह के पास 45 हजार नगदी, 52 लाख 50 हजार रुपये के सोने के जेवरात, नौ लाख 37 हजार रुपये की साढ़े बारह किलो चांदी है। वहीं मोहनलालगंज से भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर की वार्षिक आय 10 लाख 38 हजार 700 रुपये है। जबकि पत्नी जया की वार्षिक आय 4 लाख 77 हजार 790 रुपये है। कौशल के पास तीन लाख रुपये नगद और पत्नी के पास 1 लाख 80 हजार रुपये है। पत्नी के पास पांच लाख रुपये का सौ ग्राम सोना, 43 हजार रुपये की चांदी के जेवरात और एक लाख रुपये की एक पिस्टल है। नगदी, जेवर और पिस्टल मिलाकर 63 लाख 34 हजार 860 रुपये की संपत्ति है। कौशल के पास सवा लाख रुपये का एप्पल फोन सहित 44 लाख 72 हजार 134 रुपये की संपत्ति है। कौशल किशोर के पास 4 करोड़ 31 लाख रुपये की चल और अचल संपत्ति है। जबकि विधायक पत्नी जया के पास 2 करोड़ 12 लाख रुपये की संपत्ति है। कौशल ने 1977 में कालीचरण इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की और शिया कॉलेज से 1979 स्नातक की पढ़ाई अधूरी छोड़ दी।

पांच बच्चों की सुपुर्दगी का आदेश

अयोध्या, अमृत विचार : मानव तस्करी की आशंका में अरुणांचल में पंजीकृत डबल डेकर बस से बरामद 95 बच्चों में से चौथे दिन पांच बच्चों को उनके अभिभावक के सुपुर्द किए जाने का आदेश हुआ है। यह आदेश बाल कल्याण समिति ने सोमवार को अभिभावकों के दावे तथा संबंधित कागजात और रिपोर्ट के परीक्षण के बाद किया है। साथ ही आयोग की ओर से लखनऊ में हुई काउंसिलग तथा शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करवा अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए मुख्यालय को पत्र भेजा है। बाकी बच्चों के परिजन अभी आवश्यक कागजात तथा प्रक्रिया को पूरा कराने की कवायद में जुटे हैं। उधर विधिक कार्रवाई पूरी न होने के चलते अभी बच्चों के साथ मौजूद सहारनपुर के मदरसे के प्रबंधक व मौलाना तथा बस व उसके खलासी को जांच में सहयोग के लिए रोका गया है। सीडब्ब्यूसी के अध्यक्ष सर्वेश अवस्थी का कहना है कि परीक्षण के बाद पांच बच्चों की सुपुर्दगी का आदेश हुआ है। मुख्यालय ने प्रमुख सचिव गृह को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश जारी किया है।

आपराधिक जांच में सहयोग को अपने दायित्व का पालन करें बैंक अधिकारी

विधि संवाददाता,प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दिन- प्रतिदिन बढ़ रहे साइबर अपराधों और उनकी जांच में सहयोग न करने वाले बैंक अधिकारियों के ढुलमुल रवैये पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बैंक अधिकारियों से कानून का पालन करने वाले नागरिक होने की उम्मीद की जाती है जो पुलिस द्वारा की जा रही आपराधिक जांच में सहयोग करने के लिए अपने कानूनी दायित्व का पालन करें।

कोर्ट ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उन बैंक अधिकारियों के खिलाफ उचित आपराधिक कार्यवाही की जाए जो ऐसे मामलों में सहयोग नहीं करते हैं। पुलिस के पास साक्ष्य छिपाने या अपराध की जांच में बाधा डालने वाले अपराधियों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्यवाही करने का पूरा अधिकार है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति अजय भनोट की पीठ ने आलोक झा द्वारा दायर दूसरी जमानत याचिका को स्वीकार कर उसे सशर्त जमानत देते हुए की। मौजूदा मामले में आरोपी के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं और आईटी अधिनियम की धारा 66 डी के तहत पुलिस स्टेशन -पिलखुवा, हापुड़ में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। बहस के दौरान सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि बैंक अधिकारियों के कथित असहयोग के कारण जांच एजेंसी अपना काम ठीक ढंग से नहीं कर पा रही है।

बैंक अधिकारी महत्वपूर्ण साक्ष्य को छिपा रहे हैं, जिससे न्यायिक प्रक्रिया सुचारू रूप से नहीं चल पा रही है। इस पर कोर्ट ने कहा कि साइबर अपराध का खतरा समय के साथ भयानक रूप ले रहा है। ऐसे में पुलिस और बैंक अधिकारियों का ढीला रवैया संपूर्ण आपराधिक जांच के ढांचे को कमजोर बनाता है। कोर्ट ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए निचली अदालत को भी संबंधित बैंक अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है जो पुलिस जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं।

सार-संक्षेप

डीजी सुभाष चंद्र, आनंद कुमार आज सेवानिवृत्त होंगे

लखनऊ, अमृत विचार : लंबे समय तक पुलिस विभाग में सेवाएं देने के बाद दो आईपीएस अफसर आज सेवानिवृत्त हो जाएंगे। सेवानिवृत्ति के दौरान आज पुलिस मुख्यालय में विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में डीजीपी प्रशांत कुमार समेत समस्त वरिष्ठ अफसर मौजूद रहेंगे। 1990 बैच के आईपीएस आफिसर सुभाष चंद्र वर्तमान में महानिदेशक साइबर क्राइम के पद पर तैनात हैं। मूल रूप से हरियाणा के सोनीपत के रहने वाले सुभाष चंद्र ने यूपी में पुलिस विभाग के कई महत्वपूर्ण पदों पर जिम्मेदारियां निभाई। उधर, 1988 बैच के आईपीएस आनंद कुमार वर्तमान में महानिदेशक सीबीसीआईडी हैं। मूल रूप से पटना के रहने वाले आनंद कुमार को 2021 में अति उत्कृष्ट सेवा मेडल भी मिल चुका है।

कांग्रेस ने राजनाथ व स्मृति इरानी से पूछे सवाल

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश कांग्रेस ने सोमवार को केंद्रीय मंत्रियों भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह व स्मृति इरानी से सवाल पूछे। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे व प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डा. सीपी राय ने कहा कि नामांकन करने वाले इन नेताओं को जनता के सवालों का जवाब देना जरूरी है। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि राजनाथ सिंह ने देश के रक्षा मंत्री रहते हुए देश की भूभागीय अखंडता और अस्मिता से समझौता क्यों किया? उन्होंने कहा कि चीन की सेना लद्दाख में भारत की सीमा में घुसकर बैठी है। 52 पेट्रोलिंग प्वाइंट में से 26 पेट्रोलिंग प्वाइंट पर हमारी सेना को पेट्रोलिंग नहीं करने दिया जा रहा है। विश्व की सबसे ऊंची हवाई पट्टी दौलत बैंग ओल्डी के नीचे वाई जंक्शन पर पेट्रोलिंग प्वाइंट 10 से 13 तक चीन की सेना बैठी है। नेताओं ने कहा कि अमेठी की सांसद स्मृति इरानी ने अमेठी में अपनी आलीशान कोठी का निर्माण कराया, जनता की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि स्मृति ईरानी अमेठी की जनता को बतौर सांसद अपने पांच काम बताएं फिर चुनाव में जायें।

182.07 लाख रुपये की शराब, ड्रग्स व नकदी पकड़ी

लखनऊ, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव-2024 को प्रदेश में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व भयमुक्त कराने के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से निरंतर कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को प्रदेश में 182.07 लाख रुपये की शराब, ड्रग्स व नकदी पकड़ी गई। एक मार्च से अब तक कुल 32977.30 लाख रुपये की शराब, ड्रग्स, बहुमूल्य धातुएं व नकदी जब्त की गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रयागराज की फूलपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में अनुमानित 90.42 लाख रुपये की 36,1700 ग्राम (361.70 किलोग्राम) ड्रग व आगरा दक्षिण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 13.71 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 5916 ग्राम ड्रग पकड़ी गई। अब तक 3211.02 लाख रुपये नकद, 4583.70 लाख रुपये की शराब, 21850.88 लाख रुपये की ड्रग्स, 2175.30 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं व 1156.39 लाख रुपये की अन्य सामग्री जब्त की गई है।

प्रसार भारती के अध्यक्ष ने किया रामलला का दर्शन-पूजन

अयोध्या, अमृत विचार : अयोध्या दौरे पर आए प्रसार भारती के अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल ने रामलला का दर्शन-पूजन किया। अफसरों के साथ रामलला की आरती के सजीव प्रसारण की समीक्षा की। अफसरों को कार्रवाई का निर्देश दिया। अध्यक्ष सहगल महर्षि बाल्मीकि एयरपोर्ट से सर्किट हाउस पहुंचे। यहां प्रसार भारती के अधिकारियों के साथ बैठक की। अयोध्या में मौजूद पुजारियों सतेंद्र दास सहित अन्य पुजारी, श्री राम जन्म भूमि न्यास के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र, विश्व हिंदू परिसद के संगठन मंत्री राजेन्द्र सिंह पंकज से विचार विमर्श किया। सुझाव लिया कि कैसे इसका और बेहतर प्रसारण हो।

बिजली कर्मियों को सेवानिवृत्ति के दिन दिये गये पेंशन प्रपत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को सेवानिवृत्ति के दिन सोमवार को पेंशन प्रपत्र दिये गये। शक्ति भवन में आयोजित कार्यक्रम में कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल ने इन कर्मियों को प्रपत्र सौंपे। कॉरपोरेशन की ओर से पिछले माह से इस तरह की नई शुरुआत हुई है, जिसके तहत कर्मियों को सेवानिवृत्ति के दिन ही पेंशन व अन्य प्रपत्र सौंपे जाते हैं, ताकि सेवानिवृत्त कर्मियों को कोई दिक्कत न होने पाये।

सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने सेवानिवृत्त हुए कर्मियों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि पहले ऊर्जा निगमों में सेवानिवृत्ति के बाद कार्मिक पेंशन प्राप्ति के लिये परेशान होते थे। उन्हें कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, जिसे अब समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जनवरी माह में पेंशन के 600 मामले लम्बित थे, जो तीन महीने में मात्र 92 रह गये हैं। पेंशन अदालतें चालू की गई हैं जो प्रत्येक तीन महीने पर लगाई जाती हैं। अगली पेंशन अदालत जून में होगी। सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों अध्यक्ष ने साधना भटनागर (प्रमुख निजी सचिव), रामनरेश पाल (सहायक अभियंता), लक्ष्मी नारायण पांडे (अवर अभियंता), रागिनी शर्मा (स्टेनोग्राफर) व अरुण कुमार पांडे (स्टेनो-ग्रेड-2) शामिल हैं। कार्यक्रम में राज्य विद्युत उत्पादन निगम के प्रबंध निदेशक रणवीर प्रसाद समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

बसपा ने अमेठी में प्रत्याशी बदला, तीन सीटों पर प्रत्याशी उतारे

लखनऊ, अमृत विचार : बहुजन समाज पार्टी ने एक दिन बाद ही सोमवार को अमेठी में प्रत्याशी बदलते हुए तीन सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मेवा लाल गौतम ने 10वीं सूची जारी करते हुए अमेठी से नन्हें सिंह चौहान, प्रतापगढ़ से प्रथमेश मिश्रा और झांसी से रवि प्रकाश कुशवाहा को प्रत्याशी घोषित किया है। बसपा ने रविवार को अमेठी में रवि प्रकाश मौर्या को प्रत्याशी बनाया था। प्रत्याशित घोषित किये 24 घंटे भी नहीं बीतें, पार्टी ने प्रत्याशी बदलकर सभी को चौका दिया है। पांचवे चरण की सीटों में अमेठी व रायबरेली सीट पर अभी तक कांग्रेस की ओर से प्रत्याशी घोषित नहीं किया गया है। इससे यह दोनों सीट चर्चा का विषय बनी हुई हैं।

भाजपा ने यशवंत का निष्कासन वापस लिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी ने एमएलसी और पूर्व मंत्री यशवंत सिंह का निष्कासन रद करते हुए उन्हें अपना लिया है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ल ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सोमवार को यशवंत सिंह को पत्र जारी कर उनका निष्कासन समाप्त कर दिया है। साथ ही उनसे अपेक्षा की गई है कि वह फिर से पार्टी के विचारों के प्रति समर्पण व निष्ठा के साथ पूरे मनोयोग से कार्य करेंगे।

भाजपा ने अप्रैल 2022 में एमएलसी यशवंत सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में छह साल के लिए निष्कासित कर दिया था। उस वक्त यशवंत सिंह को आजमगढ़-मऊ स्थानीय निकाय प्राधिकारी क्षेत्र से पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ अपने बेटे विक्रांत सिंह रिशू को निर्दलीय चुनाव लड़ाने व प्रचार प्रसार करने का आरोपित पाया गया था। इस बीच सूत्रों के मुताबिक, यशवंत सिंह घोसी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे। घोसी में सातवें चरण में एक जून को मतदान होगा।

योगी के लिए ही खाली की थी परिषद की सीट

योगी आदित्यनाथ के साल 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद यशवंत सिंह ने विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उस समय यशवंत सिंह सपा से विधान परिषद के सदस्य थे और जब योगी ने 2017 में उप्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली तब वह विधानमंडल के किसी सदन के सदस्य नहीं थे। नियमानुसार छह माह के भीतर ही योगी को विधानसभा या विधान परिषद का सदस्य बनना जरूरी था। उस समय सबसे पहले यशवंत सिंह ने विधान परिषद की सदस्यता से त्यागपत्र देकर योगी के लिए विधान परिषद की राह आसान की थी। योगी 2017-2022 के अपने पहले कार्यकाल में विधान परिषद सदस्य रहे और इस बार विधानसभा चुनाव में गोरखपुर शहर क्षेत्र से विधायक चुने गये हैं। यशवंत सिंह को बाद में भाजपा ने विधान परिषद में भेजा। उनका कार्यकाल पांच मई 2024 तक है।

अब मथुरा में बजेगी श्रीकृष्ण की बांसुरी : पाठक

कार्यालय संवाददाता,बांदा

बांदा के जीआईसी मैदान में आयोजित जनसभा में मंच पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, मंत्री राकेश सचान व अन्य। ● अमृत विचार

● भाजपा प्रत्याशी की नामांकन सभा में विपक्षियों पर बरसे डिप्टी सीएम

अमृत विचार : शहर के जीआईसी मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने इस चुनाव को रामभक्तों और रामभक्तों पर गोली चलाने के बीच की जंग बताते हुए कार्यकर्ताओं में जोश का संचार किया। वहीं निकट भविष्य में मथुरा स्थित भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर बांसुरी बजाने के संकेत देकर बहुसंख्यकों में उत्साह भरा।

बांदा-चित्रकूट संसदीय सीट से कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर भाजपा उम्मीदवार आरके सिंह पटेल का नामांकन दाखिल कराया। इसके बाद उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने जनसभा को संबोधित किया। डिप्टी सीएम ने कहा कि जल्द ही मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि का विवाद सुलझाकर वहां श्रीकृष्ण का भव्य मंदिर बनाया जाएगा। उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए लोकसभा चुनाव को धर्मयुद्ध बताया। कहा कि एक तरफ धर्म आधारित भारतीय जनता पार्टी है, तो दूसरी तरफ सनातन विरोधी, अधर्मी व भ्रष्टाचारी राजनीतिक दल हैं। कहा कि रामभक्तों का सीना गोलियों से छलनी करने वालों को जनता कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर के साथ ही देश को विकास के पथ पर सरपट दौड़ाने का काम किया है। डिप्टी सीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाने के साथ ही एक्सप्रेस-वे की सौगात मिल रही है। कहा कि भाजपा की सरकार में बच्चों को मिड-डे-मील, जूता-मोजा, ड्रेस के साथ गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने का काम किया जा रहा है। नसभा को भाजपा प्रत्याशी व मौजूदा सांसद आरके सिंह पटेल के अलावा प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद आदि ने भी संबोधित किया।

आईआईटी कानपुर ने वायु प्रदूषण के नए स्रोत पहचाने

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● नेचर कम्युनिकेशंस पत्रिका में प्रकाशित किया गया है शोध

अमृत विचार : आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञों ने वायु प्रदूषण की नए सिरे से पहचान की है। प्रदूषण के नए स्रोत की जानकारी और उसका स्वास्थ्य पर पड़ने वाले असर को भी पहचाना है। रिपोर्ट को नेचर कम्युनिकेशंस पत्रिका में प्रकाशित किया गया है। इस शोध के लिए पांच शहरों के साथ राजधानी क्षेत्र से भी नमूने लिए गए थे।

आईआईटी कानपुर के सिविल इंजीनियरिंग विभाग और सस्टेनेबल एनर्जी इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर सच्चिदानंद त्रिपाठी ने यह शोध किया है। इस शोध ने उत्तरी भारत में हानिकारक वायु प्रदूषकों के प्रमुख स्रोतों के साथ उनके मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव का पता लगाया है। अध्ययन से पता चलता है कि स्थानीय उत्सर्जन, विशेष रूप से विभिन्न ईंधनों के अधूरे दहन से, क्षेत्र में खराब वायु गुणवत्ता स्वास्थ्य प्रभावित करते हैं। प्रोफेसर सच्चिदानंद त्रिपाठी ने कहा कि वायु प्रदूषण के स्रोतों और उत्तरी भारत में मानव स्वास्थ्य पर उनके प्रभाव के बारे में नए अध्ययन से इससे निपटने की प्रभावी रणनीति विकसित करने में मदद करेगी। इस अध्ययन में पाया गया कि दिल्ली के अंदर यातायात, आवासीय हीटिंग और औद्योगिक गतिविधियों से अमोनियम क्लोराइड और कार्बनिक एरोसोल का उत्पादन बढ़ा है। इस समस्या में लकड़ी, गोबर, कोयला और पेट्रोल जैसे ईंधन का अधूरा दहन भी शामिल है। इससे हानिकारक कण बनते हैं जो फेफड़ों को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

वर्ग पहेली-55

बाएं से दाएं

2.1. चमड़े का काम करने वाला 2. जूते सीलने तथा बनाने वाला कारीगर।

5.1. लेख आदि की प्रतिलिपि करने वाला व्यक्ति 2. लिखने वाला, लेखक 3. मुंशी, मुहर्रिर 4. लीथो प्रेस पर छपने के लिए एक विशेष कागज़ पर विशेष स्याही से लिखने का काम करने वाला व्यक्ति।

7.1. हिसाब-किताब लिखने वाला कर्मचारी 2. खजांची।

8.1. सीढ़ी 2. देहरी, चौखट, दहलीज़।

9. दम घोंटने वाला, सांस फुला देने वाला।

ऊपर से नीचे

1.1. घूंसा, मुष्टिकाप्रहार 2. वह प्रहार या चोट जिसके पड़ने से 'धम' शब्द हो; घमका।

3. एक औषधीय वनस्पति, यष्टिमधु, मुलेठी।

4. भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना करने वाला एक शासक

6. तीन पहिए या चक्केवाला।

7.1. अनुचर, हमेशा साथ-साथ रहने वाला 2. सेवक, नौकर, सेवा में रहने वाला 3. कर्मचारी।



वर्ग पहेली -54 का हल

	1 ख	नि	2 ज	ते	ल
			मा		
	3 तु	4 क	मा		5 लि
6 हं		7 सा	र	भा	टा
भा		व			8 ना	की
	9 ठा	ट	बा	ट	

सुडोकू-134

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	2		4	8				
1				3			5	8
6				2		4		
		7		6				
4			2		9			
				4		8		
		3		9				
9	5							
		6	7	5	4			

सुडोकू -133 का हल

4	3	7	1	2	9	5	8	6
6	9	8	5	7	3	2	1	4
2	5	1	6	8	4	9	3	7
5	1	2	7	4	8	6	9	3
9	7	6	3	1	2	4	5	8
3	8	4	9	5	6	1	7	2
1	6	3	4	9	7	8	2	5
8	4	5	2	3	1	7	6	9
7	2	9	8	6	5	3	4	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 अप्रैल मंगलवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पष्ठी 07.05 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 1 मई 04.09 तक तत्पश्चात श्रवण।

मेष — आज विवाहित लोगों को अपने लिए कुछ नया करने का विचार मन में आएगा तथा आपका पार्टनर उसमे भरपूर साथ देगा जो आपको आनंदित करेगा। दोनों के बीच आपसी स्नेह में बढ़ोत्तरी होगी। भाई या बहन के साथ संबंध मजबूत बनाए रखें क्योंकि वे आपके बहुत काम आएंगे।

वृष — आज अपने प्रतिद्वंद्वियों पर नजर बनाकर रखें क्योंकि वे आपका नुकसान कर सकते हैं। व्यापार में आपके पास ऐसे समझौते आएंगे जो दिखने में तो आकर्षित होंगे लेकिन यह आपके लिए अनुचित सिद्ध हो सकते हैं।

मिथुन — आज नौकरी कर रहे लोगों का मन अपने काम से उब सकता है तथा वे अपने लिए नई नौकरी की तलाश कर सकते हैं। आज के दिन अपने विरोधियों से बचकर रहे। आपको अपने मित्रों की ओर से कुछ अच्छा अवसर भी मिल सकता है।

कर्क — आज आपको कुछ ऐसे अवसर मिलेंगे जो व्यापार को बढ़ावा दे सकते हैं। आपके मित्र भी आपका सहयोग करेंगे लेकिन आप किसी चीज़ को लेकर संशय में रहेंगे। भूमि संबंधी निवेश में लाभ मिलेगा। समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे।

सिंह — आज आपके मृदु स्वभाव के कारण घर में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी तथा सभी के मन में आपके प्रति सम्मान और बढ़ेगा। ऐसे में आपको अपने मित्रों का सहयोग भी मिलेगा जिससे रिश्तों में मजबूती आएगी। मन में काम को लेकर उत्साह रहेगा।

कन्या — आज उच्च शिक्षा की पढ़ाई कर रहे छात्रों को सकारात्मक परिणाम मिलेंगे तथा आपके सहपाठी भी आपसे प्रसन्न होंगे। परिवार में आपकी शिक्षा को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा भी हो सकती है जिससे आपका मन आशंकित रहने की भी संभावना है।

तुला — आज प्रेम जीवन के लिए दिन उत्तम है। विवाहित लोगों का अपने जीवनसाथी के प्रति कुछ यादगार अनुभव रहने की संभावना है जिससे आप दोनों के बीच आपसी संबंध मजबूत होंगे। आप किसी काम में अटक सकते हैं। ऐसे में सीनियर का सहयोग मिलेगा।

वृश्चिक — आज स्कूल के छात्र अपना समय रचनात्मक कार्यों में देंगे जिसमें उन्हें आनंद की अनुभूति होगी। किसी भी कार्य को शुरू करते समय आप संशय में रहेंगे लेकिन अंत में उसमें सफलता मिलेगी। मन किसी बात को लेकर बेचैन रहेगा और अशांति का अनुभव करेंगे।

धनु — आज इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे लोगों को किसी का सहयोग मिल सकता है जिससे उनका मार्ग प्रशस्त होगा तथा भविष्य के लिए उचित मार्गदर्शन मिलेगा। आज का दिन आप दोनों के लिए यादगार रहने की उम्मीद है।

मकर — आज नौकरी कर रहे लोगों को अपने काम से संतुष्टि मिलेगी तथा ऑफिस में उनके काम की प्रशंसा होगी। सहकर्मी आपके काम से प्रसन्न होंगे तथा आपके साथ मिलकर कुछ नया प्लान भी करेंगे। आज के दिन अपने विरोधियों से बचकर रहे।

कुंभ — आज का दिन आपके लिए शुभ संकेत लेकर आ रहा है तथा आपका अपने परिवार वालों के साथ संबंध और मधुर बनेगा। घर में कोई नई खुशी आ सकती है जिसमे सभी सम्मिलित होंगे। किसी प्रोजेक्ट पर काम कर रहे तो उसमे असफलता मिलेगी।

मीन — आज श्वास की बीमारी से जुड़े रोगी अपना विशेष ध्यान रखें तथा प्रदुषण वाले क्षेत्रों से दूरी बनाकर रखें। अस्थमा के रोगियों को यदि कहीं बाहर जाना है तो हमेशा अपने साथ इनहेलर रखें। पारिवारिक जीवन काफी सन्तोषप्रद रहेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
स्वीकार किया मैने — सुबह : 08.26
यमला पगला दीवाना — शाम : 05.52

SONY MAX
अशिकी — सुबह : 11.00
हिट द फर्स्ट केस — रात : 09.00

SONY PIX
रेडी प्लेयर वन — दोपहर : 12.48
क्लैश ऑफ द टाइटन्स — शाम : 06.58

ZEE CINEMA
प्रेम — सुबह : 11.40
तमाशा — शाम : 06.00

colors CINEPLEX
चिराग — सुबह : 09.23
अग्निपथ — रात : 09.33

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर शाम :06.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति - जज साहब मुझे अपनी बीवी से तलाक चाहिए।
जज- पर क्यों?
पति-जज साहब, जब से मेरी बीवी आई है तब से मुझसे कुछ भी बात नहीं करती है।
जज- एक बार फिर सोच ले, ऐसी बीवी सिर्फ किस्मत वालों को ही नसीब होती है।

सोनू गर्लफ्रेंड से- तुम चाइनीज जैसी क्यों दिखती हो?
गर्लफ्रेंड- मेरे पापा चीन के थे।
सोनू- तुमने कभी मिलवाया नहीं?
गर्लफ्रेंड- वो अब इस दुनिया में नहीं हैं।
सोनू- हां, चाइनीज माल ज्यादा दिन तक टिकता भी कहां है...

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	74,671.28	22,643.40
बढ़त	941.12	223.45
प्रतिशत में	1.28	1.00

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, मंगलवार, 30 अप्रैल 2024

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 985 फ्लैग-1100 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 860
रामपुर : शिवालिक-990 फ्लैग-1105 डीएमओ-885 बोल्ड-1165

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1820, राज श्री 1300, फ़ॉर्चून कि. 1775, रविन्द्रा 1775, फॉर्चुन ली0 1630, जय जवान 1405, सचिन 1555, सूरज 1430, अवसर 1645, राग गोल्ड 1630, गृहणी 1550, क्लासिक (किलो) 1670, मोर 1550, चक्र टिन 1635, ब्लू 1670, आशीर्वाद मस्टर्ड 1690, स्वास्तिक 1790। किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 29000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950। चावल -(प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250। दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7275-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 10500-11400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13800, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 7350, लाल हिंदुस्तान 7650, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8300, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10400, मोटा हीरा 11800, अरहर गोला मोटा 14000, अरहर पटका मोटा 14400, अरहर कोरा मोटा 14700, अरहर पटका छोटा 15000-15400, अरहर कोरी छोटी 16700। चीनी-डालमियां 4140, पीलीभीत 4100, नवाबगंज 4090 (नयी), बहेड़ी 4100 (नयी)

खरीदारी से लौटी रौनक, सेंसेक्स 941 अंक उछला

अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों के बढ़िया नतीजों और बॉण्ड प्रतिफल में गिरावट से बाजार में आई तेजी

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच घरेलू स्तर पर बैंकों एवं ढांचागत कंपनियों के शेयरों में तगड़ी खरीदारी होने से सोमवार को बीएसई सेंसेक्स ने 941 अंक उछल गया जबकि निफ्टी 22,600 के स्तर से ऊपर पहुंच गया।

बीएसई का सेंसेक्स 941.12 अंक यानी 1.28 प्रतिशत उछलकर 74,671.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 990.99 अंक तक बढ़कर 74,721.15 पर पहुंचा था। एनएसई का निफ्टी भी 223.45 अंक यानी एक प्रतिशत बढ़कर 22,643.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से आईसीआईसीआई बैंक में पांच प्रतिशत की तेजी ली। मार्च तिमाही में बैंक का समेकित लाभ 18.5% बढ़कर 11,672 करोड़ होने से शेयरों को रफ्तार मिली। इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी बढ़त में सफल रहे। एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर करीब छह प्रतिशत गिर गए। आईटीसी, विप्रो और बजाज फिनसर्व में भी गिरावट रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों के बढ़िया तिमाही नतीजों और बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट से घरेलू स्तर पर बाजारों में उछाल देखी गई। बैंक निफ्टी ने चौथी तिमाही में अपने मजबूत प्रदर्शन से बाकी को पीछे छोड़ दिया। पश्चिम एशिया का तनाव नरम पड़ने और कंपनियों के स्थिर तिमाही नतीजों से सकारात्मक धारणा को बल मिलने की उम्मीद है। बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.97% और स्मालकैप सूचकांक में 0.07% की बढ़त दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में बैंक खंड में 2.70% और वित्तीय सेवा खंड में 1.81% की तेजी रही जबकि रियल्टी एवं सेवा खंड में गिरावट दर्ज की गई। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा कि कारोबारी सप्ताह की शुरुआत मजबूती के साथ हुई और बाजार एक प्रतिशत चढ़ गया। अनुकूल वैश्विक संकेतों के साथ बैंकिंग शेयरों में खरीदारी आने से कारोबार को समर्थन मिला।

- आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में आई पांच प्रतिशत की तेजी
- एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर करीब छह प्रतिशत गिरावट

नियामक शुल्क पर सेबी के निर्देश के बाद बीएसई का शेयर 19% टूटा

नई दिल्ली। सेबी ने प्रीमियम मूल्य के बजाय अपने विकल्प अनुबंधों के कुल मूल्य के आधार पर नियामक शुल्क का भुगतान करने का निर्देश दिया है। इससे बीएसई के शेयर में सोमवार को 19 फीसदी की गिरावट आई। इसका कारण उसे अब अधिक नियामक शुल्क का भुगतान करना पड़ सकता है। एनएसई पर शेयर 18.63 फीसदी गिरकर 2,612.10 रुपये पर आ गया। एनएसई पर 103.10 लाख शेयरों का कारोबार हुआ। बीएसई ने शुक्रवार को एनएसई को बताया कि बीएसई को विकल्प अनुबंध के मामले में कुल मूल्य पर विचार करते हुए सेबी को वार्षिक कारोबार के आधार पर नियामक शुल्क का भुगतान करने की सलाह दी गई है। साथ ही उसे पिछली अवधि के लिए अतिरिक्त विनियामक शुल्क का भुगतान ब्याज सहित करने को कहा गया है। शेयर बाजार को दी सूचना के मुताबिक पत्र मिलने के एक महीने में उक्त राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया गया है। बीएसई ने कहा था कि वह सेबी के पत्र के अनुसार दावे की वैधता का मूल्यांकन कर रहा है। सभी अनुबंधों के खरीद/बिक्री मूल्य का प्रतिनिधित्व करता है, जबकि प्रीमियम टर्नओवर सभी अनुबंधों पर भुगतान किए गए प्रीमियम का योग है।

बैंकों पर लुकआउट आदेश का अध्ययन कर रहा वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्रालय बंबई हाईकोर्ट के हालिया आदेश का अध्ययन कर रहा है, जिसमें उसने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को जानबूझकर कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर या एलओसी जारी करने से रोक दिया है। हाईकोर्ट ने पिछले सप्ताह आदेश दिया था कि बैंकों के पास कर्ज नहीं चुकाने वालों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करने का कानूनी अधिकार नहीं है।

वित्त मंत्रालय 26 अप्रैल के फैसले से अवगत है और वह आदेश का मूल्यांकन करेगा। अध्ययन के बाद फैसला होगा। न्यायमूर्ति गौतम पटेल और न्यायमूर्ति माधव जामदार की खंडपीठ ने केंद्र सरकार के कार्यालय ज्ञापन के उस धारा को भी असंवैधानिक करार दिया, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के चेयरपर्सन को कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ एलओसी जारी करने का अधिकार दिया गया था। अदालत ने कहा कि उसका फैसला किसी भी चूककर्ता के खिलाफ न्यायाधिकरण या आपराधिक अदालत के आदेशों को प्रभावित नहीं करेगा, जिसमें उन्हें विदेश यात्रा करने से रोका गया हो। केंद्र ने 2018 में कार्यालय ज्ञापन में संशोधन कर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को भारत के आर्थिक हित में एलओसी जारी करने का अधिकार दिया था।

- बंबई हाईकोर्ट ने कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ लुकआउट या एलओसी जारी करने से बैंक को रोका है

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	83300
सिक्का (प्रति सैकड़ा)	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा)	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	72200
गिन्नी (प्रति नग)	53800-54000
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	72,650
सोना रवा	72,500
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	82,600
चांदी (999)	82,500
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	72000
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	71000
सिल्वर (पक्की)	810 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,100
चांदी आभूषण	82,000

ब्लूपाइन एनर्जी ने सौर परियोजना के लिए 418 करोड़ का लिया ऋण

नई दिल्ली, एजेंसी

नवीकरणीय ऊर्जा सेवा कंपनी ब्लूपाइन एनर्जी ने गुजरात के सडला में अपनी 120 मेगावाट की सौर परियोजना के लिए एचडीएफसी बैंक से 418 करोड़ रुपये का ऋण हासिल किया है। कंपनी के अनुसार, इस परियोजना के पूरा होने के बाद संयंत्र में सालाना करीब 3.23 लाख मेगावाट (मेगावाट प्रति घंटा) सौर ऊर्जा उत्पन्न होने की उम्मीद है।

परियोजना से सालाना करीब 2.96 लाख टन सीओ2 (कार्बन डाइ ऑक्साइड) की भरपाई होगी और सालाना करीब 2.7 लाख मकानों को बिजली मुहैया कराई जा सकेगी। ब्लूपाइन एनर्जी के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) संजीव भाटिया ने बताया कि गुजरात के सदला में हमारी 120 मेगावाट की सौर परियोजना के लिए वित्तीय जरूरतें पूरी करना ब्लूपाइन एनर्जी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह एचडीएफसी बैंक के ऋण से संभव हुआ है। बयान में कहा गया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए कुल 418 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया है।



- परियोजना के पूरा होने के बाद संयंत्र से सालाना 3.23 लाख मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पन्न होने की उम्मीद

सेरेलैक को नस्लीय रूप से बनाने का आरोप दुर्भाग्यपूर्ण

गुरुग्राम, एजेंसी

दैनिक उपभोग के सामान बनाने वाली नेस्ले इंडिया ने सोमवार को कहा कि 18 महीने से कम उम्र के बच्चों के लिए कंपनी का शिशु आहार फॉर्मूला वैश्विक आधार पर तैयार किया जाता है और इसे नस्लीय रूप से बनाए जाने का आरोप दुर्भाग्यपूर्ण एवं असत्य है। महीने की शुरुआत में स्विट्जरलैंड की कंपनी नेस्ले पर कम विकसित देशों में अधिक चीनी वाले उत्पाद बेचने का आरोप लगाया गया था।

नेस्ले इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सुरेश नारायणन ने इस मसले पर कहा कि शिशु आहार में चीनी की मात्रा एक विशेष आयु वर्ग के पोषण प्रोफाइल को पूरा करने की क्षमता से निर्धारित होती है और यह सार्वभौमिक है। सेरेलैक में चीनी की मात्रा खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई की तरफ से तय सीमा से काफी कम है। नारायणन ने कहा कि इस उत्पाद में ऐसा कुछ भी नहीं है जो इसे ऐसा उत्पाद बनाता हो जिसके सेवन से बच्चे को कोई खतरा हो या किसी तरह का नुकसान हो। इस उत्पाद में मौजूद अधिकांश चीनी प्राकृतिक शर्करा है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मुताबिक, शिशु आहार में चीनी का स्वीकार्य स्तर प्रति 100 ग्राम पाउडर में 13.6 ग्राम का है। नारायणन ने कहा कि नेस्ले के उत्पाद में यह मात्रा 7.1 ग्राम है, जो तय मानकों और अधिकतम सीमा से काफी कम है।

स्विट्जरलैंड के गैर-सरकारी संगठन पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क ने कहा था कि नेस्ले ने यूरोपीय देशों की तुलना में भारत जैसे कम-विकसित देशों में अधिक चीनी वाले शिशु आहार की बिक्री की। इन आरोपों पर नेस्ले इंडिया के प्रमुख ने कहा कि 18 महीने से कम उम्र के बच्चों के भोजन के लिए हर उत्पाद वैश्विक आधार पर तैयार किया जाता है। उन्होंने कहा, "पोषण संबंधी पर्याप्तता का अध्ययन करने के लिए कोई स्थानीय दृष्टिकोण नहीं है।

- स्विट्जरलैंड की कंपनी नेस्ले पर कम विकसित देशों में अधिक चीनी वाले उत्पाद बेचने का लगाया था आरोप

राष्ट्रीय

कांग्रेस कर रही धर्म आधारित आरक्षण की बात : पीएम मोदी

कर्नाटक में बोले- किसी सूरत में सफल नहीं होने देंगे उसके मंसूबे

बागलकोट (कर्नाटक), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कांग्रेस पर वोट बैंक की राजनीति के लिए देश में धर्म आधारित आरक्षण की योजना बनाने का आरोप लगाया और जोर देकर कहा कि वह किसी भी सूरत में ऐसा नहीं होने देंगे।

यहां जिला मुख्यालय में चुनावी रैली में उन्होंने कहा कि कांग्रेस का यह प्रस्ताव अल्पसंख्यकों को खुश करने के लिए है क्योंकि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और ओबीसी अब भाजपा के साथ हैं। कर्नाटक में कांग्रेस ने संविधान बदलने और एससी/एसटी और ओबीसी के अधिकार छीनने का अभियान शुरू किया है। हमारा संविधान धर्म आधारित आरक्षण को स्वीकार नहीं करता है। लेकिन कर्नाटक सरकार ने ओबीसी आरक्षण का हिस्सा मुसलमानों को दिया है। कांग्रेस इससे संतुष्ट नहीं होंगे। उन्होंने पहले भी अपने घोषणापत्र में धर्म आधारित आरक्षण प्रदान करने के लिए कानून लाने की बात कही थी। इस बार भी घोषणापत्र में ऐसा ही संकेत है।

मोदी ने कहा कि वह अपने दलित, एससी/एसटी और ओबीसी भाई-बहनों को कांग्रेस के इरादों से अवगत कराना चाहते हैं। ये लोग धर्म के आधार पर वोट बैंक को सुरक्षित रखने के लिए आपके उस अधिकार को लूटने की योजना बना रहे हैं जो बाबा साहेब आंबेडकर और संविधान ने आपको दिया है। मोदी ने कहा कि इसलिए वे महसूस करते हैं कि चूंकि एससी, एसटी और ओबीसी भाजपा के साथ हैं...तो अल्पसंख्यकों का विश्वास जीतने के लिए वे एससी, एसटी और ओबीसी से लूटकर अल्पसंख्यकों को देना चाहते हैं।

कर्नाटक में लोगों का अभिवादन करते पीएम मोदी।

इंडी गठबंधन पांच साल में पांच प्रधानमंत्री बनाएगी

सोलापुर। प्रधानमंत्री मोदी ने इंडी समूह पर कटाक्ष करते हुए दावा किया कि अगर वह सत्ता में आए तो पांच साल में पांच प्रधानमंत्री देश को मिलेंगे। पश्चिमी महाराष्ट्र में चुनावी रैली में उन्होंने कहा एक तरफ मोदी है, जिसको 10 साल से जांच-परखा जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर इंडी समूह है, जिसमें अपने नेता के नाम पर जमकर लड़ाई चल रही है। अब ये लोग पांच साल, पांच प्रधानमंत्री का फॉर्मूला लेकर आए हैं। उन्होंने सवाल किया आपने नकली शिव सेना को यह कहते हुए सुना होगा कि प्रधानमंत्री पद किसी एक व्यक्ति तक सीमित नहीं है, हर पार्टी में कई दावेदार होते हैं। क्या आप मुझे बता सकते हैं कि क्या देश पांच साल, पांच प्रधानमंत्री जैसे फॉर्मूले से चल सकता है।

भाजपा-आरएसएस की संविधान बदलने की योजना: राहुल गांधी

पाटण (गुजरात)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो वह दलितों, आदिवासियों, सामान्य श्रेणी के गरीबों तथा ओबीसी की भागीदारी बढ़ाने के लिए देश में जाति और आर्थिक सर्वेक्षण कराएगी। उत्तर गुजरात के पाटण शहर में लोकसभा उम्मीदवार चंदनजी ठाकोर के समर्थन में चुनावी रैली में राहुल ने यह भी कहा कि भाजपा और आरएसएस की सत्ता में आने के बाद संविधान को बदलने की योजना है। उन्होंने कहा कि देश की 90 प्रतिशत आबादी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग की है लेकिन आपको कॉरपोरेट, मीडिया, निजी अस्पतालों, निजी विश्वविद्यालयों या नौकरशाही में उनका प्रतिनिधित्व नहीं मिलेगा।

प्रियंका ने सेक्स स्कैंडल पर मोदी-शाह को घेरा

कलबुर्गी (कर्नाटक)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कथित सेक्स स्कैंडल पर प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर सोमवार को निशाना साधा और कहा कि मामले में आरोपी सांसद प्रज्वल रेवन्ना महिलाओं पर अत्याचार कर देश छोड़ने में कैसे कामयाब हो पाए? कलबुर्गी जिले के सेडम शहर में रैली में वाड्रा ने प्रधानमंत्री पर आरोप लगाया कि वह महिलाओं पर अत्याचार करने वालों को बचा रहे हैं।

धन शोधन में निलंबित आईएएस की जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने झारखंड कैडर की निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की धन शोधन के मामले में जमानत याचिका सोमवार को यह कहते हुए रद कर दी कि यह एक असाधारण मामला है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने निलंबित अधिकारी को जमानत देने से इनकार करने के झारखंड हाईकोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया।

कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष के 17 गवाहों में से ईडी ने 12 से जिरह की है और उम्मीद है कि मामले में सुनवाई जल्द पूरी होगी। आप जमानत के लिए थोड़ा और इंतजार किए। यह कोई सामान्य नहीं बल्कि असाधारण मामला है। इस मामले में कुछ तो गलत है। हम याचिका पर सुनवाई के इच्छुक नहीं हैं। कोर्ट ने सिंघल को मुकदमा लंबा चलने या परिस्थितियों में कोई बदलाव होने पर फिर से जमानत याचिका दायर करने की छूट दे दी।

डॉ. कीर्ति काले को मिला निराला श्री सम्मान

नई दिल्ली के हिंदी भवन के सभागार में साहित्य प्रेमी मंडल के आयोजित समारोह में निराला श्री सम्मान लेतीं डॉ. कीर्ति काले।

नई दिल्ली

- पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा अल्हड़ बीकानेरी हास्य रत्न से किए गए सम्मानित

नई दिल्ली स्थित हिंदी भवन के भव्य सभागार में साहित्य प्रेमी मंडल के तत्वावधान में स्वर गंगा कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह हुआ। डॉ. कीर्ति काले को निराला श्री सम्मान और भोपाल के मदन मोहन समर को साहित्य भारतीय सम्मान दिया गया। पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा को अल्हड़ बीकानेरी हास्य रत्न से सम्मानित करते हुए प्रशस्ति-पत्र, सम्मान ट्रॉफी, 21 हजार नकद आदि दिया गया। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया रहे। जटिया ने कहा कि साहित्य प्रेमी मंडल एक ऐसी संस्था है जो साहित्य के साथ-साथ संस्कारों का भी बीजारोपण कर रही है।

डॉ प्रवीण शुक्ल के संचालन में डॉ सुरेश अवस्थी और संदीप शजर ने काव्य पाठ किया। कविवर ब्रज शुक्ल घायल द्वारा स्थापित साहित्य प्रेमी मंडल ने 39 वर्ष पूर्ण करते हुए अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं। श्रोताओं में डॉ. सरिता शर्मा, श्रीमती अंजू जैन, डॉ. विमलेश कांति वर्मा, डॉ. सुभाष वशिष्ठ, अतुल प्रभाकर, राज कौशिक, महेश गर्ग बेधड़क, गुणवीर राणा, डॉ. रंजना अग्रवाल, आदिल रशीद, पूनम मटिया, तूलिका सेठ, वंदना कुंवर रायजादा, डॉ. शुभ्रा सिंह, विनोद पाराशर, सुनहरी लाल तुरंत, योगेंद्र सुंदरियाल, रजनीश राज, मुकेश शर्मा, सरिता सरोज, सरोज शर्मा, सरिता जैन, राकेश मेहरा, रमेश कुमार गंगेले, सुनीता पूनिया, एसएस डोगरा, बलजीत कौर तन्हा, विकास यश कीर्ति, शिव कुमार दाधीच (बीकानेर) डॉ. रंजना अग्रवाल, प्रेम बिहारी मिश्र, अतुल जैन और हरि प्रकाश आदि अनेक कवि और साहित्यकार उपस्थिति रहे।

मंडल के उपाध्यक्ष राजेश कुमार ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान संस्था के संरक्षक भाई अरविंद गुप्ता का जन्मदिवस भी मनाया गया। कोषाध्यक्ष निर्दोष शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

एक नजर

अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ रैकेट का भंडाफोड़ 48 किग्रा हेरोइन बरामद, तीन गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने सोमवार को पांच देशों में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ रैकेट का भंडाफोड़ कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 48 किग्रा हेरोइन बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने तीनों आरोपियों के पास से 21 लाख रुपये भी बरामद किए हैं। डीजीपी ने कहा कि यह गिरोह सीमा पार और अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ की तस्करी में सक्रिय था। उनका नेटवर्क पांच देशों ईरान, अफगानिस्तान, तुर्की, पाकिस्तान और कनाडा में फैला था।, यह गिरोह जम्मू-कश्मीर और गुजरात में भी सक्रिय था।

मलबे की चपेट में आई जीप, दो लोगों की मौत

शिमला। हिमाचल प्रदेश में जुब्बल उपमंडल के तहत सनेल में रविवार देर रात जीप के ऊपर भारी मलबा गिरने से दो लोगों की मौत हो गयी। उपमंडल दंडाधिकारी जुब्बल राजीव संख्यान ने सोमवार यह जानकारी दी। सतीश मृतकों की पहचान रोहड़ू निवासी सतीश कुमार और बिशम्बर शर्मा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजनों को फौरी राहत के रूप में क्रमश 15-15 हजार रुपये की राशि प्रदान की गयी है।

छत्तीसगढ़ : सड़क दुर्घटना में नौ की मौत

बेमेतरा। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में सड़क दुर्घटना में छह महिलाओं और तीन बच्चों की मौत हो गई तथा 22 घायल हो गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुख व्यक्त करते हुए अधिकारियों को घायलों को इलाज मुहैया कराने के निर्देश दिए। पुलिस सोमवार को बताया कि जिले के कठिया गांव के पास पिकअप मालवाहक से टकरा गया, जिससे मौके पर ही पांच महिलाओं और तीन बच्चों की मौत हो गई। एक अन्य महिला ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। इस घटना में 22 लोग घायल हो गए।

अस्पतालों में वसूले जाने वाले शुल्क पर केंद्र से जवाब तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने अस्पतालों में मरीजों से वसूले जाने वाले शुल्क के निर्धारण का मुद्दा उठाने वाली याचिका पर सोमवार को केंद्र से जवाब मांगा। दायर याचिका में कहा गया कि क्लिनिकल प्रतिष्ठान (केंद्र सरकार) नियमावली 2012 के नियम 9 को लागू नहीं किया जाना चाहिए। ये नियम क्लिनिकल प्रतिष्ठानों के पंजीकरण और संचालन शर्तों से संबंधित है। नियम 9 में प्रावधान है कि हर क्लिनिकल प्रतिष्ठान राज्य सरकारों के परामर्श से समय-समय पर केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क की सीमा में हर प्रकार के चिकित्सा उपचार और सेवाओं के लिए शुल्क वसूल करेगा।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि शुल्क कैसे तय किया जा सकता है। यह सब बाजार की ताकतों पर निर्भर करता है। कोई विशेष डॉक्टर 10,000 रुपये ले सकता है, अन्य 1,000 रुपये ले सकता है। पीठ ने कहा कि इससे गोपनीय तरीके से शुल्क वसूली को बढ़ावा मिल सकता है। हम इस मामले में नोटिस जारी करेंगे। पीठ ने कहा कि याचिका पर एक अन्य लंबित याचिका के साथ सुनवाई की जाएगी, जिसमें 2012 की नियमावली के नियम 9 के अनुसार मरीजों से लिए जाने वाले शुल्क निर्धारित करने के लिए केंद्र को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। मामले पर अब 10 सितंबर को सुनवाई होगी।

इस साल फरवरी में याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा था कि याचिकाकर्ता के वकील ने कहा है कि केंद्र ने केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) में सूचीबद्ध अस्पतालों पर लागू शुल्क को अधिसूचित किया था और जब तक समाधान नहीं मिलता तब तक सरकार उक्त शुल्क को अंतरिम उपाय के रूप में अधिसूचित कर सकती है।

- मामले पर अब 10 सितंबर को उच्चतम न्यायालय करेगा सुनवाई

प्रज्वल रेवन्ना को जद (एस) से निलंबित करने का फैसला किया गया: कुमारस्वामी

बेंगलुरु। जनता दल (सेक्युलर) के नेता एचडी कुमारस्वामी ने सोमवार को कहा कि पार्टी ने महिलाओं का यौन उत्पीड़न के आरोपी प्रज्वल रेवन्ना को निलंबित करने का फैसला किया है।

मुद्दे पर कांग्रेस और अन्य दलों ने भाजपा और उसकी गठबंधन सहयोगी जद (एस) पर तीखा हमला किया। पुलिस ने प्रज्वल के घर में काम करने वाली महिला की शिकायत पर रविवार को प्रज्वल और उनके पिता जद (एस) विधायक तथा पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना पर यौन उत्पीड़न और धमकी देने का मामला दर्ज किया। कुमारस्वामी के भतीजे प्रज्वल हासन से सांसद हैं और इसी सीट से लोकसभा चुनाव में राजग के उम्मीदवार हैं। कुमारस्वामी ने कहा कि निर्णय पहले ही हो चुका है। कल हुबली में कोर कमेटी की बैठक में इसकी अनुशंसा की जाएगी। क्योंकि प्रज्वल संसद सदस्य हैं, इसलिए इसे दिल्ली से किया जाना है।

नीट अभ्यर्थी ने कोटा में की आत्महत्या

कोटा (राजस्थान), एजेंसी

राजस्थान में कोटा के कुन्हारी इलाके में राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहे 20 वर्षीय अभ्यार्थी ने छात्रावास के कमरे में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतक के माता-पिता को संदेह है कि उसकी हत्या की गयी है। पुलिस के अनुसार, कोटा में इस साल अब तक नीट या जेईई अभ्यर्थी द्वारा आत्महत्या करने का यह सातवां मामला है।

पुलिस ने बताया कि मृतक सुमित पांचाल हरियाणा के रोहतक का रहने वाला था और एक साल से अधिक समय से यहां कोचिंग संस्थान में नीट की तैयारी कर रहा था। उसके माता-पिता ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने और निष्पक्ष जांच की मांग की है। सहायक उपनिरीक्षक कप्तान ने कहा कि मृतक के माता-पिता की मांग पर शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। छात्रावास के कर्मचारियों द्वारा उसके शव को देखे जाने से नौ घंटे पहले उसने आत्महत्या की थी। पंचाल का शव रविवार रात कुन्हारी पुलिस थाना क्षेत्र के लैंडमार्क सिटी स्थित छात्रावास में उसके कमरे के छत के पंखे से लटका हुआ पाया गया था।

सारण : हत्या मामले में पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह को उम्रकैद

छपरा। सारण व्यवहार न्यायालय के सांसद विधायक न्यायालय ने हत्या के मामले में मशरक के पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम- सह- सांसद, विधायक के मामलों के लिए गठित विशेष अदालत के न्यायाधीश सुधीर सिन्हा ने सुनवाई की। 1996 में पानापुर थाना क्षेत्र के तुर्की गांव के शत्रुघ्न गुप्ता की दुकान पर तारकेश्वर सिंह एवं संजीव सिंह और देवनाथ राय पहुंचे। तारकेश्वर ने शत्रुघ्न को गोली मार दी और उसे साथ ले गए। शत्रुघ्न का शव मोतिहारी के डुमरिया पुल के पास मिला था।

आज का मुकाबला

लखनऊ सुपर जाइंट्स
बनाम
मुंबई इंडियंस
दोपहर 7:30 बजे

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	10	500
ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई)	09	447
साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस)	10	418

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	09	14
मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई)	09	14
हर्षल पटेल (पंजाब)	09	14

एशियाई अंडर 22 मुक्केबाजी में बृजेश, सागर, सुमित के पदक पक्के

अस्ताना (कजाखस्तान), एजेंसी

भारत के बृजेश तामता, सागर जाखड़ और सुमित ने एशियाई अंडर 22 और युवा मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश करके पदक पक्के कर लिए।

बृजेश (48 किलो) ने उजबेकिस्तान के साबिरोव सैफिद्दीन को हराया। दोनों मुक्केबाजों ने एक एक दौर जीता लेकिन तीसरे दौर में भारतीय मुक्केबाज ने 4-3 से जीत दर्ज की। सागर (60 किलो) और सुमित (67 किलो) ने क्रमशः थाईलैंड के कलासीरम टी और कोरिया के होंग सियो जिन को 5-0 से हराया। जितेश को 54 किलोवर्ग में कजाखस्तान के टी नूरासिल ने 5-0 से मात दी। भारत के अब

युवा वर्ग में आठ पदक पक्के हो गए हैं चूंकि पांच महिला मुक्केबाज अन्नु (48 किलो), पार्थवी ग्रेवाल (66 किलो), निकिता चंद (60 किलो), खुशी पूनिया (81 किलो) और निर्झरा बाना (प्लस 81 किलो) सेमीफाइनल से अपने अभियान का आगाज करेंगी। पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर चुकी एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति (54 किलो) कल उजबेकिस्तान की उक्तामोवा निगिना से खेलेगी।

पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेंगे सात बैडमिंटन खिलाड़ी

नई दिल्ली। पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधू सहित सात भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने अपनी ओलंपिक खेल क्वालीफिकेशन रैंकिंग के आधार पर चार वर्ग में पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई किया।

इसकी औपचारिकता सोमवार को पूरी हुई जो बीडब्ल्यूएफ द्वारा निर्धारित कट ऑफ तारीख थी। सिंधू 12वें स्थान पर रहीं जबकि पुरुष एकल में प्रणय और लक्ष्य क्रमशः नौवें और 13वें स्थान पर रहे। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ओलंपिक क्वालीफिकेशन चक्र के अंत में तीसरे स्थान पर रही और बैडमिंटन में देश के लिए सर्वश्रेष्ठ पदक उम्मीदों में से एक के रूप में ओलंपिक में जाएगी।

भारतीय टीम के चयन से पहले लखनऊ और मुंबई मुकाबले में नजर राहुल पर

लखनऊ, एजेंसी

टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम के चयन से पहले केएल राहुल के लिये दूसरे विकेटकीपर के रूप में चयन का दावा पुख्ता करने का एक और मौका होगा जब उनकी कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जाइंट्स मंगलवार को मुंबई इंडियंस से खेलेगी। टी20 क्रिकेट में राहुल का स्ट्राइक रेट चिंता का सबब रहा है। पावरप्ले में फील्डिंग पाबंदियों के बावजूद राहुल आईपीएल में धीमी शुरूआत करते आए हैं। उन्होंने हालांकि इस सत्र में इसमें बदलाव किया। अभी तक वह 2024 सत्र में 144.27 की औसत से 378 रन बना चुके हैं। वैसे ऋषभ पंत का स्ट्राइक रेट 160.60 और संजू सैमसन का 161.08 रहा है।

पंत की जगह टी20 विश्व कप टीम में लगभग पक्की है चूंकि विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी दोनों में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं राजस्थान रॉयल्स के लिये आक्रामक पारियां खेलकर संजू ने भी अपना दावा मजबूती से रखा है। ऐसे में राहुल को अधिक आक्रामक खेलना होगा ताकि उनकी टीम बड़ा स्कोर बना सके और वह भी अपना दावा मजबूत कर सके। अब क्विंटोन डिकॉक, मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन पर तेजी से रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। युवा जैक फ्रेसर मैकगुर्क के स्ट्रोक्स का मुंबई के गेंदबाजों के पास कोई जवाब नहीं था।

जसप्रीत बुमराह जैसे विश्व स्तरीय गेंदबाज ने भी 19 रन पहले ओवर में दे डाले। ल्यूक वुड और हार्दिक पंड्या तो महंगे साबित हुए। मुंबई की टीम अंकतालिका में नौवे स्थान पर है और प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिए उसे सारे मैच जीतने होंगे। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और टी20 में नंबर एक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव से उम्दा पारियों की उम्मीद होगी। इस सत्र में बल्ले और गेंद दोनों से नाकाम रहे हार्दिक को विश्व कप टीम में जगह बनाने के लिये अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

वरुण-सॉल्ट ने आसान कर दी केकेआर की जीत

कोलकाता ने दिल्ली को सात विकेट से हराया, अरोड़ा और राणा ने चटकाए दो-दो विकेट

वरुण चक्रवर्ती

3 विकेट
4 ओवर
16 रन

कोलकाता, एजेंसी

वरुण चक्रवर्ती की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट के तूफानी अर्धशतक से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट हराकर दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की। दिल्ली के 154 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाइट राइडर्स ने सॉल्ट की 33 गेंद में 68 रन की पारी की बदौलत 16.3 ओवर में तीन विकेट पर 157 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। सॉल्ट ने सुनील नारायण (15) के साथ पहले विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी भी की। कप्तान श्रेयस अय्यर (नाबाद 33) और वेंकटेश अय्यर (नाबाद 26) ने चौथे विकेट के लिए 57 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

दिल्ली ने इससे पहले चक्रवर्ती (16 रन पर तीन विकेट), हर्षित राणा (28 रन पर दो विकेट) और वैभव अरोड़ा (29 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम नौ विकेट पर 153 रन ही बना सकी। नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे कुलदीप यादव (26 गेंद में नाबाद 35) दिल्ली की ओर से शीर्ष स्कोरर रहे जबकि उनके अलावा कप्तान ऋषभ पंत (20 गेंद में 27 रन) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे नाइट राइडर्स को सॉल्ट ने तूफानी शुरुआत दिलाई। उन्होंने चौके से खाता खोला और फिर इसी ओवर में लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा। नारायण ने भी इसी ओवर में चौके से खाता खोला। केकेआर ने पांचवें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। सॉल्ट ने 26 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। नाइट राइडर्स ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 79 रन बनाए। अक्षर पटेल ने नारायण के रूप में पहली सफलता दिलाकर इस साझेदारी को तोड़ा। सॉल्ट को अक्षर ने उन्हें बोल्ड करके नाइट राइडर्स को बड़ा झटका दिया।

इससे पहले नौवें ओवर में ही नाइट राइडर्स की टीम 100 रन के आंकड़े को छू चुकी थी। श्रेयस और वेंकटेश ने इसके बाद पारी को संभाला। नाइट राइडर्स को अंतिम छह ओवर में 20 रन की दरकार थी और श्रेयस तथा वेंकटेश ने टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

68 रनों की पारी खेलकर फिल सॉल्ट ने केकेआर को दिलाई मजबूत शुरुआत

दिल्ली 153/9 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 13

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
पृथ्वी साव का सॉल्ट बो अरोड़ा	13	7	3/0
मैकगुर्क का वेंकटेश अय्यर बो स्टार्क	12	7	1/1
अभिषेक पोरेल बो राणा	18	15	2/1
शाई होप बो अरोड़ा	6	3	0/1
ऋषभ पंत का श्रेयस अय्यर बो चक्रवर्ती	27	20	2/1
अक्षर पटेल बो नारायण	15	21	2/0
ट्रिस्टन स्टब्स का सॉल्ट को चक्रवर्ती	4	7	0/0
कुमार कुशाग्र का सॉल्ट बो चक्रवर्ती	1	3	0/0
कुलदीप यादव नाबाद	35	26	5/1
रसिक सलाम का श्रेयस अय्यर बो राणा	8	10	1/0
लिजाड विलियम्स नाबाद	1	2	0/0

गेंदबाजी : स्टार्क 3-0-43-1, अरोड़ा 4-0-29-2, राणा 4-0-28-2, नारायण 4-0-24-1, चक्रवर्ती 4-0-16-3, रसेल 1-0-10-0

कोलकाता 157/3 — 16.3 ओवर, अतिरिक्त : 04

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
फिल सॉल्ट बो अक्षर	68	33	7/5
सुनील नारायण का मैकगर्क बो अक्षर	15	10	3/0
रिंकू सिंह का कुलदीप बो विलियम्स	11	11	1/0
श्रेयस अय्यर नाबाद	33	23	3/1
वेंकटेश अय्यर नाबाद	26	23	2/1

गेंदबाजी : विलियम्स 3-0-38-1, खलील 3-0-28-0, रसिक 2.3-0-30-0, अक्षर 4-0-25-2, कुलदीप 4-0-34-0



अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	9	8	1	16	+0.694
कोलकाता	9	6	3	12	+1.096
चेन्नई	9	5	4	10	+0.810
हैदराबाद	9	5	4	10	+0.075
लखनऊ	9	5	4	10	+0.059
दिल्ली	11	5	6	10	-0.442
गुजरात	10	4	6	8	-1.113
पंजाब	9	3	6	6	-0.187
मुंबई	9	3	6	6	-0.261
बेंगलुरु	10	3	7	6	-0.415

खेल डायरी

आर्सनल-मैनचेस्टर सिटी जीते, खिताब की दौड़ कड़ी

लंदन। आर्सनल ने टोटेनहम हॉट्सपर को 3-2 से हरा दिया जबकि गत चैम्पियन मैनचेस्टर सिटी ने नॉटिंघम फोरेस्ट को 2-0 से शिकस्त देकर प्रीमियर लीग फुटबॉल खिताब की दौड़ को रोचक बना दिया है। आर्सनल ने एक बार 3-0 से बढ़त बना ली थी लेकिन आखिरी 20 मिनट में दो गोल गंवा दिए। पियरे एमिली एच के आत्मघाती गोल और साका तथा केइ हेवटर्ज के गोल के दम पर आर्सनल को बढ़त मिली लेकिन दूसरे हाफ में क्रिस्टियन रोमेरो और सोन हियुंग मिन ने टोटेनहम के लिये गोल कर दिए। आर्सनल ने आखिरी क्षणों में संयम बनाये रखकर बराबरी का गोल नहीं होने दिया। आर्सनल के अब दूसरे स्थान पर काबिज सिटी से एक अंक अधिक हैं लेकिन उसने एक मैच भी अधिक खेला है। एक अन्य मैच में बोर्नमाउथ ने ब्राइटन को 3-0 से हरा दिया।

दीक्षा एलईटी ऑर्डर ऑफ मेरिट के शीर्ष 10 में

केपटाउन। भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर इन्वेस्टेक दक्षिण अफ्रीका महिला ओपन में एक और अच्छे प्रदर्शन के बाद लेडीज यूरोपियन टूर (एलईटी) के ऑर्डर ऑफ मेरिट के शीर्ष -10 में पहुंच गईं। दीक्षा अब 455 अंकों के साथ एलईटी में नौवें स्थान पर है। इंग्लैंड के ब्रोंटे लॉ शीर्ष पर हैं। प्रणवी उर्स अपने पहले वर्ष में 25वें स्थान के साथ अगली सर्वश्रेष्ठ भारतीय हैं। दीक्षा का आगामी पेरिस ओलंपिक खेलों में भाग लेना लगभग तय है जो तोक्या में पहली बार ओलंपिक में भाग लेने के बाद उनका दूसरा ओलंपिक होगा। वह अदिति अशोक के साथ खेलेंगी, जो अपने तीसरे ओलंपिक में खेलेंगी।

वेलावन सेंथिल कुमार ने बाश ओपन स्क्वाश जीता

पेरिस। भारत के वेलावन सेंथिल कुमार ने बाश ओपन चैलेंजर टूर्नामेंट जीत लिया है जो प्रोफेशनल स्क्वाश एसोसिएशन टूर पर उनका आठवां खिताब है। दुनिया के 58वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिल कुमार ने फ्रांस के मेलविल स्कियानिमानिको को 11-6, 11-9, 11-6 से हराया। सेंथिल ने जीत के बाद कहा मेलविल ने बेहतरीन खेल दिखाया। मुझे शुरू ही से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करन पड़ा और मुझे खुशी है कि मैं ऐसा कर सका।

एफसी गोवा को हराकर मुंबई सिटी एफसी फाइनल में

मुंबई। मुंबई सिटी एफसी ने सोमवार को यहां इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के दूसरे चरण में एफसी गोवा पर 2-0 से जीत दर्ज की और फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना मोहन बागान एसजी से होगा। शनिवार को कोलकाता में होने वाला फाइनल 2020-21 के खिताबी मुकाबले का दोहराव होगा। मोहन बागान एसजी ने दोनों चरण के मुकाबले में ओडिशा एफसी को हराकर फाइनल में जगह बनाई। सोमवार को पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद जॉर्ज परेरा डियाज ने 69वें मिनट में मुंबई सिटी एफसी को बढ़त दिलाई। मुंबई फुटबॉल एरेना में खेलते हुए घरेलू टीम ने एल. चांग्ते के 83वें मिनट में किए गए गोल से 2-0 की बढ़त बना ली। पहले चरण के सेमीफाइनल में मुंबई सिटी एफसी ने एफसी गोवा को 3-2 से हराया था।

ऐसे मत बनो जैसे तुम नहीं हो : गिलेस्पी

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के नए मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी जेसन गिलेस्पी चाहते हैं कि उनके 'प्रतिभाशाली' खिलाड़ी 'वास्तविक' बने रहें और किसी विशिष्ट पद्धति के अनुरूप अपने खेल में बदलाव नहीं करें। उनका कहना है कि टेस्ट क्रिकेट में आगे बढ़ने के लिए उन्हें केवल सकारात्मक और आक्रामक रहने की जरूरत है। पाकिस्तान ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज गिलेस्पी को पुरुष टेस्ट टीम का कोच नियुक्त किया जबकि सफेद गेंद के प्रारूप में कोच की भूमिका दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन को सौंपी गई है।

वर्ष 2014 और 2015 में यॉर्कशर को काउंटी चैंपियनशिप खिताब दिलाने वाले

- पाकिस्तान टेस्ट क्रिकेट के नवनियुक्त मुख्य जेसन ने पढ़ाया दिग्गज टीम को पाठ

49 वर्षीय गिलेस्पी ने पीसीबी के साथ दो साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। गिलेस्पी ने कहा, मैं बस इतना चाहता हूं कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम उस शैली की क्रिकेट खेले जो उनके अनुकूल हो, मेरे लिए, यह महत्वपूर्ण है। मेरा मानना है कि कुछ ऐसा बनने की कोशिश मत करो जो तुम नहीं हो! उन्होंने कहा आप इसे कैसे करते हैं इसे लेकर आपको वास्तविक होने की जरूरत है।

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए लाहौर कराची, रावलपिंडी को चुना

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए कराची, लाहौर और रावलपिंडी को चुना है। भारत की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये हाइब्रिड मॉडल की अटकलों के बीच पीसीबी ने कहा है कि टूर्नामेंट पाकिस्तान में ही होगा। भारत ने अभी तक अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं की है और ऐसी अटकलें हैं कि आईसीसी हाइब्रिड मॉडल का उपयोग करके भारत के मैच तटस्थ स्थान पर करा सकता है, अगर भारतीय टीम को सरकार से यात्रा की मंजूरी नहीं मिलती है। आईसीसी ने साफ तौर पर कहा है कि वह किसी सदस्य देश को उसकी सरकारी नीति का उल्लंघन करने को नहीं कहेगा।

भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम थॉमस कप के क्वार्टर फाइनल में

चेंगदू, एजेंसी

भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने सोमवार को दूसरे ग्रुप सी मुकाबले में इंग्लैंड को 5-0 से हराकर थॉमस और उबेर कप क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की कर ली। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय ने इंग्लैंड के हैरी हुआंग को सीधे गेम में हराकर भारत की राह आसान कर दी। 42 मिनट चले मुकाबले में प्रणय ने हैरी को 21-15, 21-15 से हराया।

सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने युगल मुकाबले में इंग्लैंड के बेन लेन और सीन वेंडी की जोड़ी को 21-17, 19-21, 21-15 से हराया। पूर्व विश्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत ने 30 मिनट से अधिक समय तक चले मुकाबले में नदीम दलवी को 21-16, 21-11 से हराकर

- किदांबी श्रीकांत और सात्विक और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने भी प्रतिद्वंद्वियों को हराया

भारत के लिए बराबरी पक्की कर ली। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने चौथे मुकाबले में रोरी ईस्टन और एलेक्स ग्रीन को 21-17, 21-19 से हराया। किरण जॉर्ज ने इंग्लैंड के चोलन कायान को 21-18, 21-12 से हराया। भारतीय पुरुष टीम ने शुरुआती ग्रुप-स्टेज मुकाबले में थाईलैंड को 4-1 से हराया और अब भारतीय टीम बुधवार को अंतिम ग्रुप मैच में रिकॉर्ड 14 बार के थॉमस कप चैंपियन इंडोनेशिया से मुकाबला करेगी।

ओलंपिक क्वालीफायर टीम में कोई बदलाव नहीं : डब्ल्यूएफआई

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने नए ट्रायल के लिए समय की कमी के कारण अगले महीने इस्तांबुल में अंतिम ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए लगभग उसी टीम का चयन किया है जिसने बिश्केक में एशियाई क्वालीफायर में भाग लिया था। इस्तांबुल में नौ से 13 मई तक होने वाले विश्व ओलंपिक खेल क्वालीफायर में एशियाई क्वालीफायर की टीम में शामिल तीन पहलवानों 2018 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंशू मलिक (57 किग्रा) और अंडर 23 विश्व चैंपियन रितिका (76 किग्रा) को शामिल नहीं किया गया है क्योंकि इन्होंने पिछले महीने बिश्केक में कोटा स्थान पक्का कर लिया था।

डब्ल्यूएफआई बिश्केक में भारतीय पुरुष टीम के खराब प्रदर्शन से नाखुश था और अंतिम ओलंपिक क्वालीफाइंग प्रतियोगिता की टीम का चयन करने के लिए नए सिरे से ट्रायल आयोजित करने की योजना बना रहा था, लेकिन

- इस्तांबुल में नौ से 13 मई तक होने वाले हैं विश्व ओलंपिक खेल क्वालीफायर

डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र ने कहा कि बिश्केक में एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर और इस्तांबुल प्रतियोगिता के बीच 'बहुत सीमित समय' के कारण उसे नए सिरे से ट्रायल आयोजित करने के विचार को टालने के लिए मजबूर होना पड़ा। सूत्र ने कहा कि अगर महासंघ के पास एशियाई प्रतियोगिता और इस्तांबुल में आगामी विश्व ओलंपिक खेल क्वालीफायर के बीच एक महीने का समय होता तो भी वह पेरिस खेलों के आखिरी क्वालीफायर के लिए नए सिरे से ट्रायल आयोजित कराता। इसलिए विश्व ओलंपिक खेल क्वालीफायर के लिए वही प्रविष्टियां भेजने का निर्णय लिया। पहलवानों के लिए अपने संबंधित भार वर्गों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए कम समय में दो बार वजन घटाना बहुत मुश्किल होता।

टी20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय चयनकर्ता आज करेंगे बैठक

नई दिल्ली। अजीत अगरकर की अगुवाई वाली राष्ट्रीय चयन समिति अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप की 15 सदस्यीय भारतीय टीम को अंतिम रूप देने के लिए मंगलवार को अहमदाबाद में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह से मुलाकात करेगी लेकिन टीम की आधिकारिक घोषणा एक दिन बाद हो सकती है।

बीसीसीआई सचिव सीनियर चयन समिति (पुरुष) के संयोजक हैं और उनके अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धताओं में व्यस्त होने के कारण यह समझा जाता है कि बैठक अहमदाबाद में होगी। दूसरे विकेटकीपर का स्थान और टीम में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का स्थान चयन बैठक में चर्चा के दो महत्वपूर्ण बिंदू होंगे। ऐसा समझा जाता है कि लोकेश राहुल (आईपीएल में अब तक 144 के स्ट्राइक रेट और 378 रन) और संजू सैमसन (161 के स्ट्राइक रेट से 385 रन) के बीच दूसरे विकेटकीपर के स्थान के लिए अब भी संघर्ष चल रहा है।

इरफान... जिनकी आंखे भी करती थी अभिनय

मुंबई। बॉलीवुड में इरफान खान को ऐसे दमदार अभिनेता के तौर पर याद किया जाता है, जिनकी आंखें भी अभिनय करती थीं। गहरी नशीली आंखे, ठहरी आवाज, वह बॉलीवुड के हीरो की तरह नहीं था लेकिन उसके चुंबकीय व्यक्तित्व में कुछ ऐसा था जो लोगों को बरबस जोड़ लेता सम्मोहित कर लेता। इरफान खान का नाम जेहन में आते ही सबसे पहले उनकी आंखें याद आती हैं। वह एक ऐसे अभिनेता थे, जो बड़ी ही संजीदगी से अपनी आंखों से अभिनय करते थे। इरफान के पिता भी कहते थे कि ये आंखें हैं या प्याला हैं। राजस्थान के जयपुर में इरफान खान का जन्म एक मुस्लिम पठान परिवार में 07 जनवरी 1967 को हुआ था। इरफान खान उन दिनों क्रिकेटर बनना चाह रहे थे। इस बात का खुलासा इरफान ने खुद ही एक इंटरव्यू के दौरान किया था। इरफान खान ने कहा था, एक वक्त था जब मैं क्रिकेट खेलता था। मेरा सेलेक्शन सीके नायडू टूर्नामेंट के लिए हुआ था। उसमें मेरे 26 साथी चुने गए थे जिन्हें एक कैंप में जाना था, लेकिन मैं नहीं जा पाया, क्योंकि कैंप में जाने के लिए मैं पैसे का इंतजाम नहीं कर पाया। मैंने डिसीजन लिया कि क्रिकेट छोड़ देना चाहिए। इरफान खान अभिनेता बनना चाहते थे तो नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में दाखिला ले लिया था। इरफान खान ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत वर्ष 1987 में दूरदर्शन के सीरियल ''श्रीकांत'' से की। कहा जाता था कि इरफान की आंखें दमदार अभिनय करती हैं। हाल ही में हॉलीवुड एक्टर टॉम हैंक्स ने इरफान खान की सराहना करते हुए कहा था कि इरफान की आंखें भी अभिनय करती हैं। 'बीहड़ में तो बागी होते हैं, डकैत मिलते हैं पार्लियामेंट में' इरफान की फिल्म पान सिंह तोमर का ये डायलॉग आज भी लोगों की जुबां पर रहता है। इरफान खान ने अपने करियर के दौरान मकबूल, लंच बॉक्स, हासिल, लाइफ ऑफ पाइ, हिंदी मीडियम, हैदर, पीकू जैसी कई कामयाब फिल्मों में काम किया। 'अंग्रेजी मीडियम' इरफान खान की आखिरी फिल्म थी, जो 2017 में आई उनकी सुपरहिट फिल्म हिंदी मीडियम का सीक्वल थी। इरफान खान ने अपने सिने करियर में ऐसी कई फिल्में की हैं, जो मील का पत्थर साबित हुई। तिग्मांशु धूलिया की फिल्म हासिल के लिए उन्हें बेस्ट विलेनका फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला था। फिल्म पान सिंह तोमर के लिए नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। 2011 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया था। इरफान आज ही के दिन 29 अप्रैल को इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह गए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

मालदीव में भी एमडीएच मसाले प्रतिबंधित

- जांच में मिला एथिलीन ऑक्साइड भारत और अमेरिका में भी जांच कर रहीं एजेंसियां

माले, एजेंसी

हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर के बाद मालदीव ने भी अपने यहां एवरेस्ट और एमडीएच मसालों की बिक्री पर रोक लगा दी है। मालदीव की फूड एंड ड्रग अथॉरिटी (एमएफडीए) ने कहा कि भारत में बनने वाले मसालों के दो ब्रांड्स में एथिलीन ऑक्साइड पाया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मालदीव सरकार अभी तक इन मसालों से होने वाले जोखिम का मूल्यांकन कर रही थी।

एमएफडीए ने कहा कि ये मसाले मालदीव में बड़ी मात्रा में आयात किए जाते हैं। बता दें, इस महीने की शुरुआत में हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर की सरकारों ने एमडीएच और एवरेस्ट मसालों में 'कीटनाशक' बनाने वाले केमिकल होने का आरोप लगाकर मद्रास करी पाउडर, एवरेस्ट फिश करी मसाला, एमडीएच सांभर मसाला मिक्स और एमडीएच करी पाउडर मिक्स मसालों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था।

रिपोर्ट्स आने के बाद भारत सरकार ने भी इनके प्रोडक्ट्स की जांच शुरू कर दी है। वहीं, अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) भी कंपनी के मसालों की जांच कर रहा है। एफडीए के प्रवक्ता ने बताया, एफडीए को इन रिपोर्ट्स की जानकारी है और वह स्थिति के बारे में अतिरिक्त जानकारी जुटा रहा है। बता दें कंपनी ने सभी आरोपों को खारिज कर दिया है।

भारतीय कंपनी बोली-झूठे और निराधार आरोप

एमडीएच ने अपने प्रोडक्ट्स में कीटनाशक होने के आरोपों को खारिज किया करते हुए कहा कि ये दावे झूठे और निराधार हैं और इनके कोई ठोस सबूत नहीं है। एमडीएच ने कहा, 'हमारे प्रोडक्ट्स में एथिलीन ऑक्साइड होने के आरोप सही नहीं है। इसके अलावा, कंपनी को सिंगापुर या हॉन्गकॉन्ग के रेगुलेटरी अधिकारियों की ओर से कोई मैसेज नहीं मिला है।

देश के कई हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी, जांच जारी

नई दिल्ली। देशभर में लोकसभा चुनाव का महापर्व चल रहा है, ऐसे में सोमवार को देश के कई बड़े हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सोमवार को एक ई-मेल के जरिए ये दावा किया गया कि जयपुर, गोवा, भोपाल और नागपुर के हवाई अड्डों पर बम रखे गए हैं। ये खबर मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सोमवार को एक ई-मेल मिला, जिसमें यह दावा किया गया कि जयपुर और गोवा समेत देश के कई हवाई अड्डों पर बम रखे गए हैं। जैसे ही इसकी जानकारी मिली तो प्रशासन में हड़कंप मच गया और सुरक्षाबलों को अलर्ट कर दिया गया। सभी हवाई अड्डों की गहन जांच की जा रही है। हावाई अड्डों पर अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

सूर्य की तपिश से ऑक्सीजन निगल रही है वनाग्नि

575 आग लगने की घटनाएं हुईं नवंबर से अब तक उत्तराखंड में

690 हेक्टेयर जंगल प्रभावित हुए इससे, 14 लाख से ज्यादा का नुकसान

भारत में जंगलों में आग लगने की घटनाएं काफी आम है। अधिकतर जंगलों में आग लगने की घटनाएं नवंबर से जून के बीच अधिक सामने आती है। तापमान, वर्षा, वनस्पति और नमी जैसे कई कारक आग लगने की घटना के लिए जिम्मेदार हो सकते है। विशेषज्ञों के अनुसार, तीन कारक जंगल की आग के फैलने का कारण बनते हैं- ईंधन भार, ऑक्सीजन और तापमान। सूखी पत्तियां जंगल की आग का ईंधन होती हैं। भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई) की वेबसाइट बताती है कि भारत के लगभग 36 प्रतिशत जंगलों में अक्सर आग लगने का खतरा रहता है।

- उत्तराखंड में प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नैनीताल के जंगल में लगी आग चौथे दिन रविवार को भी जारी रही। वायुसेना ने भीमताल झील से पानी लेकर आग बुझाई। इस अभियान में अब एनडीआरएफ भी मदद कर रही है। रविवार को कई इलाकों में आग बुझा दी गई। हालांकि नैनीताल में दो से तीन जगह और चंपावत, अल्मोड़ा, पिथौड़ागढ़ व बागेश्वर में एक-एक जगह आग धधक रही है। पिछले 24 घंटों में जंगल में आग की कुल 8 घटनाएं हुई हैं।

क्यों भड़की आग

लंबे समय से बारिश नहीं होने और मौसम शुष्क रहने से जंगल की घासफूस और सूखी झाड़ियां आग के लिए ईंधन की तरह हैं। चीड़ के जंगल इसमें पेट्रोल का काम कर रहे हैं। यों तो नैनीताल में चार दिनों से जंगलों में आग लगी हुई थी, लेकिन हवाएं तेज चलने से ये और भड़क गई।

कहां-कहां फैली

नैनीताल जिले के भूमियाधर, ज्योलिकोट, नारायण नगर, भवाली, रामगढ़ और मुक्तेश्वर इलाकों के जंगलों में आग बुरी तरह भड़की, जहां वायुसेना के हेलिकॉप्टर ने पानी की बौछारें छोड़ीं। पहले हेलिकॉप्टर को नैनी झील से पानी लेना था, इसके लिए थोड़ी देर के लिए इस झील में नौकायन रोकना पड़ा, लेकिन बाद में हेलिकॉप्टर ने भीम ताल से पानी लेने का फैसला किया।

एक नजर

केन्या में भारी बारिश के बीच बांध टूटा, 45 की मौत, कई लोग लापता

नैरोबी (केन्या) केन्या में भारी बारिश के बाद नैरोबी के पास एक बांध टूट गया, जिससे करीब 45 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई अन्य अभी भी लापता हैं। नाइवाशा पुलिस कमांडर स्टीफन किरुई ने कहा कि पुलिस ने सोमवार को मलबे से 45 शव बरामद किए। नैरोबी से लगभग 60 किलोमीटर उत्तर में माई माहिउ क्षेत्र में एक बड़ा खोज और बचाव अभियान जारी है। हताहतों की संख्या बढ़ सकती है, जो कई लोग अभी भी लापता हैं। किरुई ने कहा कि हादसे के बाद 100 से अधिक लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया।

ब्रिटेनः संग्रहालय बोर्ड में फिर से नियुक्त हुए भारतवंशी शिक्षाविद

लंदन। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने पर्यावरणीय विज्ञान के क्षेत्र में भारतीय मूल के प्रतिष्ठित शिक्षाविद को लंदन के नेचुरल हिस्ट्री म्यूजियम बोर्ड में फिर से नियुक्त किया है। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर यादविंदर माल्ही को चार साल के दूसरे कार्यकाल के लिए आधिकारिक रूप से इस महीने फिर से नियुक्त किया गया। प्रोफेसर माल्ही अवैतनिक सलाहकार की भूमिका में प्राकृतिक संरक्षण में संस्था की भूमिका की देखरेख करेंगे। उन्होंने कहा, मैं नेचुरल हिस्ट्री म्यूजियम बोर्ड में अगले चार वर्ष तक के लिए सेवा करने का मौका पाकर बहुत प्रसन्न हूं। मेरा लक्ष्य इस अद्भुत, सम्मानित और बहुचर्चित संस्थान को इसके अनुसंधान और लोक और नीतिगत जुड़ाव में समर्थन देना है।

स्कॉटलैंड के पहले मुस्लिम मंत्री हमजा यूसुफ का इस्तीफा

स्कॉटलैंड। मार्च 2023 में स्कॉटलैंड के पहले मुस्लिम मंत्री के रूप में पदभार संभालने वाले पाकिस्तानी मूल के हमजा यूसुफ ने स्कॉटिश नेशनल पार्टी (एसएनपी) के नेतृत्व वाली सरकार से इस्तीफा दे दिया। बता दें कि पार्टी के अंदरखाने कई दिनों से उथल-पुथल चल रही थी। 39 वर्षीय यूसुफ ने बढ़ते नीतिगत मतभेदों के बीच पिछले सप्ताह स्कॉटिश ग्रीन पार्टी (एसजीपी) के साथ गठबंधन भी समाप्त कर दिया था। इस तरह से अल्पमत वाली एसएनपी सरकार पर संकट के बादल मंडराने लगे थे।

26 हजार नियुक्ति रद करने पर हाईकोर्ट के फैसले को ममता सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दी थी चुनौती

शिक्षक भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

कलकत्ता हाईर्ट के एक फैसले पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। सर्वोच्च अदालत ने उस फैसले पर रोक लगाई है, जिसमें उच्च न्यायालय ने शिक्षक भर्ती घोटाले में पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों की भूमिका की जांच के लिए सीबीआई को निर्देश दिया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्तियों को रद करने के फैसले पर फिलहाल कोई रोक नहीं लगाई है।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई की। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। बंगाल सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी, जिसमें उच्च न्यायालय ने राज्य संचालित और राज्य सहायता प्राप्त स्कूलों में स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) द्वारा की गई 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य कर दिया था। पीठ अब इस मामले की सुनवाई छह मई को करेगी।

हालांकि, सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि हम कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगाते हैं, जिसमें सीबीआई को राज्य सरकार के अधिकारियों के खिलाफ जांच करने के आदेश दिए गए थे। हाईकोर्ट ने नियुक्तियां अमान्य करते हुए कहा था कि जिन लोगों को एसएससी पैनल की समाप्ति के बाद नौकरी मिली, उन्हें जनता के पैसे से भुगतान किया गया। सभी को चार सप्ताह के अंदर ब्याज सहित वेतन लौटाना होगा। सभी को 12 फीसदी सालाना ब्याज के साथ पैसा लौटाना होगा। नए लोगों को नौकरी मिलेगी। हाई कोर्ट ने 15 दिनों के अंदर अंदर प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। ममता बनर्जी ने हाल ही में हाईकोर्ट के फैसले को अवैध बताया। उन्होंने कहा कि हम उन लोगों के साथ खड़े हैं, जिनकी नौकरियां चली गईं हैं। बनर्जी ने भाजपा पर आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल द्वारा न्यायपालिका के निर्णयों को प्रभावित करने का काम किया जा रहा है।

संदेशखालिः आरोपी का बचाव क्यो कर रही है सरकार

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल से जुड़े एक और मामले में सुनवाई की। इस दौरान अदालत ने बंगाल सरकार से पूछा कि संदेशखालि मामले में कुछ निजी व्यक्तियों के हितों की रक्षा के लिए राज्य सरकार को याचिकाकर्ता के रूप में सर्वोच्च अदालत क्यों आना पड़ा। सुनवाई के दौरान, अदालत ने पूछा कि उच्च न्यायालय के फैसले से आरोपी परेशान हो, ये समझ आता है लेकिन राज्य सरकार क्यों परेशान हो रही है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय पीठ बंगाल सरकार की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। राज्य सरकार ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के 10 अप्रैल वाले उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें महिलाओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोपों की सीबीआई जांच के निर्देश दिए गए थे। पीठ में न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता शामिल थे। पीठ के सवाल का जवाब देते हुए राज्य की ओर से पेश वकील ने कहा कि वे उच्च न्यायालय के आदेश में की गई कुछ टिप्पणियों से परेशान हैं। वकील ने बताया कि आदेश में राज्य सरकार के बारे में कुछ टिप्पणियां की गई हैं, जो अनुचित है। जबकि राज्य सरकार ने मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की है।

सीए परीक्षाएं स्थगित करने वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को लोकसभा चुनावों के कारण मई में होने वाली चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) परीक्षाओं के कुछ पेपर स्थगित करने की मांग वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने चुनाव की तारीखों पर परीक्षा तय नहीं की है। इसमें कहा गया है कि लोकसभा के आम चुनाव 7 और 13 मई को होने हैं और 6 मई और 12 मई को कोई परीक्षा निर्धारित नहीं की गई है। इसमें कहा गया है कि परीक्षा की तारीख में बदलाव करने से परीक्षा के संचालन के लिए पहले से मौजूद व्यापक व्यवस्थाएं बाधित होंगी।

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की याचिका पर ईडी को सुप्रीम नोटिस

नई दिल्ली। हेमंत सोरेन की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने ईडी (ईडी) को नोटिस जारी किया है। मामले में अगली सुनवाई 6 मई को होगी। हाई कोर्ट द्वारा ईडी गिरफ्तारी के खिलाफ दाखिल याचिका पर फैसला सुनाए जाने में देरी को लेकर हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई है। ईडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था। उन पर रांची के बड़गाई अंचल की 8.86 एकड़ जमीन घोटाले के मामले में धन शोधन यानी मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। अपनी गिरफ्तारी के 75 दिनों बाद यानी कि 16 अप्रैल को हेमंत सोरेन ने जमानत याचिका दायर की थी। फिलहाल वह रांची के होटवार जेल में बंद हैं।

रवांडा भेजने के लिए प्रवासियों को पकड़ने में लगी ब्रिटेन सरकार

- शरणार्थियों को हिरासत में लेकर डिटेंशन सेंटरों में ले जाया जा रहा

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन में सोमवार से अवैध प्रवासियों को रवांडा भेजने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। ब्रिटिश मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गृह मंत्रालय दो हफ्ते तक चलाए जाने वाले इस अभियान में अवैध शरणार्थियों को देशभर से हिरासत में लेकर डिटेंशन सेंटरों में ले जाया जा रहा है। देशभर में ऐसे सेंटरों की संख्या बढ़ाकर दो हजार से अधिक हो गई है।

एक रिपोर्ट के अनुसार कुछ शरणार्थी पहले से ही डिटेंशन सेंटर में हैं और उन्हें रवांडा भेजने के लिए चिह्नित भी किया जा चुका है। बता दें, इंग्लैंड में स्थानीय काउंसिल चुनाव के चलते ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने जल्दी में कार्रवाई की है। पिछले सप्ताह सुनक ने कहा था कि रवांडा के लिए पहली उड़ानें 10 से 12 हफ्ते में रवाना होंगी। ब्रिटेन से रवांडा भेजे जाने वाले लोगों में 5 हजार भारतीय भी शामिल हैं। ये लोग 1 जनवरी 2022 अवैध रूप से ब्रिटेन पहुंचे हैं। इंटरनेशनल रेस्क्यू कमेटी की निदेशक डेनिसा डेलिक ने कहा कि, रवांडा में शरणार्थियों को भेजना क्रूर और महंगा है।

बाइडन ने प्यूर्टो रिको में पार्टी का प्राइमरी चुनाव जीता



वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को प्यूअर्टो रिको में डेमोक्रेट पार्टी के आंतरिक चुनाव में जीत हासिल की। रविवार को प्यूअर्टो रिको के डेमोक्रेटिक ने 65 में से 36 प्रतिनिधियों का चयन किया, जिसे उन्हें (प्यूअर्टो रिको) अगस्त के अंत में शिकागो में होने वाले राष्ट्रीय लोकतांत्रिक सम्मेलन में भेजना है। बता दें कि प्यूअर्टो रिको के अमेरिकी नागरिकों को राष्ट्रपति चुनाव में मतदान करने का अधिकार नहीं है। इस साल की शुरुआत में प्यूअर्टो रिको की डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष चार्ली रॉड्रिग्ज ने बताया था कि वह यहां के नागरिकों के लिए नवंबर में एक प्रतीकात्मक राष्ट्रपति चुनाव आयोजित करने की योजना बना रहे हैं।

बर्फ ने किया चक्का जाम

अनंतनाग : पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग, मुगल रोड, किश्तवाड़, डोडा समेत सभी उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी व कई निचले क्षेत्रों में वर्षा का सिलसिला सोमवार को जारी रहा। जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर रामबन जिला में कई जगह पहाड़ से पत्थर गिरने व भूस्खलन होने से यातायात कई बार रोकना पड़ा। इससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर लंबा जाम भी लगा रहा। कई जगह हिमपात, हिमस्खलन और भूस्खलन से वाहन फंसे रहे। मैदानी क्षेत्रों में भीषण गर्मी से अधिकतर सैलानी पहाड़ी हिस्सा का रुख कर रहे हैं, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है। ● एजेंसी

पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश में शामिल थे रॉ के अधिकारी

वाशिंगटन, एजेंसी। खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश के मामले में अमेरिकी मीडिया ने भारत की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) पर आरोप लगाया गया है। वाशिंगटन पोस्ट ने अपनी एक रिपोर्ट में रॉ के एक अधिकारी विक्रम यादव पर पन्नू की हत्या के प्रयास में शामिल होने की बात कही है। पोस्ट ने दावा किया है कि विक्रम यादव ने पन्नू को अपने प्राथमिक टारगेट की लिस्ट में रखा था और उसकी हत्या के लिए शूटर की टीम को चुना था। यादव ने पन्नू के बारे में जानकारी भी हिट टीम को भेजी थी।

रिपोर्ट में अज्ञात पूर्व अमेरिकी और भारतीय सुरक्षा अधिकारियों के हवाले से दावा किया गया है कि यादव ने पन्नू के न्यूयॉर्क स्थित आवास का पता समेत, संपर्क की जानकारी संभावित हत्यारों को भेजी थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि यादव ने हत्यारों की टीम से कहा था कि जैसे ही यह पुष्टि होगी कि अमेरिकी नागरिक पन्नू घर पर है, हमारी तरफ से अगला कदम बढ़ाया जाएगा।

छीने गए जनादेश व इमरान की रिहाई के लिए ट्रेन मार्च

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेताओं ने रविवार को सुक्कूर में ट्रेन मार्च का आयोजन किया। पार्टी ने अपने संस्थापक एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई के साथ ही 'छीने गए जनादेश' की बहाली के लिए संघर्ष तेज करने पर जोर दिया है।

सैकड़ों पीटीआई कार्यकर्ता और समर्थक ट्रेन मार्च में शामिल होने के लिए कराची, मीरपुरखास, नवाबशाह और मार्ग में पड़ने वाले सभी स्टेशनों से अवाम एक्सप्रेस में सवार हुए। सैकड़ों अन्य हर स्टेशन पर मार्च का स्वागत करने के लिए खड़े थे। मीडिया के अनुसार, ट्रेन मार्च में पुरुष एवं महिलाएं भाग ले रही हैं। लांधी स्टेशन से सुबह ट्रेन में सभी सवार हुए। ट्रेन रवाना होने से पहले मार्च में भाग ले रहे लोगों को संबोधित करते हुए पीटीआई नेता बैरिस्टर शोएब शाहीन एवं सिंध चैप्टर के अध्यक्ष हलीम आदिल शेख ने इस बात पर जोर दिया कि लक्ष्य हासिल होने तक उनका देशव्यापी संघर्ष जारी रहेगा।

पाकिस्तान में गेहूं पर बवाल, 200 किसान गिरफ्तार, सरकार मौन

लाहौर। आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान में गेहूं की खरीदारी के लिए सरकार ने हाथ खड़े कर दिए हैं। पंजाब की पुलिस ने गेहूं खरीद संकट के बीच सोमवार को प्रदर्शनकारी किसानों पर लाठीचार्ज किया और लाहौर में 200 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। गेहूं की बंपर पैदावार के बाद, किसान शिकायत कर रहे हैं कि सूबे की मरयम नवाज सरकार गेहूं नहीं खरीद रही है और आटा मिलें निर्धारित समर्थन मूल्य से कम दरों की पेशकश कर रही हैं। किसान इतेहाद' के प्रवक्ता मियां उमेर ने बताया, बड़ी संख्या में किसान धरना देने के लिए लाहौर में पंजाब विधानसभा की ओर जा रहे थे, तो पुलिस ने 200 से अधिक किसानों को गिरफ्तार कर लिया।

अरब सागर में नौका से 60 करोड़ की ड्रग्स बरामद, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली। भारतीय तटरक्षक बल ने ड्रग्स तस्करों के खिलाफ दो दिनों तक चले संयुक्त अभियान में अरब सागर में एक मछली पकड़ने वाली नाव से 60 करोड़ रुपये की ड्रग्स के साथ दो को गिरफ्तार किया है।

तटरक्षक बल ने गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) से विश्वसनीय खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए अरब सागर में संदिग्ध नौका की पहचान कर रोक लिया और जांच शुरू कर दी। मछली पकड़ने वाली नाव से लगभग 173 किलोग्राम ड्रग्स और महाराष्ट्र के रहने वाले मंगेश तुकाराम आरोटे उर्फ साहू और हरिदास कुलाल उर्फ पुरी को गिरफ्तार किया है। तटरक्षक बल ने आगे की पूछताछ के लिए गुजरात एटीएस और एनसीबी को सौंप दिया गया है।

लाल सागर में हूती विद्रोहियों ने फिर दागीं ताबड़तोड़ मिसाइल

सना, एजेंसी

यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में सोमवार को एक जहाज को निशाना बनाकर मिसाइल से हमला किया। हमले से एक तेल टैंकर क्षति पहुंची है और एक अमेरिकी एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यमन के सादा गवर्नरेट के हवाई क्षेत्र में शत्रुतापूर्ण मिशनों का संचालन करते समय हमला किया गया और अमेरिकी ड्रोन को मार गिराया।

ब्रिटेन की सेना की 'यूनाइटेड किंगडम मेरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर' (यूकेएमटीओ) ने कहा, माल्टा का ध्वज लगे कंटेनगर पोत पर मोखा के तटीय क्षेत्र में तीन मिसाइलें दागीं है, जो जिबूती से सऊदी अरब जा रहा था। पोत में सवार चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। घटना में अमेरिकी सेना ने अभी तक इस कोई टिप्पणी नहीं की है। बता दें, हूती ने तत्काल हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है,लेकिन शक उनपर ही है।

बाइडन-नेतन्याहू के बीच फोन पर हुई बातचीत

तेल अवीव। व्हाइट हाउस ने रविवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ फिर से फोन पर बात की है, क्योंकि इजरायल और हमास पर एक समझौते पर पहुंचने का दबाव बढ़ रहा है, जो कुछ इजराइली बंधकों को मुक्त करेगा और गाजा में लगभग सात महीने से चल रहे युद्ध पर संघर्ष विराम लगाएगा। व्हाइट हाउस ने कहा कि बाइडन ने अपना साफ रुख दोहराया है, क्योंकि वैश्विक चिंता के बावजूद इजरायल ने गाजा के सबसे दक्षिणी शहर रफा पर वहां शरण लिए हुए 1 मिलियन से अधिक मौजूद होने पर भी आक्रमण करने की योजना बनाई है।

तमिलनाडु में अब तक 1309 करोड़ की नकदी व सोना जब्त

चेन्नई। तमिलनाडु में चुनाव आयोग और आयकर विभाग के अधिकारियों ने आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 1309.52 करोड़ की नकदी, शराब, बहुमूल्य धातुएं एवं अन्य मुफ्त में वितरित किए जाने वाला सामान जब्त किया है।

तमिलनाडु के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सत्यब्रत साहू ने बताया कि कुल राशि में से 179.91 करोड़ की नकदी और 1083.78 करोड़ रुपये की कीमती धातुएं जब्त की गईं हैं। इसके साथ ही 8.65 करोड़ रुपये की शराब, 1.36 करोड़ के मादक पदार्थ और 35.8 करोड़ रुपये की मुफ्त में बांटी जाने वाले सामग्री भी जब्त की गई है। वहीं, तेलंगाना में भी अब तक 202.52 करोड़ की नकदी, शराब, सोना और अन्य सामान जब्त किया जा चुका है। 76.65 करोड़ की नकदी, 29.62 करोड़ मूल्य का सोना, चांदी और अन्य कीमती बहुमूल्य धातुएं है।

विज्ञान यूरोपीय इंटीग्रल अंतरिक्ष वेधशाला के वैज्ञानिकों ने घटना के एक साल बाद किया खुलासा

पहली बार हुई दुर्लभ मैग्नेटार विस्फोट की खोज

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : वैज्ञानिकों ने दूर की आकाशगंगा में पहली बार दुर्लभ विशाल मैग्नेटार विस्फोट की खोज की है। इस तरह के महाविस्फोट हमारी आकाशगंगा में सिर्फ तीन बार ही देखे गए हैं। मैग्नेटार बहुत अधिक शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र वाले तारे होते हैं।

यूरोपीय इंटीग्रल अंतरिक्ष वेधशाला के वैज्ञानिकों ने की खोज में बताया है कि, इस महा विस्फोट को 15 मई 2023 को देखा गया था। करीब एक साल बाद इस घटना का खुलासा हो पाया है। यह मैग्नेटार विस्फोट आकाशगंगा एम 82 में हुआ है। जब पहली बार इस घटना को देखा तो वैज्ञानिकों के लिए इस विस्फोट का रहस्य समझ से परे था। वैज्ञानिक इतना संमझ पाए थे कि सुदूर की आकाशगंगा में उत्पन्न यह विस्फोट का प्रकाश दुर्लभ है। इससे पहले कभी इस तरह की घटना नही देखी गई थी। जिसे समझने के लिए खगोल वैज्ञानिकों को गहन शोध करना पड़ा। यह विशाल मैग्नेटर विस्फोट पृथ्वी से केवल 12 मिलियन प्रकाश वर्ष की दूरी पर हुआ था। इस विस्फोट की सच्चाई जानने के लिए यूरोपीय देशों के कई वैज्ञानिकों जुटे। तब पता चला कि यह मैग्नेटार का विस्फोट है। मैग्नेटार अत्यंत शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र वाले युवा न्यूट्रॉन तारे हैं। इनका चुंबकीय क्षेत्र सामान्य न्यूट्रॉन तारे से लगभग 10,000 गुना अधिक शक्तिशाली होता है और पृथ्वी से लगभग एक खरब गुना अधिक माना जाता है। पिछले 50 वर्षों में हमारी अपनी आकाशगंगा में केवल तीन ऐसी विशाल खगोलीय घटनाओं की पहचान की गई है और अब हमारे पास हमारी आकाशगंगा के बाहर से पुष्टि की गई ये पहली घटना है। इटली के नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एस्ट्रोफिजिक्स (आईएनएएफ-आईएएसएफ) के वैज्ञानिक सैंड्रो मेरेगेटी के नेतृत्व में यह खोज हुई।



मैग्नेटार तारे के चुम्बकीय क्षेत्र की प्रतीकात्मक तस्वीर।

2004 में देखा गया था मैग्नेटार विस्फोट

हमारी अपनी आकाशगंगा में 2004 में मैग्नेटार विस्फोट देखा गया था। यह विस्फोट पृथ्वी से 30 हजार प्रकाश वर्ष दूर हुआ था। यह इतना शक्तिशाली था कि इसका प्रभाव पृथ्वी के ऊपरी वायुमंडल पर भी पड़ा था। मैग्नेटार विस्फोट बेहद खतरनाक होते हैं, जो अपने नजदीकी तारों समेत ग्रहों को नष्ट करने की शक्ति रखते हैं।